राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 287
लखनऊ, शुक्रवार 19 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीडीओ ने सप्ताहिक बैठक कर की विकास कार्यों की समीक्षा 10

लखनऊ की समृद्ध व्यंजन विरासत को दुनिया के सामने ला रहा उत्तर प्रदेश : जयवीर 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,660/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,200/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,280/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



# अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर

**अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए 60 दिन का युद्ध विराम लागू**

**एजेंसी, एवियन (फ्रांस)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध विराम को 60 दिन तक बढ़ाने के लिए गुरुवार को एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते का उद्देश्य ईरान-अमेरिका टकराव के चलते बंद पड़े महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार मार्ग को खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांस के वर्साय शहर में ऐतिहासिक वर्साय महल में और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने तेहरान में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारतीय समय के अनुसार आज सुबह पांच बजे से प्रभावी माना गया है।

वर्साय पैलेस में हस्ताक्षर समारोह का आयोजन श्री ट्रम्प के सम्मान में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा आयोजित रात्रि-भोज के ठीक पहले किया गया था। दोनों पक्षों ने इसे युद्ध को खत्म करने की दिशा में पहला बड़ा कदम बताया है। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक वीडियो में श्री ट्रंप फारसी भाषा के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए दिख रहे हैं। हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने कलम विदेश मंत्री मार्को रुबियो को थमा दी और निर्देश दिया कि इसे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को सौंप दिया जाए ताकि वे भी इस पर हस्ताक्षर कर सकें। वहां मौजूद लोगों ने इस समझौते पर ताली बजाकर श्री ट्रंप का स्वागत किया। इसके कुछ ही समय बाद तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने भी इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि श्री पेजेशकियन ने इस समझौते पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए हैं।



### होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को फिर से खोलेगा ईरान

प्रारंभिक समझौते में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को फिर से खोलेगा। सहमति पत्र में ईरान में सुधार और आर्थिक स्थिरता के लिए 300 अरब डॉलर की पुनर्निर्माण एवं विकास योजना का भी प्रस्ताव है। अमेरिका ईरान पर लगाये गये सभी प्रतिबंधों को खत्म करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। इसे लागू करने का ब्योरा तय किया जाएगा।

### हस्ताक्षर के साथ ही समझौता तुरंत लागू : शहबाज

अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हस्ताक्षर करने के साथ ही यह समझौता तुरंत लागू हो गया है। इस्लामाबाद समझौते के नाम से जाने जाने वाले इस समझौते पर दोनों पक्षों की महीनों की प्रत्यक्ष और परोक्ष बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गये हैं। इसके जरिए शांति बहाली के लिए एक व्यापक खाका तैयार किया गया है।दोनों देश अगले 60 दिनों में इस व्यवस्था को ठोस रूप देने की कोशिश करेंगे। वर्साय का यह समारोह महीनों के तनाव और संघर्ष के बाद कूटनीति और बातचीत की सफलता का बड़ा अवसर रहा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और पश्चिम एशिया में सशस्त्र गुटों को ईरान के समर्थन से उत्पन्न विवाद ने 28 फरवरी युद्ध का रूप ले लिया। युद्ध के पहले दिन अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडरों की मृत्यु हो गयी। यह युद्ध तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया तथा होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग बंद हो गया जो कि दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और गैस के व्यापार का रास्ता है। इस लड़ाई से तेल बाजार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भारी असर पहुंचा है। इसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ी है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने इस हस्ताक्षर को इस वर्ष की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलताओं में से एक बताया, जिसने दशकों से दुश्मन रहे दो देशों के प्रतिनिधियों को एक साथ ला खड़ा किया।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा व जनहित के मूल सिद्धांतों पर होना चाहिए : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों के सामने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में भारत के मानव विजन का उल्लेख करते हुए कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस यात्रा पर गये श्री मोदी ने बुधवार रात फ्रांस के एवियन में इंश्योरिंग ए सेफ, रैपिड एंड एफिशिएंट रोल आउट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित आउटरीच सत्र को संबोधित किया।

श्री मोदी ने कहा कि एआई एक परिवर्तनकारी शक्ति है जिसमें मानव सभ्यता की दिशा को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, लेकिन इसे लोगों को सशक्त बनाने वाला भी होना चाहिए। उन्होंने विस्तार से बताया कि इसी व्यापक सोच के साथ भारत ने हाल ही में एआइ इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की थी। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए भारत के मानव विजन को रेखांकित किया, जो इस बात पर जोर देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा साइबरस्पेस को एक वैश्विक सार्वजनिक संपत्ति के रूप में देखा है और लोकतांत्रिक देशों की ऐसी एआई मॉडल तक पहुंच होनी चाहिए जो उनके महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे को सुरक्षित कर सकें और उन्हें साइबर खतरों से निपटने में मदद कर सकें। उन्होंने एआई विकास के लिए एकीकृत दृष्टिकोण का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जायद दलहन खरीद अवधि 30 जून तक बढ़ी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के किसानों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केंद्र सरकार ने प्रदेश में जायद दलहन फसलों की खरीद अवधि को बढ़ाकर 30 जून, 2026 तक करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे प्रदेश के हजारों किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा।

### टेलीग्राम से फैल रहा अवैध कंटेंट, अपराधियों को ट्रैक करना मुश्किल

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी विवाद को लेकर केंद्र सरकार ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम अब एक नया डार्क वेब बन गया है, जिससे अधिकारियों के लिए अपराधियों को ट्रैक और पहचानना मुश्किल हो गया है। 21 जून को होने वाले नीट-यूजी रीटेस्ट से पहले ऐप तक पहुंच को कुछ समय के लिए रोकने के सरकार के कदम को चुनौती देने वाली टेलीग्राम की याचिका के जवाब में दायर एक हलफ़नामे में, सरकार ने जवाब दिया कि उस चैनल का साइज ही टेलीग्राम की गैर-कानूनी परीक्षा से जुड़े कंटेंट को बड़े पैमाने पर फैलाने की क्षमता को दिखाता है। बार एंड बेंच के मुताबिक, जवाबी हलफनामे में लिखा है, टेलीग्राम नया डार्क वेब बन गया है, जो थ्रेट एक्टर्स को जोड़ता है। अपराधियों ने डीप वेब लिंक के जरिए डार्क वेब फ़ोरम से जुड़ने वाले चैनलों पर लिंक पोस्ट करने के लिए तेजी से टेलीग्राम को अपनाया है, जिससे अधिकारियों के लिए अपराधियों को ट्रैक करना और पहचानना मुश्किल हो गया है।

### स्कूलों पर यूपी बोर्ड का शिकंजा, 465 की मान्यता खत्म

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (उप्र बोर्ड) ने 2024-25 और 2025-26 के दौरान किसी छात्र के परीक्षा में शामिल नहीं होने या कक्षाएं संचालित नहीं किए जाने के आधार पर प्रदेशभर में 465 विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी है। उप्र बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम-1921 के अधीन निर्मित परिषद विनियमों के तहत मान्यता प्राप्त किसी विद्यालय से लगातार दो वर्ष तक कोई छात्र परीक्षा में शामिल नहीं होते या कक्षाएं संचालित नहीं होती तो विद्यालय को मिली मान्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 465 विद्यालयों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है। इस बारे में विद्यालयों को सूचित कर दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक एवं संचालकों को इस नियम की भलीभांति जानकारी है। इसके साथ बच्चों के अभिभावक मान्यता रद्द विद्यालयों में बच्चों का प्रवेश दिलाने में सावधानी बरतें। मान्यता रद्द विद्यालयों की बोर्ड द्वारा जारी सूची में आगरा के 12 विद्यालय, फिरोजाबाद के 10, मथुरा के 11, अलीगढ़ के 14, लखनऊ के 14, कानपुर नगर के 20 और प्रयागराज के 25 विद्यालय समेत अन्य शामिल हैं।

### पंजाब में सीमा पार से हथियार तस्करी का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हथियार तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके आठ तस्करों को 11 आधुनिक पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के गांव अटारी निवासी गुलाबजीत सिंह उर्फ प्रिंस (21) और हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत (23), गुरदासपुर के गांव हरदोवाल, कलानौर निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (24), अमृतसर के गांव रणियां निवासी कुलजीत सिंह (39) और शमशेर सिंह उर्फ शेरा (40), अमृतसर के गांव छेहरटा निवासी अमन राणा उर्फ चीनी (20), अमृतसर के गांव किरलगढ़ निवासी शरणजीत सिंह उर्फ सनी (29) और तरनतारन के गांव मालिया के रहने वाले अजय सिंह (23) को गिरफ्तार किया गया है।

# सीएम ने उन्नाव को दी 570 करोड़ की सौगात

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए दोनों दलों को भ्रष्ट बताया और आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने केवल अपने-अपने परिवारों के हित में काम किया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उन्नाव में 570 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 101 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए ने कहा कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्य पहले की सरकारों के लंबे कार्यकाल में नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकारों को यह काम करने से किसने रोका? उनमें क्षमता नहीं थी। वे अक्षम और भ्रष्ट थे। उन्होंने केवल अपने परिवारों के बारे में सोचा, गरीबों के बारे में नहीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए गरीबों का मतलब नेहरू-गांधी परिवार है, जबकि सपा के लिए गरीबों का मतलब सैफई परिवार तक सीमित रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वे किसी के बारे में नहीं सोच सकते। योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर गरीबों की आवाज दबाने और अपराधियों व माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के दौरान कथित माफिया प्रभाव इतना बढ़ गया था कि राज्य में भय का माहौल था। उन्होंने रामायण के पात्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब मैं इन राज्य-संरक्षित माफ़ियाओं को देखता हूं, तो मुझे खर, दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे पात्र याद आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के नेता गरीबों के बजाय माफियाओं के लिए चिंता जताते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने युवाओं, किसानों और महिलाओं के हितों की अनदेखी की है। उन्होंने दावा किया कि आज उत्तर प्रदेश विकास और विरासत दोनों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और अब राज्य भ्रष्टाचार और अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा।



**सीएम ने सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना**

### उन्नाव को कभी पिछड़ने नहीं देंगे

सीएम योगी ने कहा कि स्वामी साक्षी महाराज जी कहते थे कि लखनऊ व कानपुर के बीच उन्नाव खुद को उपेक्षित महसूस करता है। तब मैंने कहा था कि विकास की हर योजना उन्नाव में भी आएगी। आज उन्नाव की कनेक्टिविटी हर तरफ से फोरलेन की हो गई है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए उन्नाववासी लखनऊ को बाईपास कर सीधे दिल्ली, प्रयागराज जा सकते हैं। कानपुर के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। उन्नाव व कानपुर की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी में अतिरिक्त ब्रिज की मांग भी पूरी की गई। हम उन्नाव को पिछड़ने नहीं देंगे। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर व गंगा एक्सप्रेसवे पर इंडस्ट्रियल कलस्टर विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण हो चुका है। डिफेंस कॉरिडोर के लिए लगभग 700 एकड़ लैंड और लगभग 200 एकड़ लैंड इंडस्ट्री कलस्टर के लिए उन्नाव जनपद के लिए तैयार है। उद्योग लगने से स्थानीय नौजवानों को यहीं रोजगार प्राप्त होगा।

# शाह से मिले सर्जियो गोर, आतंकवाद व नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने पर हुई बात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

फ्रांस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने विशेष रूप से आतंकवाद तथा नशील पदार्थों की तस्करी से निपटने के मुद्दों पर बात की।

श्री गोर श्री ट्रंप और श्री मोदी की मुलाकात के दौरान बुधवार रात फ्रांस के शहर एवियन में ही थे और वहा से सीधे यहां आये हैं। श्री शाह ने श्री गोर के साथ मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुलाकात की जानकारी दी। दोनों ने विशेष रूप से सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह मंत्री ने कहा कि आज नई दिल्ली में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि दोनों देशों के लोगों को इस द्विपक्षीय रिश्ते का लाभ मिले। श्री गोर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद से निपटने, अपने लोगों को नशीले पदार्थों और अवैध ड्रग्स से बचाने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने और दोनों देशों में अपराधियों को सज़ा दिलाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की। अमेरिका और भारत के अधिकारी नियमित रूप से सीमाओं को सुरक्षित करने, अपराधियों को सजा दिलाने और युवाओं को नशीली दवाओं से बचाने के लिए रणनीतिक बैठकें करते रहे हैं।



**सीमाओं को सुरक्षित करने व अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर की सार्थक चर्चा**

# तटरक्षक बल के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल

**एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय तटरक्षक की क्षमताओं को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को देश के पहले स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) को समुद्री बेड़े में शामिल किया गया। भारतीय तटरक्षक फ्लीट में एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिहाज से अहम है। कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक के वरिष्ठ अधिकारियों और शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह समारोह गोवा में हुआ। यह मौका स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ाने और जरूरी समुद्री प्लेटफॉर्म पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में कई स्टेकहोल्डर्स की लगातार कोशिशों के सफल नतीजे का प्रतीक है। इस एयर कुशन व्हीकल को भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है।



# हाईकोर्ट में राम मंदिर चंदा चोरी मामले की नहीं हुई सुनवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चंदा चोरी के मामले को लेकर दायर की गई जनहित याचिका (पीआईएल) की गुरुवार को लखनऊ हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। डबल बेंच ने अर्जेंट हियरिंग में केस को टेकअप नहीं किया। याचिकाकर्ता वकील का कहना है कि अब इस पूरे मामले को लेकर सोमवार को नई डबल बेंच में सुनवाई हो सकती है। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने चंदा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से ऑडिट कराने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिका दायर की थी।

# पीएम-किसान की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों में 2.18 करोड़ से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं।

कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कृषि मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी की गई जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के 45.35 लाख से अधिक किसानों को 907.21 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिलेगी। इसके साथ ही वर्ष 2019 से अब तक राज्य में पीएम-किसान के तहत कुल वितरण 15,055 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीस्टैक, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शामिल हैं। फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2026-27 में पश्चिम बंगाल के लगभग 1.10 करोड़ किसानों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्रालय ने बताया कि एग्रीस्टैक के माध्यम से किसानों को उर्वरक वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और एमएसपी खरीद जैसी सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी।




**9.44 करोड़ किसानों के खाते में आएंगे 18,880 करोड़**

# होटल, खाद्य पदार्थों से जुड़े प्रतिष्ठानों को जंग लगे चाकू-ब्लेड का इस्तेमाल न करने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देशभर में होटल और खाद्य पदार्थों से जुड़े सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया है कि वे खाद्य पदार्थों की तैयारी, प्रसंस्करण, कटाई और पैकेजिंग में केवल फूड-ग्रेड और जंग-रोधी चाकू, ब्लेड तथा अन्य कटिंग उपकरणों का ही उपयोग करें। एफएसएसएआई ने गुरुवार को सलाह जारी करते हुए कहा कि कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जंग लगे, टूटे-फूटे, चिप्ड या खराब कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भोजन में भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजीवों द्वारा प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है।

# योग दिवस के अवसर पर प्रदेश में राज्यस्तरीय तीन प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में आगामी 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026 अवसर पर आयुष विभाग द्वारा 03 बड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा तैयार किये गये पोर्टल https:/ /kavach.upayush.in पर प्रतियोगिता वाले सेक्शन में आनलाइन प्रतिभाग कर सकते हैं।

आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली स्लोगन प्रतियोगिता होगी। जिसके तहत हिन्दी भाषा में न्यूनतम दो लाइन अधिकतम चार लाइन की होगी। दूसरी योग चित्रकला प्रतियोगिता होगी, जिसके अंतर्गत पोस्टर साइज 70''56 सेमी0 (चार्ट पेपर) जो हाथ के माध्यम से बनायी जायेगी। इसी प्रकार तीसरी योगासन प्रतियोगिता होगी, जिसके अंतर्गत वीडियो अधिकतम 01 मिनट की होगी। सभी प्रतियोगिता में समस्त जन सामान्य भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना है। ताकि लोग लेखन, चित्रकला एवं दृश्य माध्यम के द्वारा ''योग दिवस'' में सहभागी बन स्वयं की प्रतिभा का भी प्रदर्शन करें और पुरस्कार जीतें। प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगी को 21000 रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 11000 रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 5100 रूपये दिया जायेगा।

इसी प्रकार चतुर्थ स्थान पाने वाले प्रतियोगी को 2100 रूपये एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 1100 रूपये की धनराशि प्रदान की जायेगी।




**समीक्षा** — नीट परीक्षा को लेकर एक्शन में धर्मेंद्र प्रधान

# अफवाहों से बचें छात्र, 24 घंटे खुली है हेल्पलाइन : एनटीए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चिकित्सा पाठ्यक्रमों (एमबीबीएस-बीडीएस) में प्रवेश के लिए आगामी 21 जून को दोबारा आयोजित होने जा रही नीट-यूजी एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह मुस्तैद हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरूवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की रणनीति पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि इस साल 3 मई को हुई नीट परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दिया गया था, जिसकी जांच वर्तमान में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में आयोजित इस बेहद अहम बैठक में शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, एनटीए और उच्च शिक्षण संस्थानों के 222 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता और कुशलता के उच्चतम मानकों को हर हाल में बनाए रखना होगा। मंत्रालय द्वारा तैनात विशेष अधिकारी सभी राज्यों में जाकर परीक्षा व्यवस्था का समन्वय करेंगे और सीधे एनटीए महानिदेशक की अध्यक्षता वाले कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेंगे। राज्य सरकारों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केंद्रों पर छात्रों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें ताकि वे बिना किसी मानसिक दबाव के परीक्षा दे सकें। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने देश भर के लाखों अभ्यर्थियों के लिए एक विशेष और संवेदी संदेश जारी किया है। एनटीए ने छात्रों से सोशल मीडिया पर चल रही परीक्षा स्थगित होने जैसी भ्रामक खबरों और अफवाहों को पूरी तरह खारिज करने को कहा है। एनटीए ने कहा कि लाखों छात्रों ने इस परीक्षा के लिए दिन-रात मेहनत की है। अब समय अफवाहों पर ध्यान देने का नहीं, बल्कि अपनी तैयारी पर विश्वास रखने का है। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने के लिए इस बार सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल के प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। परीक्षा से जुड़ी किसी भी टाइमलाइन या जानकारी के लिए छात्र केवल एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। एनटीए ने माना कि पिछला अनुभव छात्रों के लिए कठिन था, लेकिन व्यवस्था को अब और मजबूत किया गया है। यदि कोई भी छात्र इस समय मानसिक दबाव या तनाव महसूस कर रहा है, तो वह सरकारी हेल्पलाइन नंबर 14416 पर चौबीसों घंटे संपर्क कर विशेषज्ञ की मदद ले सकता है। इसके साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों को सकारात्मक माहौल देने की अपील की गई है।



# मोहर्रम पर शांति समिति की बैठक, डीएम ने की अपील

▸ सौहार्द से मनाएं पर्व, अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि, न्यूज़।**



मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक का उद्देश्य सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखना और पर्व को शांतिपूर्ण व पारंपरिक तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाना था। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों, विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों और शांति समिति के सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने आगामी मोहर्रम के अवसर पर आपसी सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने में शांति व सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने भी आपसी सौहार्द के साथ पर्वों को मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को त्यौहारों के अवसर पर नियमित जलापूर्ति के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और पर्व को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ मनाने पर जोर दिया। किसी भी अप्रिय बात की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने को कहा गया ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। अक्षय त्रिपाठी ने सभी से जनपद की परंपरा को कायम रखते हुए पूर्व वर्षों की भांति आसन्न त्यौहारों को भी शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया। बैठक में तेजे खां, कल्बे अब्बास, रूमी मियां, जफर उल्लाह खां 'बंटी' सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मगुरुओं ने साफ-सफाई, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में सुझाव दिए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, डीएफओ सुन्दरेषा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, संबंधित एसडीएम और अधिशासी अधिकारी विद्युत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरों ने मकान में लगाई सेंध, पांच लाख से ज्यादा की संपत्ति चोरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** हरदी थाना क्षेत्र के पीपरी मोहन गांव में बुधवार देर रात चोरों ने एक मकान में सेंध लगाकर पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली। इसमें नगदी और जेवर शामिल हैं। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह परिजनों के जागने पर हुई। पीपरी मोहन गांव निवासी अनीता देवी का परिवार बुधवार रात घर के आंगन में सो रहा था। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने दीवार में सेंध लगाई और घर में घुस गए। वे नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए। अनीता देवी ने बताया कि चोरों ने 3 लाख 75 हजार रुपये की नगदी और जेवर सहित कुल पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चुराई है। घटना के समय घर में बिजली नहीं थी।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर हुई मौत

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक को ठोकर मार दी जिससे बाइक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक जिला बाराबंकी के थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम लोहटी निवासी 50 वर्षीय दीपक पांडे पुत्र अंबिका प्रसाद गुरुवार दोपहर में बाइक सवार होकर जिला बहराइच स्थित अपनी ससुराल से वापस घर जा रहे थे तभी लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत मुस्तफाबाद अस्पताल के सामने दोपहर करीब 2 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन राहगीरों ने उन्हें निकटतम सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची जरवल रोड पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया है। जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

# ट्रक की टक्कर से एसी मैकेनिक की मौत

## नानपारा-मिहींपुरवा मार्ग पर हादसा, अस्पताल में शव छोड़कर भागा एम्बुलेंस चालक

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार सुबह नानपारा-मिहींपुरवा मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय मैकेनिक अल्ताफ की मौके पर ही मौत हो गई। अल्ताफ पुत्र अशफाक अहमद, निवासी अलिया बुलबुल, मिहींपुरवा में एसी मैकेनिक का काम करने जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। यह घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अल्ताफ



गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस और दुर्घटना के सटीक स्थान को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया। बताया गया कि एम्बुलेंस चालक शव को अस्पताल छोड़कर चला गया। राजा बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी ली जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक अल्ताफ अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाला सदस्य था और कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था।

उसके बड़े भाई अक्सर अली का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रकों पर प्रतिबंध लगाने और दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## तिलोकी गौड़ी में किशोरी को सांप ने डसा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट क्षेत्र के ग्राम तिलोकी गौड़ी में आज सुबह शौच के लिए गई 17 वर्षीय चांदनी देवी (पुत्री हंसलाल) को एक जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद चांदनी की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने तुरंत चांदनी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है और इलाज जारी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बरसात के मौसम में जंगल से सटे इलाकों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

# वाहन चोर गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

▸ फखरपुर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी को भेजा जेल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले की फखरपुर पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।फखरपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक रामकेश को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, एक युवक चोरी की बाइक के साथ कैद बगिया के पास मौजूद था। इस पर उप निरीक्षक अजीत त्रिपाठी, आरक्षी अमर सिंह, दिलीप यादव और अनिल यादव की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की बात स्वीकार की। उसने बताया कि उसने चार अन्य बाइकें इलाके में छिपा रखी हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन सभी मोटरसाइकिलों को भी बरामद कर लिया।

थाना प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान फखरपुर थाना क्षेत्र के अगनापारा निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से विभिन्न इलाकों से चोरी की गई कुल पांच बाइकें बरामद हुई हैं। उसे पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### सीएम योगी का गोंडा दौरा आज, 2 घंटे में विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा व महाराजा सुहेलदेव के मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 जून को एक बार फिर गोंडा देवीपाटन मंडल का दौरा करेंगे। लोक भवन मुख्यमंत्री कार्यालय ने आज बुधवार देर शाम उनके दौरे का प्रोटोकॉल जारी किया। मुख्यमंत्री के दौरे की खबर से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है महाराजा सुहेलदेव सभागार एवं आयुक्त दफ्तर का किया जा रहा है नवीनीकरण। यहां एक बात और भी बताना है कि जिले में प्रेस क्लब न होने के कारण सूचना एवं प्रसारण विभाग को प्रेस क्लब की जमीन का आवंटन किया जा चुका है अब देर है तो शासन से धन अवमुक्त होने की। **दौरे का कार्यक्रम:** सीएम योगी 19 जून को गोंडा में 2 घंटे रुकेंगे। वे देवीपाटन और बस्ती मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे और नई योजनाओं पर बैठक करेंगे।

**मुख्य बैठक:** महाराजा सुहेलदेव सभागार, मंडलायुक्त कार्यालय गोंडा में दोपहर 12:25 से 2:00 बजे तक 1 घंटा 35 मिनट की समीक्षा बैठक होगी। इसमें देवीपाटन और बस्ती मंडल के सभी अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक का मकसद पुराने विकास कार्यों की प्रगति देखना और नई परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करना है।

**प्रशासन की तैयारी:** देवीपाटन मंडल की कमिश्नर दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के अधिकारियों से पुराने कार्यों का विस्तृत विवरण मांगा गया है। गौरतलब है कि यह 13 दिनों में सीएम योगी का दूसरा गोंडा दौरा है।

### टेट की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए शिक्षकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को टेट की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए शिक्षकों के गुट ने जिला अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और शासन से इस परीक्षा को निरस्त करने की मांग किया भीड़ ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण में प्रवेश कर जिला अधिकारी कार्यालय के सामने उपजिला अधिकारी विशाल गुप्ता को ज्ञापन सोपा ज्ञापन लेते समय उप जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री तक इस ज्ञापन को पहुंचने का शिक्षकों से वादा किया।

### महिला को पीटा, तीन पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को मार पीट कर घायल कर दिया गया। महिला की तहरीर पर तीन लोगों पर मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।निसाबुन्न निशा पत्नी मुबारक अली निवासी फकीरन पुरवा मंडैया थाना कोतवाली नगर ने तहरीर दिया जिस में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर सुबह 7 बजे रहमान पुत्र सफीक सुलतान उस्मान ने मिलकर गाली गुप्ता देते हुये लाठी, डण्डा, मुक्का, थप्पड़ से मार पीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पर रहमान सुल्तान उस्मान के खिलाफ में मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया है । प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया।

## नैफेड से आपूर्तित नवीन रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण कार्य का हुआ शुभारंभ

### 3 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 2 बच्चों का कराया अन्नप्रासन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं की उपलब्धियों तथा जन सामान्य के जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तनों को प्रदर्शित करने हेतु सेवा संस्कार सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप उत्थान ऑडिटोरियम, बहराइच में बुधवार को बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शिनी/स्टाल का मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष डा कृष्ण कुमार, महामंत्री रणविजय सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संचित सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा के साथ नैफेड द्वारा आपूर्तित नवीन रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार का लाभार्थियों में वितरण कर शुभारम्भ किया तथा 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 02 बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम, मेक इन इंडिया पर हुई चर्चा

▸ मेडिकल कॉलेज में सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

▸ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के महत्व पर दिया जोर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज बहराइच में प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय खत्री के निर्देशन में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ।कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से अब तक देश में हुए व्यापक परिवर्तनों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों को जागरूक करने के लिए मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर जल योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मिशन इंद्रधनुष, टीबी मुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। नर्सिंग प्रधानाचार्य डॉ. स्मिता फिलिप्स ने महिलाओं के स्वास्थ्य को परिवार एवं समाज के समग्र विकास का आधार बताया। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संस्थागत प्रसव, एनीमिया की रोकथाम, संतुलित पोषण, परिवार नियोजन सेवाओं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. फिलिप्स ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की समय पर जांच कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या में शीघ्र चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में योगदान की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# ससुराल आए युवक का शव फंदे से लटकता मिला, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह सिटकिहवा ग्राम के निवासी पप्पू के घर बरामदे में लगे पंखे से उस के दामाद का शव दुपट्टे से लटकता हुआ पाया गया है। मृतक के पिता राम वचन ने हत्या का आरोप लगाया है। इटिया थोक थाना क्षेत्र के निवासी इटिहिया परसिया निवासी 27 वर्षीय ननके पुत्र राम वचन चार दिन पूर्व अपने ससुराल सिटकिहवा निवासी पप्पू के घर अपने पत्नी माधुरी और दो बच्चे को लेने आया था। बृहस्पतिवार की सुबह उस का शव घर के बरामदे में एक रुपट्टे से लटक रहा था। जिस से घर में हड़कंप मच गया।गांव के तमाम लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची



और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम भेज दिया। मृतक के पिता राम वचन ने बताया कि उस का पुत्र ननके अहमदाबाद में रहता था। उस की सास ने फोन कर के उस को अपने पत्नी माधुरी और दो बच्चों को ले जाने के लिए बुलाया था। मृतक ननके अहमदाबाद से अपने घर आया और एक दिन घर पर रुका था। इस के बाद अपने ससुराल सिटकिहवा बच्चो और पत्नी को लेने आया था। छह साल पहले शादी हुई थी। उस के पिता ने बताया कि उस के पुत्र की पहले गला दबा कर हत्या कर दी गई।फिर शव को फंदे से लटका दिया।मिस्रौलिया चौकी प्रभारी योगेश यादव ने बताया कि मृतक ननके और उस की पत्नी माधुरी के बीच दो सालों से विवाद चल रहा था।दो साल से उस की पत्नी माधुरी अपने मायके में ही रहती थी। अहमदाबाद से उस को लेने उस के घर आया था। तीन दिनों तक रुकने के बाद भी उस की पत्नी चलने को राजी नहीं हुई थीं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# दीप प्रज्वलन से हुआ श्री राधा कृष्ण बैंक्वेट हॉल का उद्घाटन

## दीपिका मिश्रा ने लगाई भजनों की हाजिरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में बुधवार को सायंकाल नव निर्मित श्री राधा कृष्ण बैंक्वेट हॉल का भव्य उद्घाटन समारोह धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आयोजन को यादगार बना दिया। समारोह का शुभारम्भ भगवान गणेश के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और मंगलाचरण के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीगणेश, श्रीराधा-कृष्ण एवं प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें शिव कुमार उर्फ बडकऊ की टीम कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने श्रीकृष्ण, राधारानी एवं रामभक्ति से ओतप्रोत भजनों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी ।भजन गायक शिवा पंडित और भजन गायिका दीपिका मिश्रा के भजनों पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर तालियां बजाई और कई भक्त भक्ति भाव में झूमते नजर आए। पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम में समारोह को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री राधा कृष्ण बैंक्वेट हॉल का निर्माण सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों को बेहतर सुविधाएं



उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। यह हॉल नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र साबित होगा, जहां विवाह, मांगलिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी संपन्न कराए जा सकेंगे।

आयोजकों ने बताया कि वर्षों से समाज सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़ी श्री राम जानकी धर्मादा समिति द्वारा यह प्रयास नगर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह बैंक्वेट हॉल लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में सहयोगियों और आये हुए अतिथियों का सम्मान कमेटी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं स्वरुचि भोज की व्यवस्था की गई। लोगों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए समिति के इस प्रयास को सराहनीय बताया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, विकास जैन, दीपक अग्रवाल, अजय मित्तल, अशोक बंसल, राम प्रकाश गुप्त, सरोज अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पूनम मित्तल, सरोज गर्ग, नीलम जैन,नीतू गर्ग, अनामिका बंसल, बेनू अग्रवाल, कविता बंसल, पूजा केडिया, सरिता नेवटिया, सोनम केडिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

## मुकदमा उठाने की दी धमकी, चार लोगों पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को धोखाधड़ी का मुकदमा न उठाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। युवक ने नगर कोतवाली में चार नामजद सहित चार अज्ञात लोगों पर धमकी मार पीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। छपिया थाना क्षेत्र दबौली भारगो जोत निवासी हरिकेश तिवारी ने बताया कि सोमवार के दिन लखनऊ से गोण्डा आकर अपने मुकदमे में गवाही देने आया था। सवारी गाड़ी से अबेडकर चौराहा के पहले उतर गया और बाथरुम करने लगा तभी तीन चार लोग आये हमको धका देकर गाली गलौज करते हुए कहा कि शिवम त्रिपाठी का मुकदमा कोर्ट से वापस ले लो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।

# मोहर्रम व अन्य त्यौहारों को लेकर डीएम व एसपी ने की सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

▸ त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में सोशल मीडिया व फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस व प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी आयोजित होने वाले मोहर्रम एवं अन्य त्यौहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और सम्भ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी मोहर्रम एवं अन्य त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।

# विदेशियों की नकल ने भारत को पीछे धकेला : योगी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प व संस्कार है कि गोमाता को कटने नहीं देंगे और देश की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने सिख गुरुओं के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई आक्रांता या कसाई गोहत्या करता था, तो सिख वीर उसका वहीं काम तमाम कर देते थे। यह उस कालखंड की बात है, जब देश गुलाम था और लोग विदेशी आक्रांताओं के साये में जीवन व्यतीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गाय का दूध पिएंगे, फिर उन्हें सड़कों पर बेसहारा छोड़ देंगे और जब ये गाय फसलों का नुकसान करेंगी तो दोष मुझे देंगे।

गुरुवार को कानपुर में आयोजित 'प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2026' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का कोई ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं होगा, जो गोमाता की उपासना न करता हो, उसे अपने जीवन व परिवार का हिस्सा न मानता हो। गोमाता आधारित खेती न केवल कृषि को सशक्त बनाती है, बल्कि गोमाता की रक्षा भी करती है। साथ ही यह हम सभी को पुण्य का भागीदार भी बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पहले भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44 प्रतिशत थी। मुगलों की लूटपाट के बावजूद भारत की ग्लोबल इकॉनामी में हिस्सेदारी 24 प्रतिशत तक थी। जब तक भारत किसानों, व्यापारियों, नौजवानों और आधी आबादी के सामर्थ्य पर विश्वास करता रहा, तब तक देश समृद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहा। लेकिन, जब हमने विदेशियों की नकल करना शुरू कर दिया तो वही भारत विपन्न होते-होते आजादी के समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में मात्र दो प्रतिशत हिस्सेदारी तक सिमट गया। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश ने नारी शक्ति, युवाओं, व्यापारियों और किसानों पर फिर से विश्वास किया। इसी का परिणाम है कि आज भारत पूरे विश्व में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब वैश्विक ऊर्जा संकट आया, दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही थी, लेकिन भारत मजबूती के साथ खड़ा था। भारत में महंगाई नियंत्रित रही। विपक्ष सिर्फ आलोचना करना जानता है, लेकिन भारत वैश्विक संकटों का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहा है। विपक्ष का काम सिर्फ चिल्लाना है और चिल्लाता ही रहेगा।

**हमारा संकल्प है कि गोमाता को कटने नहीं देंगे और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देंगे : मुख्यमंत्री**

### मोदी सरकार ने दी डेढ़ गुना मूल्य देने की गारंटी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजाद भारत में किसानों को उनकी लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की गारंटी किसी ने दी, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वर्ष 2004 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन 2014 के बाद इस पर विराम लग गया। पहली बार सॉइल हेल्थ कार्ड के माध्यम से धरती माता के स्वास्थ्य का परीक्षण शुरू हुआ। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जरिए अन्नदाता किसानों को फसल सुरक्षा की गारंटी मिली। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा बढ़ी। किसानों के लिए प्रोक्योरमेंट सेंटर स्थापित हुए और किसान सम्मान निधि की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल व्यक्ति की गलती नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का दोष है जो केमिकल फर्टिलाइजर व पेस्टीसाइड के उपयोग को बढ़ावा देती है। यदि किसान गो आधारित प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हैं तो प्रति एकड़ 10 से 12 हजार रुपये की सीधी बचत रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में ही हो जाएगी। स्वास्थ्य उत्तम होगा तो दवाओं पर भी खर्च बचेगा। आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से आर्थिक सहायता तो दी जाती है, लेकिन बीमारी से प्रभावित व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो जाती है। पूरा परिवार संकट में आ जाता है। लोग स्वस्थ रहेंगे तो अपनी ऊर्जा व प्रतिभा का उपयोग देश-समाज के विकास में कर सकेंगे।

### 34 जिलों में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास शुरू किए गए हैं। प्रदेश के 34 जिले प्राकृतिक खेती को तेजी से अपना रहे हैं। गंगा किनारे स्थित 27 जनपदों तथा बुंदेलखंड के सात जनपदों को प्राकृतिक खेती के लिए चिह्नित किया गया है। बुंदेलखंड के किसानों ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों के सर्टिफिकेशन, पैकेजिंग व मार्केटिंग पर तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। कृषि मंडियों में इसके लिए व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

# योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट को सिंचाई विभाग ने बताया अवैध

**मुख्तार की जमीन पर बने थे 72 फ्लैट, नोटिस चस्पा**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ में सात माह पहले यूपी सरकार ने जिन 72 फ्लैटों को गरीबों को दिए थे, उन्हें सिंचाई विभाग ने अवैध बता दिया। गुरुवार को सिंचाई विभाग ने योजना के एक फ्लैट पर नोटिस चस्पा किया है पर उसे सिंचाई विभाग की जमीन पर बना अवैध निर्माण बताते हुए, सात दिन के भीतर कब्जा हटाने की बात कही है। वहीं नोटिस लगने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास रहने वाले लोगों ने विभागीय कार्रवाई का विरोध भी किया। डालीबाग स्थित सरदार पटेल आवासीय योजना में गुरुवार को सिंचाई विभाग की टीम पहुंची और सबसे अंतिम छोर पर बने एक फ्लैट की दीवार पर नोटिस चिपका दिया। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित निर्माण सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से किया गया है। विभाग ने सात दिन के भीतर कब्जा हटाने के बात कही और चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के बाद विभाग स्वयं कार्रवाई करेगा। यदि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होगी। इतना ही नहीं उनसे हर्जा-खर्चा और समन शुल्क भी वसूला जाएगा। यह वही जमीन है, जिसे पहले माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया था। करीब 2314 वर्गमीटर क्षेत्रफल की इस भूमि पर एलडीए ने गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए सरदार पटेल आवासीय योजना विकसित की थी। यहां ग्राउंड प्लस थ्री संरचना वाले तीन ब्लॉक बनाकर कुल 72 फ्लैट तैयार किए गए। प्रत्येक फ्लैट का क्षेत्रफल 36.65 वर्गमीटर रखा गया और इसकी कीमत करीब 10.70 लाख रुपये तय की गई थी।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित 30 सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय मजदूर संघ लखनऊ जिला इकाई की ओर से गुरूवार को विभिन्न विभागों में तैनात संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों, आंगनबाड़ी, आशा, सफाई, परिवहन, बैंक, ग्रामीण बैंक, बीमा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विद्युत, सिंचाई तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर 30 सूत्रीय मांग-पत्र मुख्यमंत्री के नाम से जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक असुरक्षा, संविदा एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था में व्याप्त शोषण तथा कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। भारतीय मजदूर संघ ने सरकार से श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील कदम उठाने का आग्रह किया। मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक मानदेय प्रदान करना तथा विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करना हमारी प्रमुख मांगें हैं। इसके अतिरिक्त 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मियों की समस्याओं का समाधान, ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज, पत्रकारों के लिए सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा EPS-95 पेंशनधारकों की लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। भारतीय मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि श्रमिकों एवं कर्मचारियों की इन न्यायोचित एवं जनहितकारी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण माध्यमों से व्यापक जन-जागरण एवं आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश सिंह, जिला मंत्री रिंकू राय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में डंपर की टक्कर से बाइक सवार 2 व्यक्तियों की मौत हो गई। डंपर में फंसकर बाइक करीब 2 किलोमीटर दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस ने पीछा करके डंपर को ड्राइवर समेत पकड़ लिया। डंपर को कब्जे में लेकर ड्राइवर से पूछताछ शुरू की। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 1.30 बजे दरोगा खेड़ा स्थित कानपुर रोड और गहरु अंडरपास के बीच किसान पथ पर हुई। मृतकों की पहचान मोहनलालगंज के रानीखेड़ा स्थित हरिकंश गढ़ी निवासी रामसेवक यादव (50) और सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र के नकरहा गांव निवासी उनके साढ़ू रामू यादव (45) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रामू अपने साढ़ू रामसेवक के गांव नकरहा गए थे। वहां से दोनों बाइक एक ही बाइक से रामसेवक के गांव हरिकंश गढ़ी आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रामू बाइक चला रहे थे। रामसेवक पीछे बैठे थे। पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गए। बाइक डंपर में फंसकर करीब 2 किलोमीटर दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस रामू और रामसेवक को लेकर लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर का पीछा किया और बिजनौर थाना क्षेत्र में नटकुर अंडरपास के पास उसे पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। मृतक रामू यादव ट्रक चालक थे, जबकि रामसेवक मजदूरी करते थे। रामसेवक के परिवार में पत्नी मुन्नी देवी, बेटा रिंकू यादव और तीन विवाहित बेटियां सुदामा, रेखा व बबली हैं। रामू के परिवार में पत्नी अंजू, बेटा निखिल और बेटी शगुन है। सरोजनी नगर कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक हरद्वारी लाल ने बताया मृतकों के परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### टिकट बेचने के आरोपों से घिरी निषाद पार्टी, संजय निषाद ने गठित की चार सदस्यीय जांच समिति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा चुनाव से पहले टिकट बेचने के आरोपों से घिरी निषाद पार्टी में विवाद बढ़ने के बाद अब पार्टी नेतृत्व खुद मैदान में उतर आया है। पूर्व प्रदेश चुनाव प्रभारी के कथित वीडियो के सामने आने के बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय आंतरिक समिति गठित कर दी है। समिति को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मामला एक मीडिया संस्थान के स्टिंग ऑपरेशन से जुड़ा है, जिसमें निषाद पार्टी के एक पदाधिकारी का कथित वीडियो सामने आया है। वीडियो में विधानसभा टिकट दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की मांग किए जाने का दावा किया गया है। कथित बातचीत में कहा गया कि विधायक का टिकट पाने के लिए पांच करोड़ रुपये तक खर्च करने होंगे, जबकि राशि का एक हिस्सा पहले और शेष टिकट घोषित होने से पहले देना होगा। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गईं। विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया तो निषाद पार्टी नेतृत्व ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच का फैसला किया। पार्टी का कहना है कि संगठन में टिकटों की खरीद-फरोख्त के लिए कोई स्थान नहीं है और आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक जांच समिति वीडियो की सत्यता, संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल करेगी। समिति संबंधित व्यक्तियों के बयान भी दर्ज करेगी और अपनी रिपोर्ट सीधे पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

# लखनऊ की समृद्ध व्यंजन विरासत को दुनिया के सामने ला रहा उत्तर प्रदेश : जयवीर

**वर्ल्ड सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे पर लखनऊ में फूड हेरिटेज वॉक, व्यंजन विरासत से रूबरू हुए प्रतिभागी**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने गुरुवार को विश्व सतत गैस्ट्रोनॉमी दिवस (वर्ल्ड सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे) के अवसर पर चौक क्षेत्र में विशेष फूड हेरिटेज वॉक का आयोजन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और विजिट माई स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान के तहत आयोजित आयोजन में प्रतिभागियों ने लखनऊ के पारंपरिक व्यंजनों, खानपान की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को करीब से जाना। पर्यटन विभाग के प्रयास ने सस्टेनेबल टूरिज्म और स्थानीय खाद्य परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया।

### फूड हेरिटेज वॉक के जरिए स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की खाद्य परंपराओं, शिल्पकला और सांस्कृतिक विरासत को एक साथ जोड़कर पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। लखनऊ को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी के रूप में मिली मान्यता उसकी समृद्ध व्यंजन विरासत का प्रमाण है। उन्होंने कहा, फूड हेरिटेज वॉक जैसी पहलों के माध्यम से हमारा उद्देश्य सतत गैस्ट्रोनॉमी को बढ़ावा देना, स्थानीय व्यंजनों को प्रोत्साहित करना तथा पारंपरिक खाद्य समुदायों के योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें नई पहचान प्रदान करना है।

### लखनऊ की पाक विरासत से परिचय

फूड हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने चौक क्षेत्र के प्रमुख स्थलों, जिनमें राजा की ठंडाई, गोल दरवाजा, सेवक राम मिष्ठान भंडार और अकबरी गेट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें लखनऊ की समृद्ध स्थापत्य विरासत के साथ-साथ उसकी विश्वप्रसिद्ध पाक संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों के इतिहास एवं महत्व से भी अवगत कराया गया।

इस फूड हेरिटेज वॉक में लगभग 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें व्यंजन प्रेमी, पर्यटक, विरासत से लगाव रखने वाले और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल थे। प्रतिभागियों ने चौक क्षेत्र की चर्चित उन गलियों का भ्रमण किया जहां लोकप्रिय व्यंजनों की दुकानें हैं। स्थानीय प्रतिष्ठानों के संचालकों से संवाद किया, जिन्होंने पीढ़ियों से लखनऊ की समृद्ध पाक परंपराओं को संरक्षित रखा है। इस दौरान प्रतिभागियों को पारंपरिक अवधी व्यंजनों के विशिष्ट स्वाद तथा उन रोचक कहानियों से परिचित कराया गया, जो आज भी शहर की विशिष्ट गैस्ट्रोनॉमिक पहचान को आकार दे रही हैं। स्वाद और व्यंजनों के अलावा इस वॉक ने प्रतिभागियों को लखनऊ के बहुआयामी इतिहास को समझने का भी अवसर प्रदान किया।

### केशव प्रसाद मौर्य ने महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता की चेतना को जन-जन तक पहुंचाने वाली अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मातृभूमि के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उन्होंने जिस वीरता और अटूट संकल्प का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास का अमर अध्याय है। उनका बलिदान और राष्ट्रभक्ति सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। देश उनकी उस अमर विरासत का सदा ऋणी रहेगा, जिसने आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता, स्वाभिमान और राष्ट्रधर्म के लिए जीना सिखाया।

# निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों के कार्यों में देरी पर मुख्य सचिव ने जताई नाराजगी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक गुरूवार को आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश की विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय-बलरामपुर, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय-मिर्जापुर तथा गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय-मुरादाबाद के निर्माण कार्यों की पूर्णता तिथि बार-बार बढ़ाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उच्च शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिवों को संयुक्त रूप से परियोजनाओं की समीक्षा कर विलम्ब के लिए जिम्मेदारी तय करने तथा दोषी अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन तीनों निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों के शेष कार्य हर हाल में 31 जुलाई, 2026 तक पूर्ण कराए जाएं, ताकि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समयबद्ध रूप से आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। वन विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक औपचारिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए तथा विकास परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में धरातल पर उतारने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर के निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति 92.02 प्रतिशत है तथा इसके पूर्ण होने की संभावित तिथि 15 जुलाई, 2026 है। इसी प्रकार माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के निर्माण कार्य 90.20 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं और 25 जुलाई, 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। वहीं गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की भौतिक प्रगति 87.19 प्रतिशत है तथा इसके पूर्ण होने की संभावित तिथित 31 जुलाई, 2026 है। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

**तीन दिवसीय इण्टरनेशनल राउण्डटेबल कान्फ्रेंस 'एड लीडरशिप-2026' का भव्य शुभारम्भ**

# शिक्षा उद्देश्यपूर्ण, परिवर्तनकारी और समग्र होनी चाहिए : राजनाथ



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

ग्लोबल एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के तत्वावधान में तीन दिवसीय इण्टरनेशनल राउण्डटेबल कान्फ्रेंस 'एड लीडरशिप-2026' का भव्य उद्घाटन गुरुवार प्रातः सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे इजिप्ट, नेपाल, जापान एवं भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे 2000 से अधिक शिक्षाविदों को प्रेषित अपने वीडियो संदेश में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा उद्देश्यपूर्ण, परिवर्तनकारी और समग्र होनी चाहिए। भारत की नई शिक्षा नीति ऐसे सक्रिय और उत्साही शिक्षार्थी तैयार करने की है, जो देश को सफलता के एक उच्चतम स्तर पर ले जाने में सक्षम हों और आने वाले वर्षों में देश को महाशक्ति बनाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों और परीक्षाओं तक ही सीमित नहीं है अपितु इसमें सहयोग, संचार, तार्किक सोच और रचनात्मकता भी शामिल है। ये ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें हर आकार और प्रकार के स्कूलों में लागू किया जा सकता है। उन्होंने दुनिया के सभी कोनों में साक्षरता के प्रचार-प्रसार हेतु इस सम्मेलन की सफलता की कामना की। इससे पहले, सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मंजीत बत्रा, शिक्षाविद्, ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में ज्ञान, बुद्धिमत्ता, प्रभावशाली अभिव्यक्ति और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का सुन्दर समावेश होना आवश्यक है तभी शिक्षा परिपूर्ण बनती है। विदित हो कि 'ग्रोइंग द इनर लाइफ ऑफ इन द ऐज ऑफ ए.आई.' थीम पर आधारित 'एड लीडरशिप-2026' का आयोजन 18 से 20 जून तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न देशों से पधारे 2000 से अधिक शिक्षाविद्, प्रधानाचार्य, शिक्षक एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर चिंतन-मनन व मंथन कर शिक्षा पद्धति को नया आयाम दे रहे हैं। इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए एड लीडरशिप-2026 की संयोजिका डा. सुनीता गाँधी ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया आनंददायक, गतिशील और नए विचारों के लिए खुली होनी चाहिए। हमें भावी पीढ़ी को विश्व नागरिक के रूप में ढालना होगा और उन्हें समाज की वर्तमान आवश्यकताओं के प्रति जागरूक बनाना होगा।

# राष्ट्रीय लोकदल ने यूपी के चुनाव की तैयारियों को लेकर किया मंथन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के निवास स्थान 25, तुगलक रोड, नई दिल्ली पर गुरुवार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर पार्टी के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों से विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय एवं ज़िला स्तर के वरिष्ठ नेताओं, राज्य पदाधिकारियों और संगठन प्रभारियों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र चौधरी ने दी। उन्होंने बयान जारी कर बताया कि बैठक में विचार विमर्श के बाद पार्टी अध्यक्ष ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए टीम आरएलडी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें एक एक समर्पित सहायक संगठन होगा, जो गांव और वार्ड स्तर पर जनसंगठन और जमीनी तैयारी पर केंद्रित होगा। यह टीम राज्य से लेकर जिला, विधानसभा और गांव/वार्ड स्तर तक कार्य करेगी। इसके लिए हर गांव और वार्ड में एक जिम्मेदार संपर्क सूत्र और सक्रिय कार्यकर्ता नियुक्त किए जाएंगे। वे मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाएंगे। पार्टी तथा जनता के बीच एक सीधा सेतु का काम करेंगे। इस ढांचे के माध्यम से पार्टी का लक्ष्य एक ऐसा जमीनी संगठन खड़ा करना है, जो चुनाव के दिन तक निरंतर और अनुशासित ढंग से सक्रिय रहे। बैठक के दौरान पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व है और पार्टी का हर कार्यकर्ता इस जिम्मेदारी को समझे कि मतदान के दिन हर पात्र मतदाता तक पहुंचना और उसे मतदान केंद्र तक लाना उसका कर्तव्य है।

### एलयू ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कराया गोमती नदी में नाव पर योगाभ्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग और फैकल्टी ऑफ योग एवं ऑल्टरनेटिव मेडिसिन के सहयोग से गोमती नदी में नाव पर एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला के तहत गुरुवार को हुआ। इसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और नदी किनारे योग करने के स्वास्थ्य लाभों से परिचित कराना था। विभाग के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव के कहा कि नदी के शांत जल में नाव पर योग करने से मन वर्तमान क्षण में केंद्रित रहता है। डॉ. यादव ने कहा कि इससे एकाग्रता बढ़ती है और तनाव, चिंता व मानसिक अशांति कम होती है।

**सराहनीय** | **बालिकाओं को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, वैज्ञानिक नवाचारों व आधुनिक अधिगम के अवसरों से जोड़ रही यूपी सरकार**

# बेटियों की नई उड़ान, आईआईटी गांधीनगर पहुंचेंगी उत्तर प्रदेश की बालिकाएं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं को केवल विद्यालयी शिक्षा तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, वैज्ञानिक नवाचारों और आधुनिक अधिगम के अवसरों से भी जोड़ रही है।

इसी क्रम में आईआईटी गांधीनगर, गुजरात द्वारा संचालित क्यूरियोसिटी प्रोग्राम 2026-27 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन सेशन में उत्तर प्रदेश के दो कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का चयन किया गया है। यह उपलब्धि न केवल इन विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि योगी सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को नए अवसरों और राष्ट्रीय मंचों से जोड़ने के प्रयासों की भी पुष्टि करती है।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 13 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार-1, प्रयागराज तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लोनी (नगर पालिका), गाजियाबाद की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में चयनित प्रत्येक विद्यालय से दो छात्राएं और एक शिक्षिका भाग लेंगी। छात्राओं को देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में सीखने और समझने का अवसर प्राप्त होगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रभावी केंद्रों के रूप में विकसित कर रही है। डिजिटल शिक्षण, नवाचार आधारित गतिविधियों, विज्ञान एवं गणित



कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय संस्थानों से जुड़ाव जैसी पहलों का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की बेटियां देश के प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंच रही हैं। प्रयागराज और गाजियाबाद की छात्राओं का आईआईटी गांधीनगर में चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की बालिकाएं अब अवसरों की मुख्यधारा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं और भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता तथा नवप्रवर्तक बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयनआईआईटी गांधीनगर के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग (सीसीएल) द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार चयन उन विद्यालयों का किया गया है जिन्होंने पूरे वर्ष क्यूरियोसिटी कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार-1, प्रयागराज ने कार्यक्रम के 50 में से 46 सत्रों में भागीदारी करते हुए 92 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की तथा 48 में से 39 वर्कशीट जमा कराईं। वहीं केजीबीवी लोनी (नगर पालिका), गाजियाबाद ने 50 में से 49 सत्रों में भाग लेकर 98 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की तथा 48 में से 42 वर्कशीट जमा कराईं। उत्कृष्ट सहभागिता और बेहतर प्रदर्शन के आधार पर दोनों विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर के इस विशेष कार्यक्रम के लिए चुना गया है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विज्ञान, गणित, नवाचार, रचनात्मक अधिगम और समस्या समाधान आधारित गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा। वे आईआईटी गांधीनगर के शैक्षणिक वातावरण, शोध संस्कृति और नवाचार आधारित शिक्षण मॉडल को निकट से समझ सकेंगी। इससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा, जिज्ञासा को नई दिशा मिलेगी और उच्च शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा। विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली छात्राओं के लिए यह अनुभव नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा।

# बिना हॉलमार्क वाले स्वर्ण आभूषणों की बड़ी मात्रा जब्त

लखनऊ/जौनपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की लखनऊ शाखा ने बुधवार को एक बड़े छापेमारी को अंजाम देते हुए जौनपुर जिले के शाहगंज स्थित घासमंडी क्षेत्र में एमएस सेठ जवाहर लाल ज्वेलर्स पर छापेमारी की।

इस दौरान बिना हॉलमार्क के बेचे जा रहे स्वर्ण आभूषणों की एक बड़ी मात्रा जब्त की गई। बीआईएस की छापेमारी में बिना हॉलमार्क के लगभग 320 ग्राम बिना एचयूआईडी अंकित स्वर्ण आभूषण पाए गए जिन्हें जब्त कर लिया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के नियमों के अनुसार जौनपुर अनिवार्य हॉलमार्किंग वाले जिलों में शामिल है अतः बिना हॉलमार्क वाले स्वर्ण आभूषणों का विक्रय प्रचलित हॉलमार्किंग गुणवत्ता नियंत्रण आदेश का उल्लंघन है। यह छापेमारी बीआईएस के वरिष्ठ निदेशक एव्र प्रमुख सुधीर



बिश्नोई के दिशा निर्देशन में शरद कुमार, सयुक्त निदेशक के नेतृत्व में जितेश कुमार, उपनिदेशक, आशुतोष राय, उपनिदेशक एवं ब्यूरो के कर्मचारियों की 6 सदस्यीय टीम द्वारा की गई। बीआईएस के वरिष्ठ निदेशक सुधीर बिश्नोई ने छापेमारी टीम की सराहना करते हुए कहा कि बाजार में बिक रहे स्वर्ण आभूषणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई थी। बीआईएस की इस कार्रवाई से बिना हॉलमार्क के बिक रहे स्वर्ण आभूषणों के विक्रेताओं के खिलाफ सख्त संदेश गया है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा ताकि बाजार में केवल हॉलमार्क वाले और उपयुक्त शुद्धता वाले आभूषण ही उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें।

# ताजियाओं की अधिकतम ऊंचाई 8 फीट से ऊपर न रखें: एडीएम

**मुहर्रम पर्व को सकुशल-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु बैठक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देशानुसार आगामी मुहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज बिस्मिल सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम, सीओ, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न ताजिया कमेटियों एवं धर्मगुरुओं के प्रतिनिधि रहे। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। शाहबाजनगर क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा विद्युत तारों एवं साफ-सफाई की समस्या उठाई गई। इस पर नगर आयुक्त को आवश्यक साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा संबंधित विभागों को विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। थाना पुवायां क्षेत्र में नालियों के चोक होने की समस्या पर सफाईकर्मी लगाए जाने तथा आवश्यक सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन ने ताजिया जुलूस मार्गों पर आने वाले अवरोधों, विशेषकर विद्युत तारों एवं अन्य बाधाओं का समय रहते निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारियों को संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को कहा। अरूआ खानपुर कांठ क्षेत्र के संबंध में बताया गया कि ताजिया संबंधी अनुमति हेतु संबंधित एसडीएम से संपर्क किया जाए। एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि ताजिया मार्ग में किसी वृक्ष की शाखाएं बाधा उत्पन्न कर रही हों तो इसकी सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि नियमानुसार आवश्यक छंटाई कराई जा सके। स्पष्ट किया गया कि वृक्षों की कटाई नहीं की जाएगी, केवल आवश्यकता अनुसार शाखाओं की छंटाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि सभी ताजिया मार्गों का पूर्व निरीक्षण किया जाए तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष अथवा उपलब्ध कराए गए संपर्क नंबर पर दी जा सकती है। सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी तथा रूटवार जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएंगी। नगर आयुक्त ने जल निगम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं नगर निगम को समन्वय स्थापित कर रोड रेस्टोरेशन के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में ताजियाओं की ऊँचाई को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। सुरक्षा एवं विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए ताजियाओं की अधिकतम ऊँचाई 8 फीट निर्धारित की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कोई भी ताजिया विद्युत तारों के संपर्क में न आए तथा ताजिया निर्माण के समय निर्धारित ऊँचाई का विशेष रूप से पालन किया जाए। बाहर से आने वाली ताजिओं, जैसे कांठ क्षेत्र में सीतापुर तथा अन्य स्थानों से आने वाली ताजिओं की ऊँचाई का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

> एसपी सौरभ दीक्षित ने सुरक्षा के दृष्टिगत कहा कि ताजिया अत्यधिक ऊँचे न बनाए जाएं। उन्होंने बताया कि ताजिया के ऊपरी भाग में लगी धातु अथवा एल्युमिनियम फॉयल विद्युत प्रवाह का कारण बन सकती है, जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। इस संबंध में सभी आयोजकों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि धार्मिक झंडे लगाए जा सकते हैं, किंतु किसी अन्य देश का झंडा अथवा परंपरा से इतर सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

### शस्त्र प्रदर्शन पर रोक

गैर-परंपरागत जुलूस निकालने से भी बचने की अपील की गई। ढोल एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में ढोल अथवा स्पीकर के उपयोग हेतु विशेष अनुमति की आवश्यकता हो तो संबंधित उपजिलाधिकारी को पूर्व सूचना देने के लिए कहा, जिससे आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जा सके।अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के शस्त्र, भाला अथवा अन्य खतरनाक वस्तुओं का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। ट्यूबलाइट अथवा दुर्घटना की आशंका उत्पन्न करने वाली सामग्री लेकर चलने पर भी रोक रहेगी।

### सूचना के लिए मोबाइल नंबर जारी

एडीएम प्रशासन ने बताया कि मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सूचना के लिए 9415901747 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चांद रात एवं मुहर्रम के अवसर पर विशेष साफ-सफाई, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की।

बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर एवं तिलहर को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर ताजिया जुलूस राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग को पार करता है, वहां जुलूस को सुरक्षित एवं शीघ्रता से पार कराया जाए, जिससे किसी तेज रफ्तार वाहन के कारण अप्रिय घटना की संभावना न रहे। इसके अतिरिक्त निर्देश दिए गए कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अपनी मान्यता के अनुसार छोटा ताजिया निकाला जाता है तो उसे बड़े ताजिया के साथ सम्मिलित कर ले जाया जाए तथा ऐसे जुलूसों को संवेदनशील क्षेत्रों से न ले जाया जाए। ताजिया दफन के समय भी सभी आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही जुलूस के दौरान सड़कों को अनावश्यक रूप से अधिक समय तक अवरुद्ध न रखने की अपील की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु शीघ्र ही एक और बैठक आयोजित की जाएगी।

## विवाहिता ने फंदे पर लटककर दी जान

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**बंडा, शाहजहांपुर।** अज्ञात कारणों के चलते महिला ने अपने ही दुपट्टे से घर के कमरे में फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले को तलाश में जुटी हुई है। गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी तारा की 25 वर्षीय पत्नी रूमानी देवी ने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार शाम करीब छः बजे कमरे के अंदर अपने दुप्पटे से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली । तारा के घर की हालत बेहद दयनीय है जिसके चलते लोगों के घर घर जाकर वह भीख मांगकर अपने घर का भरन पोषण करता था । बुधवार शाम को जब वह देर से लौटकर घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी रूमानी को फांसी पर लटका हुआ देखा और उसके मायके वालों को घटना की जानकारी दी। तारा और रूमानी दोनों विकलांग होने के चलते जैसे तैसे अपने बच्चों का पेट पालते थे। मायके वालों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतका के इकलौती छः वर्षीय पुत्री की तबियत खराब होने के चलते उसके ससुर जंगली और सास माया देवी उसकी दवाई लेने के लिए शाहजहांपुर गए और अपनी बहू को बच्ची को दवाई खिलाने के लिए भी दे दी जिसके बाद वह दोनों भी भीख मांगने के लिए पूरनपुर के लिए चले गए थे । देर रात जब उन्हें मामले की सूचना मिली तो मृतका के ससुर और सास वापस घर लौट आए। फिलहाल पुलिस को मामले की कोई भी तहरीर नहीं दी गई है और पुलिस उसकी मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**अल्हागंज, शाहजहांपुर।** पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के दौरान एक युवक को तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पर हाल ही में दर्ज एक अन्य मुकदमे में भी नामजद होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम कनारी बांक निवासी आरिफ पुत्र जुल्फिकार' के विरुद्ध 16 जून को थाना में 'मु.अ.सं. 113,2026, धारा 331(4) एवं 351(3) बीएनएस' के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरिफ ने एक महिला के घर में रात के समय घुसकर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस मुकदमे के दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 17 जून को उपनिरीक्षक शिवनारायण मिश्रा व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कनारी बांक मार्ग से आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट' के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया है। इस प्रकार आरिफ के विरुद्ध वर्तमान में दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पूर्व जिपं सदस्य ने लगाई झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सेवा और सुशासन को समर्पित मोदी सरकार के 12 सफलतम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिंधौली मंडल के मूडा हारिश शक्ति केंद्र के ढकिया हमीदनगर बूथ पर शिव मंदिर में मन्दिर में मुकेश दीक्षित पूर्व सदस्य जिला पंचायत एवं बूथ अध्यक्ष दिनेश मौर्या ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों का अभिनंदन कर उनके समर्पण, परिश्रम और समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

### शिक्षक के निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी



**शाहजहांपुर।** थाना निगोही क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मामले में पीड़ित शिक्षक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी अमित यादव निगोही के आदर्श इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। वह थाना निगोही के गांव सतवां बुजुर्ग में लाल पेट्रोल पंप के पास कालोनी में अपना मकान बनवा रहे हैं। निर्माणाधीन मकान में उन्होंने बिजली फिटिंग के लिए आवश्यक सामान रखा हुआ था। इसके अलावा पत्थर लगाने का काम चल रहा था। आरोप है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मकान के स्टोर रूम का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में दो पत्थर काटने वाली मशीन, दो ग्लाइडर, दो ब्लेड मशीन, एक छैनी, एक हथौड़ा, वायर कटर, विद्युत उपकरण तथा अन्य निर्माण सामग्री शामिल है। इसके अलावा चोर एक डबल वाटर कूलर भी अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी होने पर अमित यादव ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआना किया। घटना की तहरीर देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### मंदिर निर्माण के लिए छात्र ने पुरस्कार राशि किया समर्पित



**पुवायां, शाहजहांपुर।** देवभूमि उत्तराखंड स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में अध्ययनरत छात्र सक्षम शर्मा ने अपनी प्रतिभा के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक दायित्व का भी परिचय दिया है। सक्षम शर्मा ने अंतर जनपद स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राप्त हुई पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि निर्माणाधीन जय माई बगलामुखी मंदिर के निर्माण कार्य के लिए समर्पित कर दी। मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक रोहित मुनि महाराज ने छात्र के इस प्रेरणादायी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति ऐसी भावना वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं में संस्कार और सेवा भाव का यह उदाहरण अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में मां बगलामुखी के प्रसिद्ध मंदिर स्थापित हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में इस स्वरूप का कोई भव्य मंदिर नहीं है। ऐसे में समुलिया गांव में बन रहा यह मंदिर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। दसों महाविद्याओं को समर्पित यह मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### सहायक निदेशक मत्स्य भानू चंद्रा ने संभाला कार्यभार, अभी तक चित्रकूट जनपद में थीं तैनात



**शाहजहांपुर।** मत्स्य विभाग से संचालित होने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। इस पर कार्य करना हमारी प्राथमिकता में रहेगा। उक्त बातें नवागत सहायक निदेशक मत्स्य भानू चंद्रा ने कही। उन्होंने बताया कि सुबह 10-2 बजे तक आफिस में बैठकर जनता की जनसुनवाई करेगें। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज सब्सिडी योजना आदि का लाभ पाने के लिए इच्छुक व्यक्ति पोर्टल पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकता है। बंद चल रहा पोर्टल 5 जून से शुरू हो गया है। बता दें कि विकास भवन स्थित मत्स्य विभाग में तैनात सहायक निदेशक मत्स्य जावेद का लखनऊ तबादला हो गया था। जिनके स्थान पर भानू चंद्रा ने आकर कार्यभार ग्रहण किया है।

## राज्यसभा सांसद ने हरेराम पक्का तालाब पर किया श्रमदान

**भाजपा नेताओं ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, देश भर में इसे विश्वास, विकास और जनकल्याण के स्वर्णिम काल के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के नेतृत्व में पुवायां स्थित ऐतिहासिक हरेराम पक्का तालाब परिसर में एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने स्वच्छता ही सेवा है के मूल मंत्र को आत्मसात किया। उन्होंने स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर तालाब परिसर में श्रमदान किया और कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर पूरे परिसर की सफाई की। इस दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के ये 12 वर्ष देश के नवनिर्माण और गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। स्वच्छता हमारे जीवन का संस्कार बननी चाहिए, यही बापू और प्रधानमंत्री का सपना है। इस अभियान के दौरान सांसद ने वहां उपस्थित देवतुल्य जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं को स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपील की कि हम सब मिलकर अपने आस-पास के ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें, क्योंकि एक स्वच्छ समाज ही स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की नींव है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, ईओ कल्पना शर्मा, पं प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक मुनेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पटेल, जिलामंत्री बिपिन शुक्ला, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा, नगर महामंत्री बृजेन्द्र प्रजापति एवं मदनपाल, सुरेश वर्मा, महेश शर्मा, मधू सिंह, सत्येन्द्र शुक्ला सहित सभासद, पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति ठप

**ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एसडीओ को दिया प्रार्थना पत्र, ग्रामीणों ने लाइनमैन पर लगाया वसूली करने का आरोप**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के गांव में एक सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह तप हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने कई बार विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। क्षेत्र के गांव लाखोहा के ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर एकत्र हुए और एसडीओ को प्रार्थना पत्र देकर खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक सप्ताह पूर्व के उनके गांव में रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। भयंकर गर्मी में ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव में त्राहि त्राहि मच गई। बच्चों की पढ़ाई से लेकर बूढ़े बुजुर्गो को दिन और रात काटना मुश्किल हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना दी तो अधिकारियों द्वारा जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दे दिया गया। जब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो बृहस्पतिवार को भारी संख्या में ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और एसडीओ राजू कुमार को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से चालू कराए जाने की मांग की। वही ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल भी ट्रांसफार्मर दो बार खराब हुआ था और ग्रामीणों को बिना विद्युत के भयंकर गर्मी झेलनी पड़ी थी। वही ग्रामीणों ने हल्का लाइनमैन पर वसूली का आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में मामूली फाल्ट होने पर भी लाइनमैन पैसों की मांग करता है। ट्रांसफार्मर खराब होने पर भी लाइनमैन ने ग्रामीणों से चंदा एकत्र कर उसे देने की बात कही। लाइनमैन के इस व्यवहार से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं एसडीओ राजू कुमार ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा। प्रार्थना पत्र देने वालों में पंकज, नीरज कुमार, वीरेंद्र कुमार धर्मेंद्र, बबलू, पप्पू राठौर, आदेश कुमार, संतराम शुक्ला, शिव शंकर, शिवकांत, अजीत, सचिन, जसवंत, निखिल, वीरपाल, उपेंद्र मौर्य, आशीष कुमार, राम निवास, प्रेमपाल, अरुण, सर्वेश कुमार मौर्य, निवेश कुमार, संतराम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## रजिस्ट्री कार्यालयों के निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** रजिस्ट्री कार्यालयों में प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस,निबंधन मित्र व्यवस्था एवं निबंधन कार्यों के निजीकरण के विरोध में सिविल बार एसोसिएशन पुवायां के अधिवक्ताओं ने एसडीएम पुवायां को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निबंधन विभाग में प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस,निबंधन मित्र व्यवस्था तथा निबंधन कार्यों को निजी एजेंसियों के माध्यम से संचालित करने की योजना से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों (कातिबों), स्टाम्प विक्रेताओं, टाइपिस्टों एवं अन्य सहयोगी वर्गों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्षों से यह वर्ग आम जनता को विधिक सहायता एवं दस्तावेज संबंधी सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। यदि इन कार्यों को निजी एजेंसियों अथवा फ्रंट ऑफिस के माध्यम से संचालित किया गया तो हजारों परिवारों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों एवं कम शिक्षित नागरिकों को नई डिजिटल व्यवस्था के कारण अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही निजी संस्थाओं की भागीदारी से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने तथा रजिस्ट्री प्रक्रिया में बिचैलियापन बढ़ने की आशंका जताई गई है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस,निबंधन मित्र व्यवस्था को तत्काल निरस्त किया जाए, निबंधन कार्यों के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए तथा अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं और टाइपिस्टों के रोजगार एवं अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पूर्व बार एसोसिएशनों एवं संबंधित संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श करने तथा वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार करते हुए रोजगार सुरक्षित रखने वाले निर्णय लेने की मांग भी की गई है। विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने 18 जून को कार्य से विरत रहने की घोषणा की है और शासन से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की।

### योग का अभ्यास कराया गया

**शाहजहांपुर।** 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत राजकीय संप्रेक्षण गृह में जिला होम्योपैथिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आयुष विभाग के निर्देशन में योग प्रशिक्षक पुष्पक श्रीवास्तव व योग सहायक नमित कुमार के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया। इसमें में आये हुए लाभार्थियों को रोगानुसार रोग निवारण व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व बहुमुखी विकास हेतु लाभप्रद योगाभ्यास आसन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान, का अभ्यास कराने के साथ साथ उचित आहार -विहार व दिनचर्या के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में प्रभारी अधीक्षक सुधीर कुमार वर्मा, केयर टेकर संतोष कुमार वर्मा, सुरक्षाकर्मी मनोज, आकाश, अभिषेक, विवेक, वीरेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## पति, ससुर के बाद अब सास भी गई जेल

**शादी के डेढ़ माह बाद ही बहू की दहेज के लिए हत्या का मामला**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शादी के मात्र डेढ़ माह बाद ही विवाहिता की दहेज के लिए हत्या किए के मामले मृतका के पिता ने बेटी के पति सास, ससुर समेत नामजद कराये गए छह आरोपियों में से आरोपी अरुण व पिता सेठ पाल को जेल भेजने के बाद बुधवार को सास विमला को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौर तलब है कि बीती 8 जून को जनपद सीतापुर के हरगाँव थाना क्षेत्र के गांव झाबरी निवासी अशोक कुमार ने तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोबरसण्डा निवासी दामाद अरुण, समधी सेठपाल कन्नौजिया व समधिन विमला सेमत छह लोगों के खिलाफ दहेज को लेकर बेटी अंजनी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने हत्यारोपी अरुण व उसके पिता सेठपाल कन्नौजिया को बीती 13 जून को ही जेल भेज दिया था। जबकि विमला को गांव से ही बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि अन्य तीन आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने बाली टीम में एसआई दिनेश कुमार, एसआई नेहा सैनी, कांस्टेबिल संजय कुमार व आकाश बर्मन शामिल रहे।

## सावधान- अब ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नहीं चलेगी सिफारिश, सेंसर और कैमरे तय करेंगे पास-फेल

**कांट में शुरू हुआ अत्याधुनिक ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग एवं प्रशिक्षण केंद्र**

**ड्राइविंग कौशल के साथ वाहन रखरखाव और सड़क सुरक्षा का भी दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**आदर्श मिश्रा**




सर्वेश कुमार सिंह,एआरटीओ — कुलदीप तिवारी, केंद्र संचालक

**शाहजहांपुर।** जिले में ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से कांट स्थित ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग एवं प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू हो गया है।अब वाहन चलाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण लेने के बाद ऑटोमेटेड ट्रैक पर ड्राइविंग कौशल परीक्षण देना होगा। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत केवल वही अभ्यर्थी लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे जो निर्धारित मानकों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी ड्राइविंग कौशल परीक्षण में असफल हो जाता है तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थियों को निर्धारित री-टेस्ट शुल्क जमा कर दोबारा परीक्षण देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। पुनः परीक्षा में सफल होने पर ही संबंधित श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।केंद्र संचालक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र आधुनिक तकनीक से लैस है। यहां अभ्यर्थियों को वाहन संचालन, यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और वाहन रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान वाहन में आने वाली सामान्य तकनीकी खराबियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की जानकारी भी दी जाएगी,जिससे चालक सड़क पर आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें। केंद्र पर कार, ट्रक, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल सहित विभिन्न श्रेणियों के वाहन उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी जिस श्रेणी का प्रशिक्षण लेकर परीक्षण पास करेगा, उसे उसी श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। पूरी परीक्षण प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत और पारदर्शी रखी गई है जिससे मानवीय हस्तक्षेप की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है।

### दो प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

केंद्र संचालक कुलदीप तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र पर दो प्रशिक्षक तैनात किए गए हैं। प्रशिक्षण के लिए केंद्र पर कार, ट्रक, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से अलग-अलग श्रेणियों के चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### सेंसर या आउटलाइन छूते ही बढ़ेगी मुश्किल

ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पूरी तरह सेंसर और कैमरों से लैस है। परीक्षण के दौरान वाहन को निर्धारित ट्रैक और आउटलाइन के भीतर चलाना होगा। यदि वाहन सेंसर या आउटलाइन को छूता है तो सिस्टम उसे रिकॉर्ड कर लेता है। एक-दो मामूली त्रुटियों की गुंजाइश हो सकती है, लेकिन लगातार तीसरी बार सेंसर या आउटलाइन छूने पर अभ्यर्थी स्वतः असफल घोषित कर दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया स्वचालित है और परिणाम कंप्यूटर प्रणाली द्वारा तय किए जाते हैं।

### जानिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और शुल्क

प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित
हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) प्रशिक्षण 6,000 रूपए
मध्यम,भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण 10,000 रूपए
वाहन तंत्र एवं रखरखाव, ईंधन दक्षता प्रशिक्षण 1,000 रूपए
यातायात शिक्षा, जनसंपर्क एवं तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण 5,000 रूपए
पुनरावलोकन,अभिविन्यास पाठ्यक्रम 1,000 रूपए

> नई व्यवस्था का उद्देश्य ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाना है। अब अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण लेने के बाद निर्धारित मानकों के अनुसार ड्राइविंग कौशल परीक्षण देना होगा। परीक्षण में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को ही लाइसेंस जारी किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और योग्य चालक ही सड़कों पर वाहन चला सकेंगे।
>
> **-सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन**

## खबरें एक नजर में

### चीनीमिल अधिकारी व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



**तिलहर – शाहजहांपुर।** चीनीमिल गेस्ट हाउस परिसर में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग प्रशिक्षकों के सानिध्य में मिल अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग साधना की। गुरुवार सुबह चीनी मिल गेस्ट हाउस परिसर में योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल और मिनी शर्मा ने योग साधना के तहत सूर्य नमस्कार, ग्रीवा चालन , स्कन्ध चालन , त्रिकोण आसन, ताड़ आसन, वृक्ष आसन एवं प्राणायाम में अनुलोम–विलाम, कपालभांति, भ्रामरी, भस्त्रिका सहित अन्य योगासन कराए। योग प्रशिक्षिका मिनी शर्मा ने कहा कि सुबह में हर व्यक्त को योग करना चाहिये । क्योंकि सुबह का योग एवं प्राणायाम प्रतिदिन की दिनचर्या को व्यवस्थित करता है। और योग एवं प्राणायाम करने भूख एवं नींद बढ़िया होती है । प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना ने समस्त अधिकारी–कर्मचारियों से योग एवं प्राणायाम को आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान चीफ कैमिस्ट रामलखन प्रजापति, चीफ इंजीनियर महेन्द्र यादव, कैमिस्ट अजंनी कुमार प्रसाद, कैमिस्ट अनुज कुमार, जितेन्द्र मौर्या, अभियंता नितिन श्रीवास्तव, आशीष रस्तोगी, शिवकान्त यादव, प्रदीप सक्सेना, कैशियर कमलेश कुमार वर्मा, स्टेनो–टू–जीएम विकास बाबू शर्मा, कम्पाउन्डर रणधीर सिंह, अमित सिंह, अभिषेक यादव, जीवेन्द्र सिंह, प्रमोद यादव, वीरेश शर्मा सहित तमाम अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजस्थान में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी और साले पर हत्या का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव कोटाबारी निवासी एक युवक की राजस्थान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। युवक का शव खैरथल रेलवे स्टेशन के पास मिलने के बाद परिजनों ने उसकी पत्नी और साले पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, कोटाबारी निवासी देवेंद्र पुत्र काशीराम अपनी पत्नी सरोजिनी और साले परशुराम के साथ राजस्थान के खैरथल–तिजारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी के निकट खुशखेड़ा में मजदूरी करने गया था। देवेंद्र का शव खैरथल रेलवे स्टेशन के पास मिलने की सूचना राजस्थान पुलिस ने फोन के माध्यम से उसके परिजनों को दी। गुरुवार सुबह परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता काशीराम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या की गई है। उन्होंने पुत्रवधू और उसके भाई पर संदेह जताते हुए बताया कि घटना के बाद से दोनों लापता हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरोजिनी अपने साथ ससुराल में बनवाए गए लाखों रुपये मूल्य के जेवर भी ले गई है। बताया जाता है कि देवेंद्र की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व जनपद लखीमपुर खीरी थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव खंडूरा निवासी सरोजिनी के साथ हुई थी। दंपति की कोई संतान नहीं थी और दोनों मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। मां शांति देवी और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### गृह निर्माण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन, पूर्व चेयरमैन ने किया शिविर का शुभारंभ

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशंस के तत्वावधान में गुरुवार 18 जून को ग्राम मझिला स्थित एमध्एस जय मां वैष्णो ट्रेडर्स परिसर में गृह निर्माण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया!जिसमे बिल्डिंग निर्माण मिस्त्रियों को सीमेंट सामिग्री की गुणवत्ता के बारे फील्ड ऑफिसर देवराज द्वारा बताया गया। शिविर में समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थानिय मिस्त्रियों एवं ग्राहको ने सीमेंट की गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। आयोजक पंकज सिंह ने इस अवसर पर अल्ट्राटेक क्षेत्रीय टीम के प्रतिनिधियों के साथ–साथ स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में पंकज सिंह सहित अन्य सहयोगी भी मौजूद रहेंगे। शिविर में ग्रामीण एवं कस्बा क्षेत्र के लोगों को भवन निर्माण सामग्री, उत्पादों के चयन, तकनीकी जानकारी तथा निर्माण संबंधी उपयोगी सुझाव प्राप्त किए!इसके अलावा विभिन्न ब्रांडों के उत्पादों की जानकारी, निर्माण सामग्री की लागत का अनुमान, वास्तु परामर्श तथा अन्य सेवाओं के संबंध में भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त किया, ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार एवं मनोरंजक गतिविधियों की भी व्यवस्था की गई थी।

### टीईटी प्रकरण में सेवा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाहजहांपुर।** अखिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को सौंपा ज्ञापन में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों तथा उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा हितों की रक्षा हेतु विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि देशभर के लाखों शिक्षक उस समय प्रचलित नियमों एवं निर्धारित योग्यताओं के आधार पर नियुक्त हुए थे तथा वर्षों से राष्ट्र निर्माण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे शिक्षकों पर बाद में निर्धारित पात्रता मानकों को लागू करना न्याय एवं विधिक निश्चितता की भावना के अनुरूप नहीं है। सरकार को उनके सेवा अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का पूर्ण सम्मान करता है, किंतु शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक विधायी एवं नीतिगत समाधान उपलब्ध कराना सरकार और संसद का अधिकार एवं दायित्व है। उन्होंने कहा कि लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों को अनिश्चितता की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी श्विमुक्तश् ने कहा कि दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव, कार्यकुशलता एवं योगदान का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों तथा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करते हुए उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य वैधानिक लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। महासंघ ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि आवश्यकता पड़ने पर संसद अथवा सक्षम स्तर पर आवश्यक विधायी संशोधन कर प्रभावित शिक्षकों को स्थायी राहत प्रदान की जाए तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का शीघ्र निराकरण किया जाए। कार्यक्रम में वीर बहादुर गंगवार, श्रेयश चन्द्र सक्सेना, देवेश शुक्ला, उपेंद्र गुप्ता, अवनि दीक्षित, कुलदीप गुप्ता, रामदयाल तिवारी, अरविन्द शर्मा, वीर पाल सिंह,नवनीत सक्सेना, सुशील रस्तोगी, हिमांशु, हेमन्त सक्सेना, रेखा राजपूत, आशा सक्सेना, शम्पा चकवर्ती, पल्लवी गुप्ता,गुलशन जहाँ आरा, यास्मीन, नीरज सागर, रमित कौर, शशि प्रभा, आदित्य सिंह, अमित भटनागर, अवनीश पाल, रजनीश, अवधेश कुमार, आजम खान, कर्मवीर, संजीव पाल, नरोत्तम, राघवेंद्र सिंह, वारिश अली, विकास मिश्रा समेत सैंकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

- जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर में जिला प्रशासन द्वारा एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक ददरौल अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विनीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के विगत 12 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं लोकहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा आमजन के जीवन स्तर में सुधार हेतु किए गए प्रयासों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। अतिथियों ने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा परिसर में स्थापित सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचवाकर कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा जनहित में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदर्शनी में योजनाओं से संबंधित साहित्य, सूचना सामग्री एवं जन-जागरूकता संदेश भी प्रदर्शित किए गए हैं। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि यह प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक आमजन के लिए लगी रहेगी। नागरिक अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं लोकहितकारी कार्यों की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रतानुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, डीसी मनरेगा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएचसी टीबी परीक्षण रूम का जर्जर लिंटर गिरा

- रात में घटना होने से बड़ा हादसा होने से टल गया
- 12 नम्बर लैब में शिफ्ट कराया जा रहा है टीबी परीक्षण रूम: अधीक्षक



**तिलहर – शाहजहांपुर।** सीएचसी में इमरजेंसी के समीप स्थित टीबी परीक्षण रूम का रात में जर्जर लिंटर का मलवा गिरने से परीक्षण मशीनें धूल धूसरित हो क्षतिग्रत हो गईं और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। काश! यही हादसा दिन में ड्यूटी टाइम में हुआ होता तो किसी बड़ी घटना होना स्वाभाविक थी। सीएचसी में इमरजेंसी के समीप ही टीबी परीक्षण रूम है । जिसमें टेक्नीशियन सचिन गुप्ता व प्रमोद कुमार वर्मा बैठते हैं। गुरुवार सुबह जब उक्त रूम को साफ सफाई के लिए खोला गया। तो अंदर जर्जर हो लिंटर के कुछ हिस्से का मलवा देख सफाई मित्र सन्न रह गया। तत्काल सीएचसी प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। लैब टेक्नीशियन सचिन गुप्ता ने बताया कि बुधवार अपरान्ह करीब चार बजे तक वह उसी रूम में ही थे । उन्होंने बताया कि लिंटर में कई जगह पापड़ी चटकने की बाबत अवगत भी कराया गया था। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सचिन बोले कि यदि दिन में यह मलबा गिरता तो कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती थी। इस बाबत पूछने पर सीएचसी अधीक्षण डॉ ओमेंद्र राठौर ने बताया कि घटना रात में किसी समय हुई है। टीबी परीक्षण लैब को 12 नंबर लैब में ही शिफ्ट कराया जा रहा है। मशीनों के क्षतिग्रस्त होने की बाबत उन्होंने बताया कि परीक्षण किए जाने पर ही मशीनों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## छप्पर में आग लगने से दो मवेशियों की जलकर मौत

- घटना से डेढ लाख का हुआ नुकसान, रसूलपुर बुजुर्ग गांव में आधी रात को मचा कोहराम, ग्रामीणों ने बचाई गाय और बछड़े की जान

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर बुजुर्ग में बीती रात अचानक एक छप्पर में भीषण आग लग जाने से दो मवेशियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। इस अग्निकांड में पीड़ित पशुपालक को करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रसूलपुर बुजुर्ग निवासी सर्वेश के छप्पर में रात करीब 10:30 बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में बंधे पशुओं को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत और साहस दिखाते हुए छप्पर में बंधी एक गाय और उसके बछड़े को किसी तरह आग के बीच से बाहर निकाला, हालांकि तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। वहीं, आग की भीषणता के कारण एक भैंस और उसका पाड़ा (बच्चा) अंदर ही फंस गए, जिनकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई ।ग्रामीणों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। पीड़ित पशुपालक के अनुसार, इस हादसे में मवेशियों और सामान को मिलाकर करीब डेढ़ लाख रुपये से ऊपर की संपत्ति जलकर राख हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर पीड़ित को तत्काल आर्थिक सहायता व मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## बच्चों के लिए आयोजित हुई स्विमिंग प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर।** बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हुदा में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित स्विमिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वक्फ निरीक्षक श्रीकांत आजाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं रचनात्मक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सीखने की क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने मदरसा प्रबंधन द्वारा बच्चों के हित में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। प्रतियोगिता में बच्चों ने स्विमिंग टब में रखे गए हिंदी एवं अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को खोजने की गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने खेल-खेल में अक्षरों की पहचान करते हुए खूब आनंद लिया। मदरसा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मदरसा नूरुल हुदा में आधुनिक एवं रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की प्रशंसा की गई तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

## सरकार तत्काल प्रभाव से पेपरलेस बैनामा व्यवस्था को वापस ले

- अधिवक्ताओं ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, सौंपा सीएम को संबोधित ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री एवं बैनामा संबंधी कार्यों में पेपरलेस व्यवस्था लागू किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में शाहजहाँपुर के अधिवक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाया है। सेंट्रल बार एसोसिएशन ने इस निर्णय को अधिवक्ता समुदाय, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता तथा अन्य संबंधित लोगों के हितों के विरुद्ध बताते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री नन्द किशोर (राजेश अवस्थी) एडवोकेट द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार की यह व्यवस्था लागू होने से हजारों अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं के समक्ष रोजगार का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्षों से चली आ रही व्यवस्था को समाप्त करने से न्यायिक एवं राजस्व कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल प्रभाव से पेपरलेस बैनामा व्यवस्था को वापस ले, अन्यथा अधिवक्ता समुदाय व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। सेंट्रल बार एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अधिवक्ताओं की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो जनपद सहित पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन, धरना एवं अन्य लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किए जाएंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है और उसके हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

## नीट-यूजी परीक्षा: 200 जवान व 7 मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी परीक्षा

- नीट-यूजी परीक्षा को लेकर एसडीएम प्रशासन, एसपी सिटी ने की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

> एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने कहा कि जिले में 21 जून को आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम करेंगे।

जनपद में 21 जून को पुनः सात केंद्रों पर होने जा रही नीट, यूजी परीक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम कर लिए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से खुफिया एंजिसयों अलर्ट मोड़ पर हैं हालांकि डेलीग्राम पर पूर्णता प्रतिबंध होने के बाबजूद भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी निगरानी की जा रही हैं। अराजकतत्वों और संदिग्ध लोगों से निपटने के लिए भी प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। इसी क्रम कलेक्ट्रेट में बिस्लिम सभागार में एसडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नीट-यूजी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, एंबुलेंस, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को समय से मुक्कमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए गए है। जिनमें जीआईसी, इस्लामियां, जीएफ कालेज, धर्मानंद सरस्वती इंटर कालेज, एसएस कालेज, केवी वन, केवी टू शामिल हैं। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम सवा 5 बजे तक संपन्न होगी। सुरक्षा की दृष्टि से 7 मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे 1.30 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा, निर्धारित समय के बाद किसी परीक्षार्थी का प्रवेश नही होगा। वहीं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर 20-20 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे साथ ही परीक्षा सामग्री को केंद्र तक पहुंचाने और लाने के लिए सीओ और एसएचओ को जिम्मेदारी सौंपी गयी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से भी विशेष नजर रखी जाएगी।

## योग का जीवन में है विशेष महत्वः उपेंद्र पाल सिंह

- योग क्रियाओं से ही हुई थी संघ की शुरुआतः नरेंद्र शुक्ला,
- आंतरिक ऊर्जा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है योगः सुबोध कनौजिया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है योग जीवन को पूर्णता प्रदान करता है। वैदिक धर्म ग्रंथो में योग की माता पर तमाम ऋषि मुनियों ने प्रकाश डाला है पतंजलि जैसे महान योग गुरु ने योग का प्रचार प्रसार कर दुनिया को नई दिशा प्रदान की। उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह ने पुवायां इंटर कॉलेज पुवाया के राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल में चल रहे अमृत योग सप्ताह की योग कार्यशाला में कहीं।

साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में सभी को योग को अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रमुख नरेंद्र शुक्ला ने कहा कि संघ की शुरुआत भी 1925 में नागपुर से योग क्रियो के माध्यम से ही हुई थी। केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने कुछ स्वयंसेवक एकत्र कर नागपुर में 1925 में तमाम योग क्रियाओ और खेलकूद के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शुरुआत की थी। और आज संघ का वह बट वृक्ष संपूर्ण वृक्ष विश्व में फैल चुका है। उन्होंने कहा कि सभी को संघ को करीब से देखने के लिए प्रतिदिन की लगने वाली 1 घंटे की शाखा में जाकर अपने शरीर और मस्तिष्क को बलिष्ठ बनाना चाहिए। जिससे देश पुनः विश्वगुरु बन सके। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि द्वय सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता सुबोध कुमार कनौजिया ने कहा कि योगमय जीवन सदैव निरोगी रहता है। योग का मतलब जोड़ना होता है इस आधुनिक भागमभाग भरी जिंदगी में यदि शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करनी है तो जीवन में योग की महता को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। योग आंतरिक ऊर्जा का एक सशक्त माध्यम है। योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस योगाचार्य कमल प्रकाश द्विवेदी ने सभी को विधिवत योग कराया। जिसमें तमाम युवाओं को बैज लगाकर और गले में तिरंगा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संजय मिश्रा ने कहा कि आजकल बालक युवा और बुजुर्ग स्मार्टफोन का आधिकारिक प्रयोग करते हैं जिससे उनकी आंखों पर बहुत बुरा असर पड़ता है छोटे-छोटे बच्चों के भी रोशनी अभी से खत्म हो रही है और वह दृष्टिहीन बनते जा रहे हैं। आलम यहां है कि तीन और चार साल के बच्चे भी 40 वर्ष की उम्र के बच्चों जैसी दृष्टि कर चुके हैं। इसलिए स्मार्टफोन का कम से कम,संतुलित और सुरक्षित उपयोग कर अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर डॉ मेधा शर्मा श्रद्धा गुप्ता, आभा गुप्ता, मीना गुप्ता, राजीव शर्मा, एआरपी वीरपाल, सुबोध कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, डॉ बीके गुप्ता डॉक्टर प्रदीप कटियार डॉक्टर रविंद्र बाजपेई, स्नेहा गुप्ता, दिनेश कुमार, प्रमोद चंद्रगुप्त, राकेश चंद्र गुप्ता,रामसेवक राठौर, मधु सिंह, मदनपाल, प्रदीप शर्मा, सोम प्रकाश त्रिवेदी, जगदीश शर्मा, जेपी शास्त्री, ओम प्रकाश त्रिवेदी, अभय मिश्रा, कवि डॉ प्रदीप वैरागी सहित तमाम प्रतिभागी उपस्थित रहे।


### सूचना

मैंने अपने पुत्र सलमान खान को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से 24-09-2024 को बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नही होगा। **पप्पू खान पुत्र असंतुल्ला खान नि.मो. साहूकारा, थाना-खुदागंज, शाहजहांपुर**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'गुरुद्वारा शिव केसरपुर माफी' के नाम से संचालित एक बचत खाता पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां में संचालित है।

गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं आवश्यक अभिलेखों के आधार पर उक्त बचत खाते को बंद कर 'गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार केसरपुर माफी' के नाम से पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां में एक नया चालू खाता (Current Account) खोले जाने तथा बचत खाते में उपलब्ध शेष राशि को नियमानुसार उक्त चालू खाते में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध बैंक को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित पत्र के माध्यम से शाखा प्रबंधक पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां, जनपद शाहजहांपुर (उ.प्र.) को अपनी आपत्ति से अवगत करा सकता /सकती है।

निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थित में यह मान लिया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को उक्त कार्यवाही के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है तथा बैंक नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**शाखा प्रबंधक**
**पंजाब एंड सिंध बैंक,**
**शाखा–रौतापुर कलां**
**जनपद शाहजहांपुर (उ.प्र.)**

### अदालती सूचना

**ता. पेशी 22-07-2026 घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण अधिनियम 2005 की धारा 13(1) के अधीन हाजिर होने के लिए**
**न्यायालय अपर सिविल जज जू. डि. त्वरित न्यायालय, कोर्ट सं. 41, शाहजहांपुर**

वाद संख्या-1068 वर्ष 2025 वाद अन्तर्गत धारा 12,17,18,19, 20, 22, घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण अधिनियम थाना-महिला, जनपद-शाहजहांपुर श्रीमती रजनी सिंह पत्नी विजय वीर सिंह उर्फ पिन्टू पुत्री प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम- मधुपुरी, थाना-कटरा, जिला- शाहजहांपुर.....
(प्रार्थिनी/वादिनी)

**बनाम**

1- विजय वीर सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र सोमवीर सिंह(पति) 2- सोमवीर सिंह पुत्र नामालूम(ससुर) 3- श्रीमती ममता देवी पत्नी सोमवीर सिंह(सास) 4- पूनम उर्फ रीना पुत्री सोमवीर सिंह(ननद) अनुज सिंह पुत्र सोमवीर सिंह(देवर) 6-चिंटू सिंह पुत्र सोमवीर सिंह(देवर) 7- पूरवी उर्फ प्रिया तथा कथित पत्नी विजय वीर सिंह उर्फ पिन्टू सर्वनिवासीगण- ग्राम-उखरी नवादा, थाना-कटरा, तह.-तिलहर, जिला-शाहजहांपुर मो.9198352047...
विपक्षीगण

याची श्रीमती रचनी सिंह वादिनी घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण अधि.2005 की धारा 12, 17,18,19,20,22 के अधीन आवेदन फाइल किया है/किए हैं। आपके यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदन द्वारा मांगे अनुतोष(अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्येक रूप से प्रावधान काउंसिल के मार्फत दिनांक 22-07-2026 बवक्त 11 बजे के पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है। इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन दिनांक 16-06-2026 में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार।

**मुंसरिम/रीडर अपर सिविल जज जू.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 41 शाहजहांपुर**


# मानवताः एडीएम पहुंचे मेडिकल कॉलेज, सर्जरी वार्ड में राहुल का जाना हालचाल

- दो दिन पहले कलेक्ट्रेट में डीएम के दफ्तर में ईलाज को दरख्वास्त लेकर आया था राहुल
- चोट लगने से पैर हड्डी व स्कीन पूरी तरह गल जाने से सर्जरी में आ रही दिक्कत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मानवीय संवेदना और मदद करने की सोच अगर हो तो किसी भी जरूरतमंद की मदद कर मानवता की मिशाल पेश की जा सकती है। ऐसी एक तस्वीर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सर्जरी वार्ड में गुरुवार को देखने को मिली। जब वहां पर भर्ती राहुल गढ़ियारंगीन का दर्द जानने एडीएम वित्त अरविंद कुमार खुद पहुंच गए। उन्होंने प्राचार्य राजेश कुमार व मेडिकल कालेज स्टाफ के साथ बातचीत कर बच्चे का अच्छे से ईलाज करने को कहा। एडीएम ने वार्ड जाकर वहां भर्ती राहुल का हालचाल जाना। उन्होंने बच्चे को अपने हाथ से फल खिलाकर भरोसा दिलाया कि आपका पैर जल्द सही होगा और उसके लिए जो मदद मुझसे होगी वो में करूंगा। उन्होंने बच्चे के चाचा मेघनाथ को आर्थिक सहायता भी प्रदान की और कहा कि अगर आगे भी कोई मदद ईलाज के लिए आपको चहिए होगी तो बताइयेगा हम अपनी सैलरी से बच्चा का ईलाज कराएगा। जब यह ठीक हो जाएगा तो इसका एडमिशन भी कराएगें।

> जो बच्चा कलेक्ट्रेट में ईलाज को लेकर आया था। उसको राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मैने खुद जाकर बच्चे का हालचाल जाना है और प्राचार्य से बात की गई है कि बच्चे को अच्छे से अच्छा ईलाज मिल सके। जो भी मदद होगी, कराई जाएगी।
> –अरविंद कुमार, एडीएम वित्त

> बच्चे का ईलाज पूरी तरह डाक्टरों की निगरानी में चल रहा है। चोट काफी पुरानी होने से चोट लगने वाली जगह की हड्डी व स्कीन गल चुकी है। हम लोगों की कोशिश रहेगी कि सर्जरी करके पैर ठीक किया जा सके, अगर यह नहीं हो पाया तो पैर के उस हिस्से को काटने पड़ सकता है।
> –सीएमएस डा. सरोज

### दो दिन पहले कलेक्ट्रेट दरख्वास्त लेकर आया था बीमार राहुल

बता दें कि दो दिन पहले बुधवार को कलेक्ट्रेट में ई–रिक्शा से बैठकर राहुल अपने पैर के ईलाज को डीएम दरबार में दरख्वास्त लेकर आया था। जहां पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने आकर बच्चे की फरियाद सुनते हुए प्राइवेट अस्पताल ईलाज को भेजा था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को रात में मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया था। बच्चे का पैर पूरी तरह डैमेज हो चुका है। जिसमें अब दो रास्ते ही बचे है। एक सर्जरी या दूसरा पैर के उस हिस्से को काटकर अलग करना, जोकि पूरी तरह गल चुका है। हालांकि इसको लेकर अभी मेडिकल कॉलेज के डाक्टर कह रहे हैं कि अगर संभव होगा तो सर्जरी करके बच्चे को ठीक कर लिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को भारतीय मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष रामनरेश गुबरेले व मंत्री आशीष झां के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से भेंट कर उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित बीस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से पत्रकारों, श्रमजीवी पत्रकारों को सुरक्षा बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाये। सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरने के लिये जल्द नई भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जायें। डीएम को सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आज मजदूर और कर्मचारी महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी उपेक्षाओं के कारण परेशान है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिये सरकार द्वारा जय किये गये मानदेय को भी आज तक लागू नहीं किया जा रहा हैं। आशा व आशा संगिनी बहिनों के साथ भी अन्याय हो रहा है। संविदा कर्मियों को आउटसोर्सिंग के नाम पर न तो उनको समय से वेतन दिया जाता है और न ही उनके लिये कोई नियमावली बनायी गयी। नौकरी से निकलाले जाने का भय सदैव बना रहता है। इसी प्रकार से सफ़ाई कर्मचारियों को भी बगैर सुरक्षा उपकरणों के ही कार्य कराया जाता है उन्हें उचित वेतन भी नहीं जाता है। एनएचएम में कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को बीमा का लाभ देने के लिये केंद्र सरकार से बजट मिला लेकिन उसे भी अभी तक लागू नहीं कराया गया। इन्हें स्थानांतरण का भय दिखाकर उनका शोषण किया जाता है। वेतन विसंगतियां पहले से ही विद्यमान है। 108, 102 एम्बुलेंस के बर्खास्त कर्मियों को वार्ता के बाद भी अभी तक वापस नहीं लिया गया है जिससे वह भुखमरी में जीवन यापन करने को विवश हो रहे है। पटरी, रेहाड़ी दुकानदारों को प्रतिदिन उत्पीड़न और जलालत झेलनी पड़ रही है। असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले दिहाड़ी मजदूर, ग्रामीण मजदूर, नाई, धोबी, दर्जी अन्य सभी को सामाजिक सुरक्षा व प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था भी नहीं है। सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही पुरानी पेंशन की मांग को लेकर भी सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया।

### तहसील में अब हर दिन होगी योग से शुरुआत, एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कर्मचारियों को दिया फिटनेस मंत्र



**जालौन (उरई)।** सरकारी दफ्तरों में अक्सर फ़ाइलों और शिकायतों का दबाव देखने को मिलता है, लेकिन जालौन तहसील में गुरुवार को माहौल कुछ अलग नजर आया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग पखवाड़ा के तहत तहसील परिसर योगमय हो गया, जहां एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कर्मचारियों और आम नागरिकों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक एवं आयुष चिकित्सक डॉ. आयुष सक्सेना ने भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य लाभ बताए। योग सत्र में तहसील कर्मियों के साथ शिकायत लेकर आए लोग भी शामिल हुए। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कहा कि तनावमुक्त और ऊर्जावान कार्यशैली के लिए योग बेहद जरूरी है। उन्होंने घोषणा की कि अब तहसील परिसर में प्रतिदिन 10 मिनट का योग सत्र आयोजित किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और मानसिक तनाव कम होगा। योगाभ्यास के अंत में सभी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। तहसील परिसर में हुआ यह आयोजन लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

### पीएम को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर देश भर में सभी जिला केंदों पर व उत्तर प्रदेश में सभी 75 जिला केंदों पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिलाध्यक्ष अदीप सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अदीप सिंह ने कहा कि यह टीईटी लागू करने का विरोध नहीं है, यह टीईटी अनिवार्यता लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपने, उनके नियुक्ति प्रावधानों व सेवा सुरक्षा से खिलवाड़ कर उसे खतरे में डालने का प्रबल विरोध है जो उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने तक जारी रहेगा। जिला महामंत्री अंकित अग्रहरि ने कहा कि कोई भी कानून, कानून बनने के दिन से लागू होता है लेकिन यह टेट अनिवार्यता कानून बनने के पहले से लागू कर रहे हैं जो कि कानून की दृष्टि से भी उचित नहीं है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र जी, ज़िला कोषाध्यक्ष केशव अग्निहोत्री, ज़िला उपाध्यक्ष गौरव गौर, प्रवीण कुमार, मीडिया प्रभारी दयाराम राजपूत, ब्लाक देवमई अध्यक्ष मयंक शुक्ल, मलवा अध्यक्ष विनय प्रताप, मंत्री अभिषेक शुक्ला, चन्द्र शेखर, भिटौरा अध्यक्ष दुर्गादत्त मिश्र, शुभ्रांशु, हथगाम अध्यक्ष राहुल, तेलियानी ब्लाक संयोजक संगीता सचान, रीना रस्तोगी, रश्मि अग्निहोत्री, रीना सिंह, चेतना, मिथिला, सुनीता देवी, शिवदेवी गुप्ता, अनीता देवी, राजलक्ष्मी, नेहा, गिरीशचंद्र, मनीष, प्रभाकांत, प्रणवीर सिंह, धर्मेंद्र, नागेश, मातादीन, संतोष कुमार, अनिल, गंगा चरण, विपिन बिहारी, गणेश गुप्ता, राजीव, नागेन्द्र, मुकेश, अजीत, दुर्गेश श्रीवास्तव, रवींद्र, प्रदीप, दीपक, राजीव श्रीवास्तव, राजेश कुमार, संजय रजनीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थित रही।

### अधीक्षण अभियंता विद्युत से पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार



**फतेहपुर।** असोथर थाने के सरवल गांव के रहने वाले रामानंद दुबे पुत्र राधे मोहन द्विवेदी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत के नाम दिए गए शिकायती पत्र में कहा उन्होंने आरोप लगाया कि प्रार्थी विगत चार वर्षों से अपने गांव से बाहर मथुरा में निवास कर रहा है। प्रार्थी के पिता के द्वारा अपने गांव में अपनी भूमि पर समरसेबल/ट्यूबवेल का कनेक्शन लेने के लिये आवेदन किया था। जिसमें उनके द्वारा जेई को अपने समस्त कागजात एवं खेती के दस्तावेज/खतौनी व 130000/-रु. (एक लाख तीस हजार 130000/-रु.) लाइनमैन व अन्य लोगों की मौजूदगी में जेई राकेश यादव को प्रार्थी के पिता के द्वारा दिया गया। जिसके पश्चात् जेई राकेश यादव के द्वारा प्रार्थी के पिता की भूमि पर कनेक्शन के लिये विद्युत पोल व ट्रान्सफार्मर व विद्युत लाइन खिंचवा दी गयी थी। जबकि जेई राकेश यादव द्वारा कहा गया था कि तुम्हारा विद्युत कनेक्शन हो गया है तुम अपना ट्यूबवेल चला सकते हो तुम्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। तुम्हारा विद्युत मीटर भी कुछ दिनों में लग जायेगा। प्रार्थी के पिता के द्वारा समय-समय पर बिल का पैसा जेई राकेश यादव को दिया जाता था। इस प्रकार प्रार्थी के पिता के द्वारा अपना ट्यूबवेल निरन्तर चलाया जा रहा था। तभी विद्युत विभाग द्वारा प्रार्थी के नाम पर विद्युत चोरी की एफआईआर कर 216049/-130000/-रु. की वसूली आरसी जारी कर दी गयी थी। जबकि प्रार्थी विगत चार वर्षों से अपने गांव सरवल में नहीं रह रहा है, न ही उसके नाम गांव में खेती है और न ही घर है। बाहर रहकर अपना पालन पोषण कर रहा है। विद्युत विभाग व उनके अधिकारियों द्वारा ऐसी की गयी कार्यवाही गलत है व विधि विरूद्ध है। पीड़ित ने कहा कि प्रार्थी के पिता के नाम पर विद्युत कनेक्शन कराकर प्रार्थी के नाम जारी वसूली आरसी को निरस्त कर जेई राकेश यादव के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की उसने मांग किया।

# पहूज नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

- स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम ने नदी से तीनों युवकों के शव खोज निकाले
- घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डीएम, एसपी, एसडीएम
- घटना का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता के दिए निर्देश





**माधौगढ़, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद जालौन के माधौगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम गोपालपुरा के निकट गुरुवार को पहूज नदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में स्नान करने गए मध्य प्रदेश के भिंड जनपद के तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से एक परिवार की शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया तथा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के भिंड जनपद के थाना मिहौना क्षेत्र के ग्राम लिधौरा निवासी जगमोहन बघेल (19) पुत्र चरण सिंह, सुधीर बघेल (15) पुत्र जगदीश तथा अवनीश यादव (20) पुत्र गंगा सिंह यादव निवासी ग्राम अन्तियनपुरा, थाना मिहौना सहित कुल 17 युवक आपस में रिश्तेदार थे। सभी लोग 19 जून को मंगलौर में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लिधौरा गांव में एकत्रित हुए थे। शादी समारोह की तैयारियों के बीच सभी युवक घूमने और मौज-मस्ती के उद्देश्य से गुरुवार दोपहर गोपालपुरा के निकट पहूज नदी पहुंच गए। बताया गया कि दोपहर करीब 12.30 बजे सभी युवक नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान जगमोहन, सुधीर और अवनीश अनजाने में नदी के गहरे हिस्से में चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद अन्य युवकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया, किंतु तीनों युवक नदी में समा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तत्काल स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया और एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई। कुछ देर बाद पहुंची एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तत्काल हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने तथा पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मौके पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विनय कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी अंबुज यादव, तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार तथा थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा सहित भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासन ने मध्य प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित कर शवों को सम्मानपूर्वक परिजनों को सौंपने तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने तीनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई की मोर्चरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की आपराधिक घटना सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया यह हादसा स्नान के दौरान युवकों के गहरे पानी में चले जाने के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। इस दुखद घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनसामान्य से अपील की है कि वर्षा ऋतु में नदियों, तालाबों और अन्य जलाशयों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुनसान एवं गहरे जल क्षेत्रों में स्नान करने से बचें तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें, ताकि इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# सौ से कम संरक्षित गोवंशों को बड़े गौआश्रय में करें समायोजितः डीएम

- गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी
- गौशालाओं में क्षमता के अनुरूप गौवंश संरक्षण, हरे चारे, जल निकासी, सीसीटीवी निगरानी के दिए निर्देश

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय गौ-संरक्षण अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद की विभिन्न गौशालाओं एवं वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन गौआश्रय स्थलों में 100 से कम गोवंश संरक्षित हैं, उन्हें निकटवर्ती बड़े गौआश्रय स्थलों में समायोजित करने की कार्यवाही की जाए, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके तथा गोवंशों की देखभाल अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी केंद्र अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप संचालित किए जाएं तथा किसी भी स्थिति में निराश्रित गोवंश खुले में विचरण करते हुए न दिखाई दें। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गौआश्रय स्थलों में जलभराव एवं कीचड़ की समस्या से निपटने के लिए पूर्व से ही समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंशों को मौसमजनित समस्याओं से बचाने के लिए सुरक्षित आश्रय, स्वच्छ वातावरण तथा



जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने सभी गौआश्रय स्थलों पर वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय किसानों से प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो दो किसानों से अनुबंध कर पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। गोचर भूमि पर हरे चारे के उत्पादन की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा उपलब्ध धनराशि का प्रभावी उपयोग करते हुए उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विकासखंड रामपुरा में प्रस्तावित वृहद गौ-संरक्षण केंद्र के निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन एवं अधिग्रहण की कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त गौशालाओं में कार्यरत गोसेवकों एवं केयरटेकरों के मानदेय का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने तथा सभी कार्मिकों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मृत गोवंशों के सम्मानजनक एवं समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वयं सहायता समूहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं की कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीडीओ निशान्त पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### थाना महोबकंठ पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। उक्त अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम, जिसमें उ.नि. देवीशंकर मिश्रा एवं रि.कां. रोहित राव द्वारा टिकरिया मोड़ पर बने प्रतिक्षालय के पास चेकिंग के दौरान 1 नफर अभियुक्त मिथलेश साहू पुत्र श्रीपत, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम गाडौ थाना महोबकंठ जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मिथलेश साहू पुत्र श्रीपत के कब्जे से 1 अदद देशी तमंचा 315 बोर एवं 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुअसं. 83/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने बाल कल्याण एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की



**महोबा।** जनपद की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा (नोडल अधिकारी) वंदना सिंह की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गुमशुदा/अपहृत बालक/बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी, मेडिकल परीक्षण, धारा 180 एवं 183 बीएनएसएस के अंतर्गत बयान, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुतिकरण, पॉक्सो एक्ट, बंधुआ मजदूरी अधिनियम, अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम तथा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत प्रारूप (क) एवं (ख) के अनुपालन सहित विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान केसबंध में विस्तृत चर्चा की गई।और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

- आगामी एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी झांसी प्रयागराज स्नातक एम एल सी चुनाव की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व फतेहपुर के सांसद नरेश उत्तम पटेल का नगर आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी सपा कार्यकर्ताओं से एक जुट होकर पार्टी द्वारा घोषित स्नातक प्रत्याशी डॉ मानसिंह को जिताने का आवाहन किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने नगर आगमन पर सबसे पहले उन्होंने नगर



के वरिष्ठ सपा नेता स्व. मूंगालाल यादव एवं पूर्व प्रधान स्व. बंशीधर यादव के आवास पर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात की। जहां उपस्थित उनके परिजन भारत सिंह एडवोकेट, भगवान दास यादव, बलवीर सिंह यादव, प्रतीक यादव, रणविजय सिंह, बृजराज सिंह, निशांत यादव, प्रेम सिंह, राहुल यादव, जीतेन्द्र यादव, चरन सिंह, सुभाष यादव आदि ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में महंगाई चरम पर है, किसानों को अपनी फसल का मूल लागत नहीं मिला, बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा था कि 90 दिन में महंगाई कम करेंगे, लेकिन 11 साल हो गए, महंगाई कम नहीं हुई। कहा कि कोई भी परीक्षा हो, पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे छात्र परेशान हैं। ये सरकार पूंजिपतियों को बढ़ावा दे रही है। इसके बाद गोंदी चौराहा स्थित दिनेश राजपूत द्वारा पंडाल लगाकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की फोटो भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, दिनेश राजपूत, करन सिंह राजपूत, रामजीवन यादव, लक्ष्मन सिंह एडवोकेट बार अध्यक्ष, शिवराम राजपूत पूर्व बार अध्यक्ष, विवेक राजपूत एडवोकेट, खेतसिंह, संदीप यादव, उमाकांत, शिवा यादव, राम महाराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## सूचना

मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश नायरा (NAIRA) अंकित हो गया है, जबकि उसका नाम बदलकर मैंने अदिति बाथम (ADITI BATHAM) रख लिया है। जिसे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाये एवं भविष्य में उसे इसी जान से जाना व पहचाना जाये।

**गोविन्द पुत्र पूसे, निवासी-2/22, मोहल्ला साहबगंज नरायनदास, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।**


### सामान्य बुद्धि परीक्षा का परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**फतेहपुर।** मिचकी में सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा आयोजित सामान्य बुद्धि परीक्षा-2026 का परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार विवेक श्रीवास्तव रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार मौर्य (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश सविता ने की तथा आचार्य बाबू सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज सविता ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि सामान्य बुद्धि परीक्षा जैसे आयोजन विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं शैक्षिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी मिचकी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोटेश्वर शुक्ला (प्रबंधक, कोटेश्वर इंटर कॉलेज), राजकरण यादव (प्रबंधक, बहुआ इंटर कॉलेज), सुरेंद्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, अभिनेश मौर्य चेयरमैन,



वीरांगना ग्रुप, अक्षय लोधी पूर्व ब्लॉक प्रमुख, हंसवा, अनिल यादव, विक्रम सिंह, बलवीर सिंह यादव (ग्राम प्रधान, जयसिंहपुर), पंडित राधिका शास्त्री (कथावाचक), कमलाकांत द्विवेदी, सचिन सिंह, महेंद्र सिंह (बाबू भैया), झूरी मौर्य, गुरुदत्त सिंह, धीरेन्द्र सिंह,सत्यनारायण सिंह, अखिलेश यादव, संदीप यादव, रूपवती देवी, कामता प्रसाद सक्सेना, शनि यादव एवं सौरभ यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी मिचकी की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संस्था ने भविष्य में भी शिक्षा, प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### रंजिशन ग्रामीण की पिटाई मामले में एफआईआर दर्ज

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरीपुरा निवासी बद्री कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही सिंकू उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन मानने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि बुधवार की शाम वह गांव में जा रहे थे। रास्ते में सिंकू ने उसे रोककर गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का विधायक व डीएम ने किया शुभारंभ

- सेल्फी विद पीएम', प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल(प्रेक्षा गृह) के प्रांगण में आयोजित विकास प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना द्वारा फीता काटकर किया गया। सूचना विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सेल्फी विद पीएम सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के 12 वर्षों तथा राज्य सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही प्रदर्शनी में लगाये गए कृषि, बेसिक शिक्षा, उद्यान, स्वास्थ्य, उद्योग, आयुष, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वयं सहायता समूह, बैंक, पशुपालन, पीएम आवास आदि विभागों के स्टालों का भी अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी देश के आध्यात्मिक विरासत, आधारभूत संरचना एवं विकसित भारत-2047 विजन को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी को नागरिकों द्वारा देखा गया। प्रदर्शनी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जन-कल्याण के जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ प्रेक्षा गृह में विधायक जहानाबाद, विधायक अयाह शाह, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में लोक गायक संस्कृति विभाग द्वारा नामित दल नायक सलोनी व उनकी टीम द्वारा लोकगीत विधा के माध्यम केन्द्र/प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया, जिसकी अतिथिगणों ने भूरीदृभूरी सराहना की। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निबन्ध, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जहानाबाद ने कहा कि केन्द्र सरकार 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी, जब से देश व प्रदेश सभी क्षेत्रों में विकास के पथ पर अग्रसर है, जो धरातल पर स्पष्ट देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय क्षेत्र पंचायत-कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांक 851-/ लेखाकार/केन्द्रीय वित-राज्य वित/निविदा/2026-27 — दिनांकः- 18/06/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से दिनांक **19/06/2026 से 03/07/2026** अपरान्ह 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक **03/07/2026** को अपरान्ह 04:00 बजे विकास खण्ड कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, जे.ई.आर.ई.डी. तथा सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एवं उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक **19/06/2026 से 03/07/2026** की अपरान्ह 04:00 बजे किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से रू0 1000/- रू0 जमा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | मद | वित्तीय स्त्रोंत | लागत | जमानत धनराशि 2प्रति0रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत टाडाबहरामपुर में रामदास के घर से अमर सिंह के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 960000 | 19200 | 1000/- |
| 2 | ग्राम पंचायत नसरतपुर नौगवों में जान मो0 के घर से नवी अहमद के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 922000 | 18440 | 1000/- |
| 3 | ग्राम पंचायत कैटहा के मजरा पाहला में दाताराम के ट्यूबवेल से फूल सिंह के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 805000 | 16100 | 1000/- |
| 4 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर में डामर रोड से पानी की टंकी के पास से मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 476000 | 9520 | 1000/- |
| 5 | ग्राम पंचायत चौकी महमदपुर में राजेन्द्र के घर से रामलडैतें के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 759000 | 15180 | 1000/- |
| 6 | ग्राम पंचायत छीताकपूरापुर मे रामशरन के घर से देशराज शाक्य के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 436000 | 8720 | 1000/- |
| 7 | ग्राम पंचायत झसी में रावेन्द्र के घर से बृजपाल जाटव के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 523000 | 10460 | 1000/- |
| 8 | ग्राम पंचायत झसी के मजरा माछी नगला में मुन्ना लाल के घर से छोटे लाल के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 649000 | 12980 | 1000/- |
| 9 | ग्राम पंचायत चौकी महमदपुर में मेन रोड से मुकेश के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 367000 | 7340 | 1000/- |
| 10 | ग्राम पंचायत इसेपुर के मजरा बलरामपुर में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग से राम प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 250000 | 5000 | 1000/- |
| 11 | ग्राम पंचायत शर्फाबाद के मजरा गुलरिया में विश्राम सिंह के घर से मेन रोड की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 997000 | 19940 | 1000/- |
| 12 | ग्राम पंचायत देवधरपुर नगरिया में करीमगंज संपर्क मार्ग सावित्री देवी के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 300000 | 6000 | 1000/- |

नियम एवं शर्ते विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में अवकाश को छोड़क देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी, वि0ख0 कमालगंज**

# नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए चेयरमैन की पहल, निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में चेयरमैन हैदरगढ़ आलोक तिवारी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल के तहत सुभाष वार्ड की बांके बिहारी कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण के लिए चेयरमैन द्वारा भूमि पूंजन किया गया। उन्होंने कहा कि इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण से स्थानीय निवासियों को जलभराव तथा आवागमन संबंधी समस्याओं से पर्याप्त राहत प्राप्त होगी। यह आधारभूत संरचना जीवन स्तर को उन्नत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। आगे कहा कि हमारा प्रयास 'हैदरगढ़ का संपूर्ण विकास' मात्र एक नारा नहीं, अपितु क्षेत्र की उन्नति का एक सुदृढ़ संकल्प है।

आशा है कि इसी प्रकार हैदरगढ़ के प्रत्येक कोने में विकास की यह लहर निरंतर प्रवाहित होती रहेगी। इस अवसर पर वार्ड सभासद मो0 इशहाक, रविकांत, विनीत अवस्थी, जितेंद्र सिंह, गुड्डू मिश्रा,शिव प्रताप सिंह, अरविंद बाजपेई मौजूद रहे।

## शिक्षा मित्र की मृत्यु से शोक की लहर



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के सिकंदरपुर गाँव निवासी शिक्षामित्र राजकुमार की बीती रात घर पर मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु से शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय तारागंज में कार्यरत 55 वर्षीय राजकुमार पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। बीती रात तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार वाले उन्हें ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि तभी उनकी मृत्यु हो गई। निधन की सूचना मिलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने और शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

# वैभव से नहीं भक्तिभाव से मिलते हैं भगवान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** 'भगवान वैभव से नहीं भक्ति भाव से मिलते हैं।' बहुता धाम में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के अन्तिम दिन कथा-व्यास पं. रामनिवास शास्त्री ने सुदामा-चरित्र की कथा में बताया कि यदि हृदय में शुद्ध निस्वार्थ प्रेम भाव हो तो भगवान शीघ्र द्रवित हो जाते हैं। यों तो परमात्मा जीवमात्र के सुहृद हैं किन्तु जो धन वैभव और सांसारिक विषयों से अनासक्त एकमात्र भगवान को ही अपना माता-पिता, बन्धु-सखा सर्वस्व मानते हैं उन्हें भगवान अपने हृदय से लगाते हैं और ऐसे सुदामा के समान भगवत भक्त जगत पूज्य हो जाते हैं। सुदामा जी अत्यन्त निर्धन गृहस्थ ब्राह्मण थे। वे भिक्षाटन करके जीवन-यापन करते थे। वे नियमों से विरक्त, जितेन्द्रिय, शास्त्रचिन्त तथा सदैव सन्तुष्ट रहते थे। एक बार उनकी धर्मपत्नी सुशीला ने आग्रह करके भगवान का दर्शन करने के लिए द्वारका जाने को प्रेरित किया। पत्नी के द्वारा कुछ घरों से माँग कर लाये गये चार मुट्ठी चिउरा लेकर सुदामा जी भगवान से मिलने गये। वे धीरे-धीरे भगवान कृष्ण के वैभव सम्पन्न भव्य महल तक पहुँच गये। वहाँ श्रीकृष्ण अपनी क्षमतमा भगवती रुक्मिणी के साथ विराजमान थे। दूर से ही देखकर भगवान दौड़कर आये और सुदामा जी को गले से लगा लिया। अपने पलंग पर उनको बैठाया। उनके चरण धोए। चरणोदक लिया। उनकी विधिपूर्वक पूजा की। उनकी आरती उतारी। उनका कुशल-समाचार पूछा। अतिथि सत्कार के पश्चात् भगवान ने सुदामा जी से पूछा कि मेरे लिए घर से भेंट उपहार में क्या लाये हैं? भगवान ने कहा कि मेरे प्रेमी भक्त यदि थोड़ी सी भी कोई वस्तु मुझे प्रेमपूर्वक अर्पित करते हैं तो मेरे लिए वही बहुत होती है किन्तु जो मेरे प्रति भक्ति प्रेम नहीं रखते वे चाहे जितनी बहुमूल्य वस्तु दें, मैं उसे स्वीकार नहीं करता हूँ। मेरा भक्त प्रेमपूर्वक पत्र-पुष्प, फल-जल जो भी देता है मैं उसी का भोग लगाता हूँ। इतना सुनकर भी संकोचवश सुदामा जी जो चार मुट्ठी चिउरा भेंट के लिए लाए थे छिपा गये। भगवान तो अन्तर्यामी हैं। उन्होंने स्वयं ही वह पोटली छीन ली और उसमें से एक मुट्ठी चिउरा चबा गये। दूसरी मुट्ठी लेते ही रुक्मिणी जी ने रोक लिया और कहा कि भगवान, एक ही मुट्ठी आपकी प्रसन्नता तथा भक्त को लोक-परलोक सर्वत्र सुख समृद्धि देने वाली है। सुदामा जी भगवान की उस भक्त वत्सलता बड़े आनन्दित हुये। निश्चय ही मान, मद छोड़-कर प्रेम भाव से की गयी छोटी से छोटी वस्तु स्वीकार करते हैं। वे तो भाव के भूखे हैं, भाव वस्य भगवान सुख निधान करुणा अयन। तजि ममता मद मान भजिअ सदा सीतारामII विशाल कथा प्रांगण में उमेश शुक्ला, सुरेश पाण्डेय, दीपक सिंह, शिवाकान्त दीक्षित, शुभांशु पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, माता प्रसाद शर्मा, उमाशंकर पांडे, अनिल पांडे, मदन मोहन मिश्रा, गया प्रसाद शर्मा आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

## कटान रोकने के कार्य पर उठने लगे सवाल

**रामनगर बाराबंकी।** सरयू नदी के किनारे ग्राम कोरिन पुरवा के पास कटान रोकने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, स्टड और परकोपाइन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और अधिकारियों की अनुपस्थिति में काम कराए जाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल पर किसी जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी नहीं रहती और ठेकेदार मजदूरों तथा मेट के भरोसे कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि बाढ़ खंड विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।स्थानीय लोगो के अनुसार कार्य में बालू भरकर बोरियां लगाई जा रही हैं,जबकि कई बोरियां लगाने से पहले ही फट चुकी हैं।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन व विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का भव्य आयोजन

- विकसित भारत संकल्प केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का जन आंदोलनः उद्यान मंत्री
- केन्द्र व प्रदेश सरकार जनकल्याण के उद्देश्य से निरंतर कर रही कार्यः दिनेश प्रताप सिंह



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र रतापुर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी' कार्यक्रम के द्वितीय दिवस मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने सर्वप्रथम सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। स्टालों के निरीक्षण के समय मा0 मंत्री जी द्वारा तीन बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा तीन गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर गोद भराई की और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के 05 लाभार्थियों व स्पॉन्सरशिप योजना के 02 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, वृद्धावस्था पेंशन के 11 लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाण पत्र, बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत 13 लाभार्थियों को नई रेसिपी पोषाहार किट का वितरण किया गया।

साथ ही 'कन्या जन्मोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत 25 नवजात कन्याओं का जन्म दिवस केक काट कर व बेबी किट वितरित कर उत्साहपूर्वक मनाया गया, जो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की भावना को सशक्त करता है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार जनकल्याण के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। विगत वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का जन आंदोलन है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे उनका लाभ उठा सकें। मंत्री ने कहा कि जनपद के अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी लगन व निष्ठा के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाने का कार्य कर रहे है, आज बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। मंच का संचालन एस0एस0 पांडेय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त (श्रम रोजगार) प्रमोद सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 मुनेश चन्द्र, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### चौकीदार की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बीते दिनो ठकुराइन खेड़ा में पानी की टंकी में चौकीदारी कर रहे अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी जिसमें बछरावां पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। जानकारी के अनुसार ठकुराइन खेड़ा बिंदा प्रसाद पुत्र राम सजीवन गांव के बाहर ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित पानी की टंकी में चौकीदारी करता था जिसकी रविवार की शाम घर से घर गया था और सुबह उसका शव बरामद किया गया। क्षेत्राधिकार महाराजगंज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बनी बछरावां पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण किया गया है जिसमें मृतक के मौसी के लड़के का प्रेम प्रसंग मृतक की पत्नी से चल रहा था। आरोपी राजकिशोर पुत्र वासुदेव निवासी बाबू खेड़ा थाना मौरावा जनपद उन्नाव पूछताछ में बताया कि मृतक की पत्नी ललिता से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर बिंदा प्रसाद बीच में बाधा बना हुआ था जिसको रास्ते से साफ करने के लिए हत्या कर दी थी । बछरावां पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना के अनावरण में मुख्य रूप से क्षेत्राधिकार महाराजगंज प्रदीप कुमार, थाना अध्यक्ष श्याम कुमार पाल, उपनिरीक्षक अभिजीत विश्वकर्मा, कांस्टेबल आशीष एवं एसओजी टीम अरविंद यादव ,उपनिरीक्षक शेखर बालियां, उपनिरीक्षक बजेश मिश्रा सहित पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण किया गया है।

### सई नदी में महिला का उतराता शव मिलने से मचा हड़कंप

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में महिला का शव उतराता मिलने से हड़कंप मच गया।जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के बघौला स्थित सई नदी की है।जानकारी के मुताबिक डीह थाना क्षेत्र के धनकेसरा मजरे पूरब नायन निवासी हीरालाल की पत्नी अनीता उम्र करीब 35 सुबह घर से निकली थी।काफी देर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया।इसी दौरान नदी में शव मिलने की सूचना मिली।मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अनीता के रूप की।वहीं परिजनों द्वारा बताया जा रहा कि कुछ दिनों से अनीता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला ने नदी में कूदकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के दो बच्चे हैं जिनका रो रो कर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सलोन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। वहीं पूरी घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

### चोरी हुआ जनरेटर बरामद

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र से बीती 14 जून की रात चोरी हुआ टेंट व्यवसायी का जनरेटर आखिरकार बरामद हो गया। यह जनरेटर सरेनी क्षेत्र के गेगासो क्रॉसिंग के पास एक खेत में लावारिस हालत में खड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र नाथखेड़ा गांव निवासी टेंट व्यवसायी राहुल यादव के यहां से अज्ञात चोर 14 जून की रात बड़ा जनरेटर चोरी कर ले गए थे।

## जमीनी विवाद में कई घायल, इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर दलशाहपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर बीते रात हुए खूनी संघर्ष में इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, रामफली पाल उम्र 65 वर्ष पुत्र महावीर पाल का गांव के कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते बुधवार देर रात विपक्षी पक्ष के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुस गए और परिवार पर हमला कर दिया। हमले में रामफली पाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी अनारा देवी, पुत्र सुनील पाल, बहू किरण पाल तथा एक नाबालिग अनिकेत भी घायल हो गए। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया।

## तालाब से काटी गयी 50 क्विंटल यूकेलिप्टस की लकड़ी के साथ दो शातिर गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम से संबन्धित जॉन डियर ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट सवार एक अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र मो. इसहाक निवासी ग्राम पूरे ठुन्नी मजरे नवांवा थाना मोहनगंज व बोलरो कार संख्या यूपी 33 एएफ 9016 सवार अभियुक्त मो. इरशाद उर्फ आजाद पुत्र मो. इसहाक निवासी ग्राम पूरे ठुन्नी मजरे नवांवा थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से जॉन डियर ट्रैक्टर की ट्राली में लदी कुल 50 क्विंटल यूकेलिप्टस की लकड़ी बरामद हुई है। जॉन डियर ट्रैक्टर व बोलेरो कार के कागज मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन दोनों ने मिलकर उक्त लकड़ी को ग्राम सभा के तालाब से चोरी से काटे थे। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने सुनी जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। बैठक में व्यापारी बन्धुओं को 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई विशेषतः ज्वैलर्स की दुकानों पर अन्दर के साथ बाहर की ओर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने हेतु अपील की गई ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर खुलासा करने में मदद मिल सके। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुझाव लिये गये तथा सड़कों से अतिक्रमण हटाने संबन्धी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं द्वारा कुछ विशेष बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ संकल्प से सिद्धि सम्मेलन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय गौरीगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन, सेवा एवं गरीब कल्याण को समर्पित 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एम.पी. सिंह ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रमुख पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में समर्थकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया।

# टीईटी की अनिवार्यता वापस लेने की मांग, प्रदर्शन के साथ सौंपा ज्ञापन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को जिले के शिक्षकों ने टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा एवं सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट भवन पर विशाल प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला ने किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए तथा जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित



ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि टीईटी व्यवस्था लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे शिक्षकों पर बाद में बनाए गए नियमों को लागू करना न्यायसंगत नहीं है। महासंघ ने मांग की कि टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल कुछ शिक्षकों का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार और सेवा सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। यदि समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो देशभर के शिक्षक व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर महासंघ के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों में प्रमुख रूप से आलोक तिवारी, पंकज शुक्ला, अमित पांडे, सुरेश कनौजिया, अनुराग यादव, अभिषेक तिवारी, दल बहादुर सिंह, सत्येंद्र तिवारी, अजय सिंह, विमलेंद्र पांडे, अतुल शर्मा, अजेंद्र सिंह, राघवेंद्र त्रिपाठी, संतोष कुमार, संजीव, शैलेन्द्र सिंह, वीरेंद्र, पवन तिवारी, बब्बन यादव, दिलीप शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, विजय वर्मा, कमलेश यादव, पंकज पांडे, योगेंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम की नगर निकायों पर सख्ती, लहरपुर गौशाला निर्माण में देरी पर जताई नाराजगी

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के विकास कार्यों, विभिन्न परियोजनाओं, टाइड एवं अनटाइड फंड, ऑडिट प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्क विकास एवं अन्य जनहितकारी परियोजनाओं की निकायवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं तथा उनकी नियमित निगरानी की जाए। टाइड एवं अनटाइड फंड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उपलब्ध धनराशि का उपयोग शासन की मंशा के अनुरूप करने तथा किसी भी धनराशि को अव्ययित न छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय), प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय) एवं अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा में डीएम ने नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बरसात को देखते हुए नालियों की सफाई, जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी तथा मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने को कहा। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी जलापूर्ति योजनाओं को सुचारु रखने तथा खराब हैंडपंपों और पाइप लाइनों की समयबद्ध



मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं नगर निकायों की आय बढ़ाने, कर वसूली में सुधार और लंबित ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक के दौरान लहरपुर में निर्माणाधीन गौशाला के कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाकर समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# किन्विट जैविक खाद से सुधरेगी मिट्टी की सेहत

**कृषि विज्ञान केंद्र पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन, किसानों को दी जानकारी**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



किसानों को जानकारी देते वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के. कनौजिया

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, कन्नौज में किन्विट जैविक खाद विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों और कृषक महिलाओं को जैविक खाद के निर्माण और उपयोग संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वी.के. कनौजिया ने कहा कि किसान किन्विट जैविक खाद को घर पर तैयार करने के साथ ही औद्योगिक विधि से निर्मित खाद का भी खेतों में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान जीवामृत, घन जीवामृत और गोबर आधारित किन्विट खाद तैयार कर सकते हैं। इस खाद का प्रयोग बुवाई से सात से दस दिन पहले तथा खड़ी फसल में भी किया जा सकता है। मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने बाजार में उपलब्ध किन्विट जैविक खाद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह खाद बड़े पैमाने पर संचालित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांटों में फसलों, सब्जियों, पौधों एवं पशुओं के अपशिष्ट पदार्थों को विभिन्न प्रक्रियाओं से तैयार की जाती है। उन्होंने बताया कि इस खाद में 12 से 25 प्रतिशत कार्बनिक पदार्थ, 1 से 3 प्रतिशत नाइट्रोजन, 0.5 से 2.5 प्रतिशत फास्फोरस, 1 से 3 प्रतिशत पोटाश तथा 15 से 25 प्रतिशत नमी पाई जाती है।

इसके उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है और फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने जैविक खेती और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर भी लिए।

# मीडिया इलेवन ने पुलिस प्रशासन इलेवन को हराया

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



**करमुल्लापुर में क्रिकेट का रोमांच**

सिकंदरपुर क्षेत्र के करमुल्लापुर खेल मैदान पर आयोजित मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबले में मीडिया इलेवन स्टार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन इलेवन स्टार को 16 रनों से पराजित कर दिया। 12-12 ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने खेल भावना और उत्साह का बेहतरीन परिचय दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 144 रन बनाए। जवाब में पुलिस प्रशासन इलेवन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन टीम 12 ओवर में 128 रन ही बना सकी। मीडिया इलेवन के खिलाड़ी रोहित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर पहुंचे। मीडिया इलेवन की कप्तानी अमित दीक्षित और दिलीप कश्यप ने की, जबकि पुलिस प्रशासन इलेवन का नेतृत्व सिकंदरपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र पाल (एसआई) ने किया। मैच के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अजय पाल कठेरिया तथा विशिष्ट अतिथि विपिन द्विवेदी रहे।

दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को खेल प्रतिभा, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला बताया। आयोजन की सफलता में स्थानीय युवाओं और आयोजक समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राम मंदिर दान प्रकरण की जांच होने दीजिए, अखिलेश का हाथ सामने आएगा: सुब्रत पाठक

**कन्नौज।** केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शित कर आमजन को जागरूक किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने फीता काटकर किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, कृषि समेत कई विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

# गौवंश संरक्षण के लिए हस्ताक्षर अभियान ने पकड़ी रफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के तत्वावधान में गौवंश संरक्षण एवं गौ रक्षा से जुड़ी मांगों के समर्थन में चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता का व्यापक समर्थन जुटाकर इन मुद्दों को प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना है।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों और बाजारों में विशेष शिविर लगाकर लोगों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। मंशेश्वरनाथ मंदिर, गंगेश्वरनाथ मंदिर, बाबा की बगिया तथा नवीन मंडी समेत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। नवीन मंडी में आयोजित शिविर में गल्ला आलू व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी सहित कई प्रमुख व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हस्ताक्षर किए। व्यापारियों ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण और उनके उचित पालन-पोषण के लिए बेहतर व्यवस्थाएं जरूरी हैं।

**व्यापारियों ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण और उनके उचित पालन-पोषण के लिए बेहतर हैं व्यवस्थाएं जरूरी**

हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से एकत्र किए जा रहे जनसमर्थन को ज्ञापन के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसे 27 जुलाई को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

रंजीत पांडेय ने विश्वास व्यक्त किया कि इस जन आंदोलन से प्रशासन गौ संरक्षण की दिशा में गंभीरता से विचार करेगा और आवश्यक कदम उठाएगा। अभियान को और अधिक गति देने के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है।

# सीसीटीवी कैमरों को किया निष्क्रिय फिर सूने मकान में की लाखों की चोरी

**पीड़ित के अनुसार पूरी तैयारी के साथ आए थे चोर**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना सौरिख क्षेत्र में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक सूने मकान को निशाना बनाया और सीसीटीवी व्यवस्था को निष्क्रिय कर लाखों रुपये केसामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। ज्ञानोदय नगर निवासी मुकेशानंद शास्त्री उर्फ मुकेश चंद्र पुत्र रामगोपाल दुबे का सकरावा रोड स्थित मकान बंद पड़ा था। गुरुवार को जब वह मकान पर पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला।अंदर जाकर देखा तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था और घर में रखे कीमती सामान गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से बचने के लिए उन्होंने कैमरों के सामने किसी तरीके से प्लास्टिक बांध दी, जिससे उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद चोर घर में घुसे और टीवी, फ्रिज, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर, सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोर सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर और उससे जुड़ा उपकरण भी उखाड़कर अपने साथ ले गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना सौरिख पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिस तरह चोरों ने सीसीटीवी व्यवस्था को निष्क्रिय कर वारदात को अंजाम दिया है, उससे उनकी सक्रियता और दुस्साहस काअंदाजा लगाया जा सकता है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और रोष व्याप्त है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और जल्द खुलासे का दावा किया है।

# सीवर-जलभराव की समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



आवास विकास कल्याण समिति अटल नगर, आवास विकास कॉलोनी ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज दुबे को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। समिति ने कहा कि वर्षों से चली आ रही समस्याओं के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन में सबसे पहले सीवर व्यवस्था की समस्या उठाई गई। बताया गया कि पिछले पांच वर्षों से सीवर की स्थिति जस की तस बनी हुई है और बरसात के समय यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। इसके अलावा सेक्टर-3 स्थित नलकूप वाले पार्क के आसपास जलभराव की गंभीर समस्या का भी उल्लेख किया गया। समिति के अनुसार बारिश में सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी भर जाता है, जिससे गंदा पानी घरों में घुस जाता है, आवागमन बाधित होता है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही सोनेलाल के हाते से ग्रामीण बैंक फर्रुखाबाद चौराहे तक जाने वाले नाले की समुचित निकासी की व्यवस्था कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन में नगर पालिका से पार्कों का मानक के अनुरूप सौंदर्यीकरण, मच्छरों से बचाव के लिए नियमित फॉगिंग, टेलीफोन एक्सचेंज के पास अटल द्वार का निर्माण, कॉलोनी में भवन संख्या संकेतक पट्टिकाएं लगाने तथा कॉलोनी के मानचित्र को प्रमुख स्थानों पर स्थापित कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अजयकुमार चतुर्वेदी, परशुराम शाक्य, अरुणेश चतुर्वेदी, देवीदीन शाक्य, महाराम पाल, रामऔतार माथुर, राजेश कुमार शाक्य, कमल किशोर त्रिपाठी, राजीव कुमार द्विवेदी, अनुज कुमार दुबे, संतोष कुमार पांडेय व शिवकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रीजेंसी हैल्थ का नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका रोड स्थित एलआईसी ऑफिस के पास संजीवनी हॉस्पिटल में शुक्रवार, 19 जून को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रीजेंसी हैल्थ का नि:शुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजक डॉक्टर सरित द्विवेदी ने बताया इस शिविर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजीविशेषज्ञ डॉ नीरज मौर्या सिंह (एमडी) कैंसर की जांच एवं परामर्श, रेडिएशन थेरेपी संबंधी सलाह, बिना कारण वजन कम होना, लंबे समय से रहने वाला दर्द, असामान्य रक्तस्राव (खून आना), लंबे समय तक रहने वाली खांसी, निगलने में परेशानी और शरीर में किसी भी जगह गांठ या सामान्य सूजन पर जांच के बाद आवश्यक परामर्श देंगी। यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ अविरल श्रीवास्तव (एमएस एमसीएच) पेशाब में जनन या दर्द, बार–बार पेशाब आना, पेशाब में खून, पुरुष नपुंसकता और पुरुषों में प्रोटेस्ट की समस्या पर जांच के बाद परामर्श देंगे।

### बेटी को न्याय दिलाने की मांग तेज, दी आंदोलन की चेतावनी



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कासगंज जनपद के गांव बाहेरपुर गंजडुंडवारा में वाल्मीकि समाज की एक बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में न्याय की मांग जोर पकड़ रही है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा बाल्मीकि ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा बाल्मीकि ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। आरोप है कि बेटी की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया, लेकिन घटना के बाद भी अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पूरे समाज में रोष व्याप्त है और पीड़ित परिवार स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। क्या मांग रखी गई 1. मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। 2. पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। 3. अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन न्याय की मांग को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि बेटी को न्याय और दोषियों को सजा दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। घटना को लेकर स्थानीय लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों ने भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बेटी को इंसाफ दो, अत्याचार बंद करो के नारों के साथ समाज के लोगों ने प्रशासन से जल्द न्यायिक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

### प्राकृतिक खेती अपनाने से सुरक्षित होगा भविष्य: प्रिया शाक्य

**कन्नौज।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास तथा पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में वक्ताओं ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, पर्यावरण संरक्षण होगा और लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उप कृषि निदेशक संतोष यादव ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता जताते हुए हरी खाद, जीवामृत तथा जैविक उपायों के उपयोग पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने किसानों को फसल चक्र अपनाने, श्री अन्न की खेती बढ़ाने, जल संरक्षण करने तथा फसल अवशेष न जलाने की सलाह दी।

# पुलिस से की भाई की मौत को आत्महत्या नहीं, हत्या बताकर कार्रवाई की मांग

**सीडीआर निकालकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग**

**कोतवाली पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के सराय दायमगंज निवासी पूनम राजपूत ने राज्य महिला आयोग समेत पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपने भाई शिव राजपूत की मौत की निष्पक्ष जांच कराने और मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 11 अप्रैल 2026 को उनका भाई घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान उसकी चप्पल ग्राम कनौली के पास काली नदी पुल पर मिली और अगले दिन नदी से शव बरामद हुआ।

पूनम राजपूत का कहना है कि शुरुआत में पुलिस ने मामले की गहराई से जांच करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही मृतक के मोबाइल फोन की सीडीआर उपलब्ध कराई गई।

उनका आरोप है कि सीडीआर से घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हो सकता है।

प्रार्थना पत्र में उन्होंने गांव के दो युवकों पर भाई को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना से पहले मृतक ने अपने दोस्तों को पूरी बात बताई थी और मानसिक रूप से परेशान था।

इसके बावजूद पुलिस ने आरोपों की गंभीरता से जांच नहीं की। पीड़िता ने बताया कि मामले में थाना, पुलिस क्षेत्राधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच, मृतक की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सीएमएस ने बिना एप्रेन मिले कर्मचारियों को फटकारा



**ओपीडी व्यवस्था सुधारने व फर्जी पर्चियों पर रोक लगाने के दिए निर्देश**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिला अस्पताल में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी बिना एप्रेन और आई-कार्ड के कार्य करते मिले। इस पर सीएमएस ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने और पहचान पत्र अनिवार्य रूप से धारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। ओपीडी के बाहर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ को देखते हुए सीएमएस ने व्यवस्था दुरुस्त कराई। मरीजों को लाइन में लगाकर इलाज कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फार्मासिस्टों से कहा कि दवा वितरण के समय मरीजों को दवा लेने का समय और तरीका भी स्पष्ट रूप से बताया जाए, ताकि उन्हें दोबारा चिकित्सकों की ओपीडी में न जाना पड़े।

सीएमएस ने अल्ट्रासाउंड जांच में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। फर्जी पर्चियों की शिकायतों को रोकने के लिए चिकित्सकों को प्रत्येक पर्चे पर हस्ताक्षर और मोहर लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बारह वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर गुरसहायगंज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक बहन अर्चना पांडे ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के साथ मिलकर नगर के सम्मानित जनों से आत्मीय भेंट की। कार्यक्रम में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें माला एवं भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। संवाद के माध्यम से केंद्र सरकार की बारह वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक अर्चना पांडे ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। पिछले बारह वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी सुविधाओं पर अभूतपूर्व काम हुआ है। जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनसे सीधा संवाद कर उनका विश्वास जीतना है। पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि केंद्र की योजनाओं का सीधा लाभ गुरसहायगंज की जनता को मिल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं से आमजन का जीवन आसान हुआ है। नगर पालिका केंद्र और राज्य सरकार के साथ मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हमारा संकल्प है कि गुरसहायगंज को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त नगर बनाया जाए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग व्यापार मंडल के प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश चंद वर्मा का स्वागत पूर्व खन मंत्री द्वारा उनकी दुकान पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर किया गया। इस दौरान व्यापारियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता से सीधा संवाद कर शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करना है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज मिश्रा राजीव ठाकुर संजीव गुप्ता पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा सभासद बलबीर सिंह राठौड़ के अलावा कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद है।

# दीपक गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोनीत



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा दीपक गुप्ता को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और व्यापारियों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया है। नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा – मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और हितों की रक्षा मेरी पहली प्राथमिकता होगी। नगर के सभी व्यापारियों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराना मेरा लक्ष्य है। हमारा संगठन हमेशा व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा और सरकार से उनकी मांगों को मजबूती से उठाएगा। दीपक गुप्ता के नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर अंकुर इंटरप्राइजेज, गुरसहायगंज ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शुभेच्छा संदेश में कहा गया है कि दीपक गुप्ता के नेतृत्व में नगर के व्यापारियों को नई दिशा मिलेगी और व्यापार मंडल को मजबूती मिलेगी। अंकुर इंटरप्राइजेज ने दीपक गुप्ता के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और मेहनत से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा और संगठन और मजबूत होगा। नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर क्षेत्र के व्यापारी, समाजसेवी और गणमान्य लोगों ने भी दीपक गुप्ता को बधाई दी है।

# बाल श्रम उन्मूलन अभियान से दो बच्चे हुए मुक्त: शिवानी गुप्ता

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को गुरसहायगंज क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण और पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया गया। श्रम विभाग, एएचटीयू, चाइल्ड हेल्पलाइन और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान 10 जून से 30 जून तक जिले की सभी तहसीलों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरसहायगंज क्षेत्र के ईंट भट्ठों, होटल-ढाबों, मैकेनिक की दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। साथ ही दुकानदारों एवं सेवायोजकों को बाल श्रम निषेध कानूनों की जानकारी देते हुए बच्चों से काम न कराने की अपील की गई। टीम ने आमजन को भी बाल श्रम के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। बाल श्रमिकों से मुक्त पाए गए प्रतिष्ठानों पर ÷बाल श्रम मुक्त प्रतिष्ठान÷ के स्टिकर लगाकर उन्हें सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। अभियान के दौरान 1098, 112, 108, 1076, 1090 और 181 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी लोगों को दी गई। संयुक्त टीम में एएचटीयू से उप निरीक्षक कमलेंद्र सिंह चौहान, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से शिवानी गुप्ता, चाइल्ड राइट्स एसोसिएट मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार , मुकदमा दर्ज

तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिर्वा कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद कर ली। जानकारी के अनुसार 16 जून को कमलेपुरवा निवासी अवधेश कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट तिर्वा कोतवाली में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र निवासी निगम गौतम (24) और करन सिंह (21) की पहचान की। गुरुवार को तिर्वा पुलिस ने बछज्जापुर-अहेर मार्ग पर घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# औषधि विभाग ने की छापेमारी,तीन दवाओं के भरे नमूने

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जनपद में दवाओं की गुणवत्ता और औषधि नियमों के अनुपालन की जांच के लिए औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को सौरिख एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और अभिलेखों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। सौरिख स्थित रामा मेडिकल स्टोर के औचक निरीक्षण में फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिला। इस पर औषधि निरीक्षक ने प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक क्रय-विक्रय से संबंधित बिल और अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं तीन दवाओं के नमूने लेकर उन्हें सील कर गुणवत्ता परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं मानक गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। निरीक्षण में मिली कमियों को समय रहते दूर नहीं किया गया तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भारतीय सेना में चयनित छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

▸ डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने युवाओं का बढ़ाया हौसला, कहा-सेना में जाना मातृभूमि की सेवा का सर्वोच्च अवसर


चयनित छात्र-छात्राओं के साथ डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में ए प्लस फिजिकल एकेडमी नवाबगंज के डायरेक्टर हसीन खान के नेतृत्व में भारतीय सेना में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी 193 विधानसभा अमृतपुर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने चयनित अभ्यर्थी ग्राम बलीपुर निवासी नितिन कुमार, नवादा निवासी अरुण यादव, विश्व प्रताप सिंह, नवाबगंज निवासी अभिषेक, हुसैनपुर निवासी अंकित राजपूत, नवाबगंज निवासी ललित कुमार, सिरौली खेड़ा निवासी रिषभ, नवाबगंज निवासी नवीन कुमार, उमरपुर निवासी पुष्कर राजपूत, धुरीहार निवासी शिवराज, गढ़िया निवासी अंशुल यादव, सिरौली निवासी गोपाल पाल, नगला मना निवासी सचिन यादव, कलौली निवासी आस्था पाल, उमरपुर निवासी धर्मेन्द्र को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में चयनित होकर इन युवाओं ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्र सेवा का अवसर प्राप्त करना सौभाग्य की बात है और यह उपलब्धि अन्य युवाओं को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है।

भारतीय सेना का हिस्सा बनना केवल एक रोजगार पाना नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र रक्षा और मातृभूमि की सेवा करने का सबसे बड़ा और पवित्र अवसर है। इन युवाओं ने अपने अनुशासन, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। आज पूरा महाविद्यालय इनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। डॉ. जितेन्द्र ने अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे इन सफल विद्यार्थियों को अपना आदर्श मानें और अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर प्रयास से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। डॉ. यादव ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं गौरवशाली भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी चयनित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके समर्पण, परिश्रम और उपलब्धि की सराहना की। वहीं डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने ए प्लस फिजिकल अकेडमी के संचालक हसीन खान को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह का वातावरण उत्साह, गौरव और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा। सम्मान समारोह के दौरान पूरा महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सेना में जाने वाले युवाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई गणमान्य शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम ने जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेती डीएम

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न, जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

डीएम ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय.सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। दो कार्यदायी संस्थाएँ-मै0 जी.वी.पी.आर. तथा मै0 वी.टी.एल. गजा-पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं संबंधित कार्यों का निष्पादन कर रही हैं। प्रस्तुत प्रगति विवरण के अनुसार मै0 जी.वी.पी.आर. द्वारा अब तक 71 उच्च जलाशयों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 183 पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा 61 योजनाओं में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। मै0 वी.टी.एल. गजा द्वारा 151 उच्च जलाशयों का निर्माण कराया जा चुका है। संस्था द्वारा 122 पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है तथा 166 योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। डीएम ने मै0 जी.वी.पी.आर. के कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष परियोजनाओं को शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवशेष योजनाओं की प्रगति को बार.चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी की जा सके। बैठक में योजनाओं पर अपेक्षाकृत कम श्रमिकों की तैनाती पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को अतिरिक्त श्रमशक्ति लगाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से 75 से 100 प्रतिशत प्रगति वाली 58 पेयजल योजनाओं को सितंबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण करने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्तए पूर्ण हो चुकी 71 पेयजल योजनाओं को यथाशीघ्र अनुरक्षण एवं संचालन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस व्यवस्था में लाने के निर्देश भी दिए।

## सड़क पर मक्का डालकर सुखाना बन रही मौत का कारण

▸ बीते दिन बाइक फिसलने से हुई थी महिला की मौत
▸ लोगों ने रोक लगाये जाने की मांग की


सड़क पर सूख रही मक्का

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सदरियापुर मार्ग पर सड़क पर मक्का सुखाने के कारण हुए एक हादसे में महिला की मौत के बावजूद, ग्रामीण सबक नहीं ले रहे हैं। गुरुवार को इसी मार्ग पर एक बार फिर सड़क पर मक्का सुखाई जाती दिखी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हुई। बुधवार को इसी मार्ग पर कन्नौज निवासी गीता देवी की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। बताया गया कि सड़क पर फैली मक्का के कारण बाइक चालक का संतुलन बिगड़ा और वाहन ट्रैक्टर से टकरा गया। इस दुर्घटना में गीता देवी की मौत हो गई, जबकि उनके पति और भतीजी घायल हो गए थे। इस घटना के बाद यह अपेक्षा की जा रही थी कि ग्रामीण सड़क पर फसल सुखाने से बचेंगे। हालांकि, गुरुवार को फिर सड़क पर मक्का बिछी मिली। इससे तेज रफ्तार वाहनों और दोपहिया चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सदरियापुर निवासी ग्रामीण रामवीर सिंह ने बताया कि सड़क पर मक्का सुखाने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि अब वाहनों की संख्या बढ़ गई है, इसलिए महिला की मौत के बाद सभी ग्रामीणों को सतर्क रहना चाहिए और सड़क पर फसल नहीं सुखानी चाहिए। ग्रामीण सत्यपाल यादव ने कहा कि यह हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और ग्रामीणों को सड़क के बजाय सुरक्षित स्थानों पर मक्का सुखाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। राहगीर विजय कुमार ने बताया कि सड़क पर फैली मक्का के कारण दोपहिया वाहन अक्सर फिसलते हैं। उन्होंने कहा कि महिला की मौत के बाद भी सड़क पर मक्का सुखाया जाना गंभीर विषय है। यदि इस पर जल्द रोक नहीं लगी, तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में नवाबगंज ने बेग की टीम को 18 रनों से हराया

▸ सजल गुप्ता और निखिल बने जीत के हीरो


क्रिकेट खेलते खिलाड़ी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के बबना रोड स्थित पीजी कॉलेज के पास चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में टॉस जीतकर बेग की टीम ने पहले गेंदबाजी (फील्डिंग) करने का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नवाबगंज की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट खोकर 156 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सजल गुप्ता की आतिशी बल्लेबाजी नवाबगंज की तरफ से स्टार बल्लेबाज सजल गुप्ता ने मैदान के चारों तरफ चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए सर्वाधिक 77 रनों की धुआंधार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 शानदार चौके और 6 गगनचुंबी छक्के जड़े। बेग की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित और सौरभ ने अपनी टीम को सफलता दिलाते हुए 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेग की टीम ढेर 157 रनों के भारी-भरकम लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेग की टीम नवाबगंज के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम 139 रनों पर ही ढेर हो गई। बेग की टीम की ओर से अंकुर ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। निखिल की घातक गेंदबाजी, नवाबगंज 18 रनों से विजयी नवाबगंज की तरफसे निखिल ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए अकेले 4 विकेट अपने नाम किए। निखिल की इस शानदार गेंदबाजी के दम पर नवाबगंज की टीम ने यह मैच 18 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए निखिल को विशेष रूप से सराहा गया। इस रोमांचक मुकाबले के दौरान मैदान पर खेल का आनंद लेने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अनुज कश्यप, आनंद कश्यप, राघव यादव, प्रशांत यादव सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बीडीओ ने साप्ताहिक बैठक कर की विकास कार्यों की समीक्षा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। विकासखंड कार्यालय पर गुरुवार को विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। बीडीओ ने ग्राम पंचायत के सचिवों से फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आवास सर्वे, कूड़ा कलेक्शन तथा स्वच्छता पर जोर दिया। वहीं आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण पर की गहनता से चर्चा की और समय से निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये। बीडीओ ने समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों को अपने-अपने क्षेत्र में आवासों की सर्वे तथा स्वच्छता पर कूड़ा कलेक्शन करने, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री जैसे सरकारी योजनाओं के कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, प्रवीण कुमार, कुलदीप राजपूत, आकांक्षा सक्सेना, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, मोतीलाल, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### शनिवार को ग्राम बेग में चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान


बैठक लेते बीडीओ मौजूद अन्य

नवाबगंज। विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोगों से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। बीडीओ अमरेश चौहान तथा स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ बैठक में पहुंचे और ग्राम पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन गांव में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए ग्राम पंचायत बेग को चयन किया गया। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि आगामी शनिवार को ग्राम पंचायत बेग में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कार्यालय के समस्त कर्मचारी स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। बैठक में एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवाबगंज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा, बीपीएम तथा अन्य कई डॉक्टर बैठक में भाग लिया। ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सचिव बैठक में मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में विवाहिता ने लगाई फांसी, हालत गंम्भीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घरेलू विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए उपचार के सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गाँव अर्जुन नगला निवासी राम लक्ष्मन की पत्नी रोशनी उम्र 22 वर्ष पर उसके छोटे देवर प्रवेश ने पानी डाल दिया। इसी बात को लेकर भाभी रोशनी ने देवर को खरी-खोटी सुनानी शुरू कर दी। शोर सुनकर रोशनी की सास गीतादेवी मौके पर पहुंचीं और बहू को डांट दिया। सास की डांट से आहत होकर रोशनी गुस्से में कमरे में चली गई और साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के कुंडे से लटक गई। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने गेट का कुंडा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो रोशनी फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और कायमगंज सीएचसी लेकर लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

## योग सप्ताह के चौथे दिन सहज योग ध्यान कार्यशाला का हुआ आयोजन


योग कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य

▸ मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहा है योग सप्ताह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल द्वारा सहज योग फाउंडेशन, के सहयोग से योग सप्ताह के चौथे दिन सहज योग ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला इंटर्न, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण संकाय सदस्यों तथा हॉस्पिटल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य ध्यान के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने योग सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समग्र स्वास्थ्य एवं आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में योग और ध्यान की भूमिका को रेखांकित किया। ध्यान सत्र का संचालन मोहित गुप्ता एवं सीमा चौरसिया द्वारा किया गया, जो सहज योग फाउंडेशन से संबद्ध हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को सहज योग ध्यान के सिद्धांतों से परिचित कराया तथा व्यावहारिक ध्यान अभ्यास करवाए। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान तनाव को कम करने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने तथा समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होता है। कार्यक्रम में डॉ. रीता सिंह, डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा एवं डॉ. वी.एस. यादव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्या डॉ. नीतूश्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने आयोजकों, संकाय सदस्यों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों का कार्यक्रम की सफलता में उनके सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों द्वारा इस कार्यशाला की सराहना की गई तथा यह योग सप्ताह के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गतिविधि सिद्ध हुई। जिसने योग एवं ध्यान के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया।

## टेंट का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 10 घायल, 4 की हालत गंभीर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


पलटा पड़ा ट्रैक्टर ट्राली मौजूद सीओ व पुलिस बल

अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में एक शादी समारोह की तैयारियों के दौरान टेंट का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार करीब 10 युवक घायल हो गए। जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार ग्राम जटपुरा निवासी दिनेश की पुत्री रुचि का विवाह 20 जून को होना है। विवाह समारोह की तैयारियों के तहत शनिवार को कस्बा अमृतपुर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टेंट का सामान लादकर गांव लाया जा रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गांव के कई युवक भी सवार थे। रास्ते में अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार युवक नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में आदित्य पुत्र बृजेश, प्रांशु पुत्र बृजेश, प्रेमी पुत्र दिनेश, सुधांशु पुत्र अनिल, शनि पुत्र शिववरण, अजय पुत्र रामरतन सिंह, सिंकू, गौरव पुत्र नरवीर सिंह, अंकित पुत्र आदर्श सहित अन्य युवक घायल हुए हैं। ट्रैक्टर चालक अमित पुत्र बृजेश भी हादसे में घायल हो गया। बताया जा रहा है कि घायलों में तीन युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय सामने अचानक एक टेंपो आ गया था। ट्रैक्टर पर सवार सत्यम पुत्र अरविंद ने बताया कि चालक ने टेंपो को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने आशंका जताई कि स्टेयरिंग फेल होने या ब्रेक जाम होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय तथा थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन सिंह सोलंकी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकलवाया और एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां उनका उपचार कराया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। विवाह समारोह की खुशियां अचानक चिंता में बदल गईं। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं चिकित्सकों द्वारा गंभीर रूप से घायल युवकों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 प्रमित राजपूत ने बताया चार घायल अंकित पुत्र आदर्श, 22 वर्षीय शनि पुत्र शिवन, 18 वर्षीय प्रांशु पुत्र बृजेश, 18 वर्षीय गौरव पुत्र विमलेश चारों गंभीर रूप से घायल है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है, जिनकी हालत गंभीर थी, बाकी का इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## सात आशाओं को स्पष्टीकरण नोटिस, निष्कासन की चेतावनी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड नवाबगंज में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी में कुछ आशाओं द्वारा सहयोग न कर लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिससे योजनाओं को गति नहीं मिल पा रही है। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा स्वास्थ केंद्र अधीक्षक समेत संबंधित कर्मचारियों को फटकार लग रही है। जिसको लेकर स्वास्थ केन्द्र के अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड के गांव खलवारा अचरा की आशा माधुरी, गांव रसूलपुर अचरा की आशा विनीता, गांव मई रशीदपुर की आशा मुन्नी देवी, गांव सलेमपुर उम्मरपुर की आशा शर्मिला, त्यौरी उम्मरपुर की आशा किरन, गांव जाफरनगर नगला बारंग की आशा साजिया, गांव अल्हादादपुर शिवरई मठ की आशा रामादेवी को नोटिस जारी किया है। जारी किए गए नोटिस में संबंधित आशाओं पर आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी में लगातार लापरवाही का आरोप लगा कर तीन दिन में कार्य में सुधार लाने व कार्यालय को लिखित रूप से स्पष्टीकरण जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में जवाब न देने की स्थित में उनके खिलाफएक पक्षीय कार्रवाई करते हुए निष्कासन के लिए उच्चाधिकारियों को सूचना देने की चेतावनी दी गई है।

### चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पकरिया निवासी हरिओम पुत्र राजेंद्र सिंह ने गांव के ही महेंद्र सिंह, महाराज पुत्रगण अतर सिंह व सुरजीत उर्फमोनू, विनय प्रताप उर्फसोनू पुत्रगण महेंद्र सिंह के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 14 जून सुबह 10 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी चेकिंग के लिए आए तो उपरोक्त सभी आरोपित मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए बोले कि बिजली कर्मचारियों को तुमने बुलाया है जब मैं गाली देने से मना किया तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू की।

## चिकित्सीय सेवा के तहत गरीबों की मदद करना मेरी प्राथमिकता: डॉ. कार्तिकेय


डॉ. कार्तिकेय सिंह, फिजिशियन


मरीज देखते डॉ. कार्तिकेय सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान डॉ. कार्तिकेय सिंह ने बताया कि चिकित्सीय सेवाओं के साथ-साथ सामज सेवा करना मेरा उद्देश्य है। प्रेरणा श्रोत मेरे पिता स्व0 प्रो0 एनकेएस राठौर है। मेरी मां अनुराधा राठौर गृहणी है। मेरी पत्नी डॉ. अनुराधा सिंह है व मेरे दो बच्चे है। मैं हाईस्कूल 2007 में मॉर्डन पब्लिक स्कूल से किया। इंटर की परीक्षा 2009 में सीपी विद्या निकेतन कायमगंज से उत्तीर्ण की। 2009 से 2015 तक बीएमएस की पढ़ाई पूर्ण की और 2019 में राममूर्ति मेडिकल कालेज बरेली से एमडी किया। मेरे 3 हॉस्पिटल है। अनुराधा हॉस्पिटल बढ़पुर, अनुराधा मल्टी स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल लखनऊ व निकट हथियापुर क्रासिंग में अनुराधा हॉस्पिटल है। चौथा निर्माणाधीन हॉस्पिटल खिमसेपुर में है। शिक्षा पूर्ण करने के बाद चिकित्सीय सेवा को चुना और समाजसेवा की भावना के

### धरती के भगवान

साथ राजनीति में आया। मेरी हावी किताबें पढ़ना है। मैं एक चिकित्सक के साथ-साथ राजनेता बनना चाहता हूं। वर्तमान में फिजिशियन संबंधित बीमारियों के मरीजों का इलाज करता हूं। जैसे पेट में पानी भरना, आंतों में इंफेक्शन, लीवर की समस्या, किडनी आदि के मरीजों का इलाज करता हूं। जो गरीब मरीज है उनको निःशुल्क परामर्श के साथ दवाइयों में भी छूट देता हूं।

सन् 2020 में बसपा से राजनीति शुरु की और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव मोहम्मदाबाद पंचम से लड़ा। मुझे 3200 वोट मिले। 2022 में भाजपा में शामिल हुआ। नगर पंचायत खिमसेपुर से टिकट भी मांगा था। भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते सभी बैठकों आदि में शामिल होता हूं। आगामी नगर पंचायत चुनाव में खिमसेपुर से पुनः टिकट की दावेदारी करूंगा। समाजसेवा की दृष्टि से मैंने खिमसेपुर में एक एंबुलेंस खड़ी कर रखी है। कोई भी मरीज अपना डीजल डलाकर एंबुलेंस की सेवा ले सकता है। भाजपा में मेरे प्रिय नेता स्व. अटल बिहारी बाजपेयी थे। क्योंकि वह स्पष्टवादी थे।कोविड के दौरान हमनें चिकित्सीय सेवा में योगदान दिया।जिसके चलते सीएमओ द्वारा 2020 व 2021 में कोविड अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# भ्रष्टाचार के लिए केवल विभाग के अधिकारी ही नहीं, राजतन्त्र भी दोषीः एसके त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। सामान्यतः जब किसी विभाग में भ्रष्टाचार की चर्चा होती है, तो उसके लिए केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी ठहराया जाता है। निस्संदेह, वे भ्रष्टाचार के प्रत्यक्ष भागीदार होते हैं, परन्तु यह मान लेना कि केवल विभागीय अधिकारी ही इसके लिए उत्तरदायी हैं, उचित नहीं है।

शिक्षक एसके त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन व्यवस्था अथवा राजतन्त्र (शासक वर्ग) की नीतियाँ, कार्यप्रणाली और उत्तरदायित्वहीनता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

किसी भी विभाग का संचालन सरकार द्वारा बनाए गए नियमों और नीतियों के अनुसार होता है। यदि शासन पारदर्शी, उत्तरदायी और कठोर नियंत्रण वाला हो, तो भ्रष्टाचार की संभावनाएँ स्वतः कम हो जाती हैं। इसके विपरीत, जब नियम जटिल हों, निगरानी कमजोर हो और दोषियों को दण्ड न मिले, तब अधिकारी भ्रष्ट आचरण के लिए प्रोत्साहित होते हैं। इस प्रकार शासन की कमियाँ भी भ्रष्टाचार के लिए उत्तरदायी बनती हैं।



एसके त्रिपाठी

राजनीतिक हस्तक्षेप भी भ्रष्टाचार का एक प्रमुख कारण है। कई बार अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानान्तरण तथा पदोन्नति योग्यता के आधार पर न होकर राजनीतिक प्रभाव के आधार पर होती है। ऐसी स्थिति में अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति कम और राजनीतिक संरक्षण देने वालों के प्रति अधिक उत्तरदायी हो जाते हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त, यदि शासन स्वयं नैतिकता और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत न करे, तो प्रशासनिक तंत्र से आदर्श आचरण की अपेक्षा करना कठिन हो जाता है। शीर्ष स्तर पर होने वाली अनियमितताएँ और घोटाले अधीनस्थ अधिकारियों के लिए भी गलत संदेश देते हैं। इसलिए शासन और प्रशासन दोनों का चरित्र स्वच्छ होना आवश्यक है। हालाँकि यह भी सत्य है कि प्रत्येक अधिकारी को अपने कर्तव्य और नैतिक दायित्व का पालन करना चाहिए। व्यक्तिगत ईमानदारी का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए भ्रष्टाचार के लिए केवल राजतन्त्र या केवल अधिकारी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। दोनों की जिम्मेदारी है कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोपरि रखें। अन्ततः कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार एक सामूहिक समस्या है, जिसके लिए विभागीय अधिकारी और शासन व्यवस्था दोनों उत्तरदायी हैं।

जब तक शासन की नीतियाँ पारदर्शी नहीं होंगी और अधिकारी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे, तब तक भ्रष्टाचार का पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं है। अतः भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण के लिए शासन और प्रशासन दोनों का समान रूप से उत्तरदायी बनाना आवश्यक है।

## लायन्स क्लब के मुदित टंडन अध्यक्ष व सचिव बने सौरभ अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लायन्स क्लब की नवीन कार्यकारिणी का शुभारम्भ लायन्स निमिषा गुप्ता व लतिका महेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। शालिनी अग्रवाल व सपना अग्रवाल ने लायन्स के सिद्धांत के बारे में बताया कि राजन महेश्वरी ने नवीन कार्यकारिणी एवं प्रमोद अग्रवाल ने शपथ दिलायी। सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुदित टंडन को बनाया गया। सभी ने फूल मालाओं से नवनियुक्त मुदित टंडन का फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी व लायन्स क्लब के पीआरओ संजय गर्ग ने नवीन पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाई दी। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष मुदित टंडन व उपाध्यक्ष लायन्स रविन्द्र यादव, डॉ. रवि रस्तोगी, सुधांशु अग्रवाल, जितेन्द्र रस्तोगी बनाये गये।



नवनियुक्त अध्यक्ष मुदित टंडन व अन्य

**नवीन कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों का किया गया स्वागत**

निवर्तमान अध्यक्ष निमिषा गुप्ता, सचिव लायन्स सौरभ अग्रवाल बने। कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता को बनाया गया। संयुक्त सचिव अभिषेक रस्तोगी, वैश्विक नेतृत्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल बने। सदस्यता विस्तार अध्यक्ष राजन महेश्वरी, साइट फर्स्ट अध्यक्ष रचित टंडन, पीस पोस्टर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, टेमर सपना अग्रवाल, टेल ट्वीटर डॉ. ओपी महेश्वरी, लेखा परीक्षक नीरज रस्तोगी, पीआरओ संजय गर्ग, निदेशक योगेश साध, मुजफ्फर हुसैन रहमानी, डॉ. साधना महेश्वरी, रीतु अग्रवाल, रीता रस्तोगी के अलावा संरक्षक सभी पूर्व अध्यक्ष बनाये गये। नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। आभार राजन महेश्वरी ने व्यक्त किया।

## एनसीसी के शिविर में सिखाए गए आग बुझाने के तरीके



आग बुझाने का प्रशिक्षण देते फायर कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के निर्देशन में आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 36 में अग्निशमन अधिकारियों द्वारा आग बुझाने के तरीके सिखाए गए।

कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ के निर्देशन में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-36 में गुरुवार को अग्निशमन अधिकारियों द्वारा आग बुझाने के तरीके बताए गए। फायर ब्रिगेड केंद्र फतेहगढ़ से आए आए अग्निशमन अधिकारी विनोद कुमार तथा उनकी टीम ने सभी एनसीसी कैडेट्स को केंद्रीय व्याख्यान के माध्यम से सर्वप्रथम आग लगने के तरीके, तथा जिन कारणों से आग लग सकती है के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले जिस कारण से आग फैलती है या लगती है उसको हटा देना चाहिए। ऑक्सीजन की उपस्थिति में आग ज्यादा तेजी से फैलती है, जब ऑक्सीजन हट जाती है तो आग स्वतः ही बुझ जाती है। उन्होंने फायर एक्सटिंग्वीसर से आग बुझाने के तरीके बताए। डेमो के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स से आग बुझाना सिखाया गया। आग लग जाने पर किस प्रकार से बिल्डिंग में फंसे लोगों को रेस्क्यू के माध्यम से बचाना चाहिए उसके तरीके बताए। कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ ने अग्निशमन अधिकारी व उनकी टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर संदीप माधव, कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, सेकंड अफसर संतोष शुक्ला, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार दिनेश सिंह, जीसीआई अंजलि आदि मौजूद रहे।

## समर परिवर्तन कैम्प में बच्चों को दिये गये संस्कार




परिवर्तन समर कैम्प में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन संस्कार परिवर्तन के रूप में किया गया। प्रथम दिन उद्घाटन परमात्मा स्मृति में दीप जलाकर किया गया। बच्चों ने अपने-अपने परिचय से अपना उद्बोधन व्यक्त किया। बच्चों को आत्मा और परमात्मा के बारे में शोभा बहन ने विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने सभी बच्चों से अपील की वह अपने दोस्तों के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार रखें। गोल्डी कुशवाह ने कहा कि बच्चों का खाना पीना और सॉन्ग बहुत शुद्ध होना चाहिए। बहन प्रिंसी ने बच्चों को कहा कि तुम सब बच्चे राम की सच्ची सेवा हो जो चाहे वह कर सकते हो इसलिए अपने हुनर को अच्छे कार्य में उसे करो। आरती बहन ने भी विचार रखे। संस्कार परिवर्तन कैंप में 50 बच्चों ने भाग लिया। पूनम बहन, एकता बहन ने उर्मिला बहन, प्रतीक्षा बहन बच्चों की कमान संभाली। संचालन गीता कुशवाहा ने किया।

## शिविर में बच्चों को कराया गया राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति का बोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में संचालित सप्त दिवसीय बाल संस्कार शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति की महानता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। शिविर का वातावरण देशभक्ति, संस्कार एवं वैदिक विचारधारा से ओत-प्रोत रहा।

संचालक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वैदिक संस्कृति विश्व की महानतम संस्कृति है, जो समस्त मानवता को विश्वबंधुत्व, सत्य और सदाचार का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के मूल में महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार तथा आर्य समाज की राष्ट्रवादी चेतना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साहिल कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज की भूमिका तथा उससे जुड़े महान क्रांतिकारियों के संघर्षपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया। आचार्य रामप्रकाश आर्य ने जल संरक्षण, शुद्ध सात्विक




शिविर में जागरूक करते आचार्य

आहार तथा शाकाहार के महत्व पर विचार व्यक्त किये। संतोष आर्य ने धर्म के वास्तविक स्वरूप की सरल व्याख्या प्रस्तुत की। उर्मिला आर्या ने भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति, सत्यनिष्ठा एवं सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। सभी बच्चों को संकल्प दिलाया गया कि वे ऊँच नीच, छुआछूत एवं जात पात जैसी समाज को विभाजित करने वाली कुरीतियों का त्याग करेंगे। इस मौके पर आचार्य ओमदेव, आचार्य श्यामबहादुर शर्मा, आचार्य राकेश, प्रदीप आर्य, वैभव आर्य, उदयराज, हर्ष आर्य, उर्मिला देवी एवं नेहा आर्या आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दूसरी मुहर्रम पर लाल सराय मस्जिद से निकला अलम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दूसरी मुहर्रम हर साल की तरह इस साल भी लाल सराय स्थित मस्जिद से शबीहे अलम वफादारे सरदारे अलमदारे कर्बला गाज़ी हज़रते अब्बास अ0स0 बरामद हुआ। जिसमे अंजुमन शमशीरे हैदरी शायबे बयाज जनाब नयाब आब्दी नें कलाम पढ़ा। शिया धर्म गुरु मौलाना फरहत अली ज़ैदी नें फरमाया कि मोहर्रम नवासे रसूल इंसानियत को इस्लाम को बचाने कर्बला में वारिद हुए हुसैन ने अली के काफिले में औरतें और बच्चे भी साथ थे। हुसैन अ0स0 कर्बला में ज़ालिम के जुल्म को मिटाने और शरीअते मोहम्मदी को बचाने आये थे। इसलिए आज हुसैन घर-घर है और यज़ीद का नामो निशान मिट गया और रहती दुनिया तक जो इमाम हुसैन के चाहने वालों से टकरायेगा उसका भी यही हशर होगा। अलम घुमना चौक पक्कापुल होता हुआ रकाबगंज मौला हजरत अब्बास रौजे पर मुकमल हुआ और वहाँ पर मजलिस हुई। इस अवसर पर सैय्यद अम्मार अली जैदी, आफताब हुसैन, नफीस हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी, अली यावर जैदी, जावेद हुसैन, इंतजार हुसैन, मोहसिन काजमी, मुदास्सर काजमी, हुसैन अली जैदी, अली मोहम्मद शोएब जैदी, सैफ हुसैन, यूसुफज़ैदी आदि लोग मौजूद रहे।

### आईटीआई में वृहद रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन 19 जून को विद्यालय परिसर में होगा। 40 से अधिक कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 2500 रिक्तियों के सापेक्ष में अभ्यार्थियों की भर्ती होगी। 18 से 35 वर्ष के अभ्यार्थी अपने बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में भाग लें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### संस्कार भारती की कार्यशाला का समापन 20 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन समारोह 20 जून शनिवार को भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में शाम 5:30 बजे होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शास्त्री नृत्यांगना फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चौहान होंगी। विशिष्ठ अतिथि पार्श्व गायक पंकज सैनी होंगे। यह जानकारी कुलभूषण श्रीवास्तव ने दी है।

### मोहर्रम को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने ली बैठक



बैठक में मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि व अन्य

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत शमसाबाद के सभागार में मोहर्रम कमेटी की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आगामी त्यौहार मोहर्रम के आयोजन हेतु नगर के क्षतिग्रस्त रोड, लाईट व्यवस्था, सफाई आदि को विशेष ध्यान केन्द्रित करने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उ.प्र.जल निगम निर्माण शाखा को मोहर्रम जुलूस का विशेष क्षतिग्रस्त रोडों की मरम्मत करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया, ताकि जुलूस के संचालन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही निकाय क्षेत्र में कई जगह पर खुले ट्रासंफार्मर व लटकतें बिजली के तारों को व्यवस्थित करने हेतु उपखण्ड दक्षिणांचल विद्युत निगम लि0 नवाबगंज को पत्र प्रेषित किया गया, ताकि जुलूस में कोई अप्रिय घटना घटित न होने पायें। बैठक में जल निगम के अवर अभियन्ता अमित जयसवाल, मुवीन आलम सभासद, विक्रम सभासद, शारिक अली सभासद, मोहर्रम कमेटी के सदस्य शान मोहम्मद बुशीउरहमान, शमीम अब्बास, पूर्व सभासद इस्लाम खॉ, वसीम कुरैशी आदि उपस्थित रहें।

## गौशाला में गोवंश की मौतों पर भाकियू अखण्ड ने किया प्रदर्शन

**नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप एसडीएम पर लगाये आरोप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड ने उपजिलाधिकारी कायमगंज की तानाशाही, मनमानी निरंतर किसानों के साथ किया किया जा रहे अभद्र व्यवहार, अवैध वसूली, गौशाला में निरंतर हो रही गो हत्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। भाकियू अखंड प्रदेश के पदाधिकारियों ने कायमगंज गौशाला में गोवंशों की संदिग्ध मौतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि गौशाला प्रकरण को उजागर करने वाले किसानों और गोरक्षकों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि गौशाला में कई गोवंश मृत मिले थे, जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई थी, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई। किसान यूनियन ने एसडीएम कायमगंज पर जांच को प्रभावित करने, किसानों का उत्पीड़न करने और शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने के आरोप लगाए हैं। संगठन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच, दर्ज मुकदमों की समीक्षा तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, अवधेश सोमवंशी, विवेक सिंह, सुनील गिहार, छविनाथ उर्फछन्नू, पूरन राठौर, नेत्रपाल सिंह, आशीष कुमार यादव, अनूप मिश्रा, विनोद, सर्वेश सिंह, आदित्य आदि लोग मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

### मार्ग दुर्घटना में जिला सूचनाधिकारी का निधन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला सूचना कार्यालय उन्नाव में तैनात धनश्याम कुमार का कार्यालय से घर जाते समय शुक्लागंज के पास सहजनी मोड़ पर सड़क दुर्घटना में रात्रि में 8:45 पर निधन हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए लोगों ने प्रार्थना की। इससे पूर्व वह जनपद फर्रुखाबाद में भी सूचना कार्यालय में तैनात रह चुके है। जिला सूचना कार्यालय से संबंधित सभी कर्मचारियों ने उनकी आत्मा की शांति व परिवार को दुख सहने की शक्ति पदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।



धनश्याम कुमार का फाइल फोटो

## आनंदेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामजी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला नुनहाई स्थित श्री आनंदेश्वर महादेव प्राचीन मंदिर के शिवमन्दिर में जीर्णोद्धार के बाद भगवान श्रीरामजी के बाल स्वरूप की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न हुई। मंदिर की भव्यता और दिव्यता बढ़ाते हुए श्रीरामजी के साथ-साथ श्री हनुमानजी एवं शनिदेवजी महाराज का भी श्रृंगार किया गया। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव 15 से 18 जून तक चला। इस दौरान विद्वान पंडित प्रमोद कुमार, ओंकार नाथ और राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक, अन्नाभिषेक, फलाभिषेक, पुष्पाभिषेक, पूजन, शयन, नगर भ्रमण और महाआरती संपन्न कराई। पूरे आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भक्ति का वातावरण बना रहा। श्री रामभक्त राधाकृष्ण द्विवेदी, डॉ0 शिव ओम अम्बर, गणेश दुबे, प्रमोद पांडेय, मुन्ना भैया, रत्नेश शुक्ला, मनोज मिश्रा, अमित, वैभव, प्रशांत, ललन भैया, अखिलेश दुबे ने सपत्नी चारुल दुबे के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की आरती उतारी।

इससे पहले भगवान का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार कर भक्तों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। प्राण प्रतिष्ठा के समापन पर महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## सैनिक कालोनी में नाले के पानी की समस्या से लोग परेशान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वार्ड नंबर 26 की सभासद बिटान देवी ने जिलाधिकारी को भेजे गये पत्र में सैनिक कालोनी में पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि फतेहगढ़ के क्षेत्र वार्ड सं0 26 दुर्गानगर में अम्बेडकर की मूर्ति से सैनिक कॉलोनी तक मैन रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा नाला बना है। जिसका पानी सैनिक कॉलोनी में 09 इंच की नाली में इसका पूरा पानी आयेगा। जिससे सैनिक कॉलोनी के घरों में पानी भर जायेगा। उस समस्या को लेकर कॉलोनी के 50 लोग लगभग चेयरमैन के पास गये थे। चेयरमैन ने पूरा आश्वासन दिया था और पी.डब्लू.डी. के जेई से बात की थी। चेयरमैन ने बोला था कि जो भी एस्टीमेट आयेगा वह नगर पालिका को पी.डब्लू.डी. देगी। इस पर पी.डब्लू.डी. के जेई ने कहा था कि हमको लेटर दे दीजिए। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि उक्त सड़क फर्रुखाबाद फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पी.डब्लू.डी. का है, जिसको काट कर पुलिया बननी है। जिसका नगर पालिका ने पी.डब्लू.डी. को लेटर 11 मई को दिया था। 02 से 03 महीने बीत जाने के बाद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। नाले का पानी रोड क्रास करके उत्तर दिशा में डाल देने से यह समस्या हल हो जायेगी और शीघ्र नाला बनवाने की स्थानीय लोगों ने मांग की है।

## मिट्टीकला से युवा पीढ़ी को मिली संस्कृति की कार्यशाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया जूनियर विद्यालय लोहई रोड उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ, एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टीकला (टेराकोटा) कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला निर्देशक संजय कुमार सिंह, विशाल सिंह, अतुल द्विवेदी, सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ के निर्देशन में हो रहा है। भोपाल से आए मूर्ति शिल्पकला साधक प्रशिक्षक प्रदीप कुमार के साथ अनाथ्या, आकृति, वैष्णवी, यश, रामाश, पूर्वी, मोनिका बच्चों को परंपरागत टेराकोटा कला की बारीकियां सिखा रहे हैं। प्रशिक्षण में बच्चों को मिट्टी तैयार




मिट्टी के बर्तन का प्रशिक्षण देते प्रदीप कुमार

करना, पानी का प्रयोग, मिट्टी को माड़ना (लोच देना), रोल करना, गोलियां बनाना, बेलनाकार, अंडाकार, आयताकार मॉडल्स के माध्यम से उनके अंग बनाना जैसे पांडा, खरगोश, बिल्ली, कुत्ता, बत्तख, मोर हाथी आदि बनाना सुखाकर तथा रंगों से सजाकर पेंट करना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कला भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के संरक्षण का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दे रहे है। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि माटी कला के माध्यम से जनपद अपनी प्राचीन संस्कृति और इतिहास से जुड़ रहा है। पांचाल जनपद में मिट्टीकला की प्राचीनता संकिसा, कम्पिल, कन्नौज, अहिच्छत्र, आमला एवं कानपुर देहात में मिले किले के अवशेषों में टेराकोटा, सील-सिक्के, मृदभांड के रूप में मिलती है। कार्यशाला में संस्कार भारती के अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह राठौर, गौरव मिश्रा, नरेन्द्र नाथ मिश्र, अनुराग अग्रवाल, अनुभव सारस्वत, अरविंद दीक्षित, रवींद्र भदौरिया, कुलभूषण श्रीवास्तव, अनुराग पाण्डेय रिंकू, अशोक शुक्ला, विनय अग्रवाल, संजय गर्ग, राजेंद्र दीक्षित, आदेश अवस्थी, प्रमोद अग्रवाल, समरेंद्र शुक्ल, अर्पण शाक्य, आशीष शर्मा, नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे। गुंजा जैन, अजीत दीक्षित ने भी कार्यशाला का भ्रमण कर गतिविधियों की सराहना की।

## भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी संघ के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय मजदूर संघ एक राष्ट्रवादी संगठन ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। मजदूर और कर्मचारी महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षाओं के कारण अत्यंत परेशान है। आंगनबाड़ी बहनों के लिए सरकार के द्वारा तय किए गए मानदेय को भी नहीं लागू किया जा रहा है। आशा/आशा संगिनी बहनों के साथ भी पूर्ण रूप से अन्याय हो रहा है। संविदा कर्मियों को आउटसोर्सिंग के नाम पर न तो उनको समय पर वेतन दिया जाता है और न तो उनके कोई नियमावली बनाई गई है। नौकरी से निकाले जाने का भय सदैव रहता है। सफाई कर्मचारी को बिना सुरक्षा उपकरण के ही कार्य कराया जाता है और उचित वेतन भी नहीं दिया जाता है। एनएचएम कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को बीमा का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार से बजट मिला है, लेकिन उसे भी अभी तक लागू नहीं कराया गया। स्थानांतरण का भय दिखाकर उनका शोषण किया जाता है। वेतन विसंगतियां पहले से ही विद्यमान है। 108, 102 एंबुलेंस के बर्खास्त कर्मियों को वार्ता के बाद भी अभी तक वापस नहीं लिया गया। वो भुखमरी में जी रहे हैं। पटरी रेहाड़ी दुकानदारों को प्रतिदिन उत्पीड़न और जलालत झेलनी पड़ती है। असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे दिहाड़ी मजदूर, ग्रामीण मजदूर, नाई, धोबी, दर्जी अन्य सभी को कोई सामाजिक सुरक्षा व प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था भी नहीं है। सरकारी कर्मचारियों की बहुत समय से चली आ रही पुरानी पेंशन की मांग को सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है। आठवे वेतन आयोग लागू किया जाये। आशा संगिनी को न्यूनतम 18 हजार से 24 हजार रुपये मानदेय निश्चित किया जाये, आदि मांगे शामिल है।

## प्रशिक्षण शिविर में महिला कैडेट्सों को बताया गया स्वच्छता का महत्व



कैडेट्सों को जानकारी देती डॉ. ममता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में सिविल चिकित्सालय की सर्जन डॉ. ममता ने महिला कैडेट्स को महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं निजी स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किशोरियों एवं महिलाओं में होने वाले सामान्य रोगों, उनके कारणों, बचाव तथा समय पर उपचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. ममता ने व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के उपाय बताए। उन्होंने महिला कैडेट्स को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। डा0 नवनीत गुप्ता ने कैडेट को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्व युक्त भोजन लेने की सलाह दी गई। फास्ट फूड एवम जंक फूड से परहेज करने के लिए बताया।

## सरकारी मक्का खरीद न होने पर किसानों ने किया हंगामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में 33सौ मीट्रिक टन किसानों से सरकार ने 24सौ रूपया कु0 की दर से 15 जून से 31 जुलाई तक खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन आज तक सरकारी खरीद शुरू नहीं होने पर कीरतपुर के प्रशांत कटियार, नगला अमृत के सतीश कुमार सहित कई किसान सरकारी खरीद केंद्र सातनपुर मंडी पहुंचे। किसानों की मक्का खरीद न होने पर इसकी शिकायत किसान नेता तथा आलू विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार से की। जिस पर अशोक कटियार सातनपुर मंडी खरीद केंद्र पर पहुंचे। यहां केंद्र प्रभारी संतोष यादव सुबह 11 बजे तक मौजूद नहीं थे। उनका मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा था। जिस पर किसानों ने हंगामा किया। अशोक कटियार ने रोली सिंह से फोन पर बात की।



जानकारी देते अशोक कटियार व अन्य

उन्होंने बताया कि अभी तक एनआईसी से खरीद केंद्र विधिवत अपलोड नहीं है। जिस पर अशोक कटियार ने सख्त नाराजगी जताई। तीन दिन बाद भी मक्का खरीद शुरू न होने की शिकायत मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी एनकेएस चौहान से की। उन्होंने डीएम से वार्ता कर मक्का खरीद शीघ्र ही शुरू कराने का आश्वासन दिया।

## 23 जून को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

# छोटी काशी में कल से शुरू होगा श्री नंदीश्वर विवाह व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।**

धार्मिक नगरी 'छोटी काशी' में भगवान शिव के परम भक्त एवं वाहन श्री नंदीश्वर महाराज के विवाह एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बाबा चंद्रभाल शिव मंदिर परिसर में 20 जून से पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ होगा, जबकि 24 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना, हवन-पूजन एवं विशाल प्रसाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।



शिव मंदिर प्रबंधकारिणी समिति, गोला-खीरी एवं बाबा चंद्रभाल गोकर्णनाथ मंदिर जीर्णोद्धार कॉरिडोर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव का मार्गदर्शन एवं संरक्षण क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त उत्तर प्रदेश राज्य गन्ना एवं चीनी मिल सलाहकार परिषद के सदस्य अमन गिरि के निर्देशन में किया जा रहा है। विधायक अमन गिरि की पहल पर गोला गोकर्णनाथ को धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे इस महोत्सव को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 20 जून, शनिवार को षष्ठी तिथि पर जलाधिवास के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 21 जून को सप्तमी तिथि पर अन्नाधिवास तथा 22 जून को अष्टमी तिथि पर फलाधिवास की रस्में संपन्न कराई जाएंगी। 23 जून, मंगलवार को नवमी तिथि पर महास्नान एवं प्राण संस्कार के उपरांत प्रातः नौ बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में शयनाधिवास का आयोजन होगा। 24 जून, बुधवार को दशमी तिथि पर भगवान शिव मंदिर परिसर स्थित नीलकंठ मैदान, तीर्थ क्षेत्र में मुख्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक विधि-विधान से श्री नंदी बाबा की मूर्ति की स्थापना, हवन-पूजन एवं विशाल प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

विधायक अमन गिरि ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से महोत्सव में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ की सनातन परंपरा और धार्मिक गौरव को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए यह आयोजन ऐतिहासिक साबित होगा।

## बरसात से पहले नहीं हुई सफाई गदियाना में गंदगी से परेशान ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत छैरासी के मजरा गदियाना में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से गांव नहीं पहुंचते, जिसके कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां चोक पड़ी हैं और घरों से निकलने वाला दूषित पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में काफी समय से सफाई नहीं कराई गई है। जगह-जगह कूड़ा-करकट जमा है और बजबजाती नालियों में गंदा पानी ठहरने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। बरसात का मौसम नजदीक होने के बावजूद नालियों की सफाई न कराए जाने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा।ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाए रखने और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा सफाईकर्मियों की नियुक्ति की गई है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की निगरानी के अभाव में कई गांवों में सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

## हिस्ट्रीशीटर अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली पुलिस ने एक घोषित हिस्ट्रीशीटर को अवैध असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात कोंधवा रेलवे क्रॉसिंग से कोंधवा जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों के चलते एक व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा .315 बोर कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक शुक्ला पुत्र दयाशंकर शुक्ला, निवासी मोहल्ला कुम्हारन टोला, थाना गोला, जनपद लखीमपुर खीरी बताया।

## खबरें एक नजर में

### नेपाल में लावारिस मिलीं गोरखपुर नंबर की दो कारें जांच में जुटीं पुलिस व कस्टम एजेंसियां

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के रुपन्देही जिले में भारतीय नंबर प्लेट लगी दो कारों के संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने से सीमा क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। नेपाल पुलिस ने सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी गोरखपुर (यूपी-53) नंबर की एक होंडा और एक महिंद्रा कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बरामद दोनों वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 27 लाख नेपाली रुपये आंकी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वाहन नेपाल कैसे पहुंचे और इन्हें वहां किसने छोड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों कारों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए भैरहवा स्थित बेलहिया कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है। भारतीय नंबर प्लेट के वाहनों की नेपाल में बरामदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि वाहन चोरी कर सीमा पार ले जाए गए हों या फिर बिना वैध कस्टम दस्तावेजों के नेपाल पहुंचाए गए हों। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बेलहिया कस्टम कार्यालय के प्रमुख हरिहर पौडेल ने बताया कि नेपाल पुलिस ने दोनों वाहनों को लावारिस स्थिति में बरामद कर कस्टम कार्यालय को सौंपा है। नियमानुसार वाहनों को सीज कर उनके स्वामित्व, दस्तावेजों और सीमा पार प्रवेश से जुड़े तथ्यों की जांच की जाएगी। सीमा क्षेत्र में हुई इस बरामदगी को सुरक्षा एजेंसियां भी गंभीरता से ले रही हैं। जांच के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि मामला चोरी, अवैध परिवहन, तस्करी या किसी अन्य गतिविधि से जुड़ा है। फिलहाल दोनों वाहन कस्टम कार्यालय की निगरानी में हैं और जांच जारी है।

### चाकू के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित पुरानी पानी टंकी के पास से बुधवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार कर व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है एसआई चरण सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल मंगला प्रसाद व अजीत मौर्य के साथ हथेड़ा गुलाब तिराहा पर मौजूद थे की मुखबिर ने सूचना दिया की एक व्यक्ति पुरानी पानी टंकी हथेड़ा के पास खड़ा है जिसके पास एक चाकू है जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हथेड़ा गांव स्थित पानी टंकी के पास पहुंचकर राजपुर गांव निवासी असलम को चाकू के साथ गिरफ्तार कर व्यक्ति के विरुद्ध 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार कर 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### महिला के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव निवासी मंजू देवी ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की मेरे जमीन में गांव निवासी समर बहादुर व हरेंद्र उर्फ छोटू द्वारा जबरदस्ती पूर्वक हमारी भूमि में मेडा तोड़ कर अपने खेत में मिला रहे थे जब मै मना किया तो दोनों व्यक्ति द्वारा माँ बहन की गाली देते हुए लाठी डंडे से मारा तथा ट्रैक्टर के कलटिवेटर से धक्का मारते हुए घसीट दिया जिससे पुरे शरीर में कई हिस्से पर चोट आई है तथा सिर में चोट आई उक्त व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दिया है हमारे देवर लवकुश व पड़ोस के व्यक्ति द्वारा बीच बचाव किया है जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक अभिषेक जायसवाल ने महिला का उपचार किया है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमण्डगंज राजेश राम ने बताया की महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरिया गांव निवासी रवि ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है दी गई तहरीर में बताया है की बुधवार की सुबह 9 बजे दिन में पिता पग्गल धरकार खेत में ट्रैक्टर से मिट्टी गिरवा रहे थे तभी उक्त समय पर मिट्टी गिरा रहे स अज्ञात ट्रैक्टर चालक लापरवाही पूर्वक तेज गति से ट्रैक्टर से हमारे पिता को टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिससे पिता की मौके पर मृत्यु हो गई तथा अज्ञात ट्रैक्टर लेकर भाग गया ट्रैक्टर मालिक वीरेंद्र कोरी के घर पर खड़ा करके अज्ञात चालक गायब हो गया है जिस पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमण्डगंज राजेश राम ने बताया की मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# प्रवीण गेल की तूफानी पारी, विशाल की हैट्रिक से समीर इलेवन बनी एनएनपीएल चैंपियन

**फाइनल में चंदन इलेवन को 6 विकेट से हराया, विशाल सुल्तानपुरी बने मैन ऑफ द मैच**



**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** निघासन खेरवा रोड स्थित खेल मैदान पर आयोजित निघासन नाइट प्रीमियर लीग (एनएनपीएल) का फाइनल मुकाबला बुधवार रात चंदन इलेवन निघासन और समीर इलेवन नानपारा के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में समीर इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंदन इलेवन को 6 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में प्रवीण गेल की विस्फोटक बल्लेबाजी और विशाल सुल्तानपुरी की घातक गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी विकास अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नवीन अग्रवाल,, रजनीश कनौजिया, निर्मल चतुर्वेदी, संतोष बाथम, रवि वर्मा, आफताब आलम, मानू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। टॉस जीतकर समीर इलेवन ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंदन इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 103 रन बनाए। टीम की ओर से शिवम ने 38 रन और राजा ने 28 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। समीर इलेवन के गेंदबाज विशाल सुल्तानपुरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित चार विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। 104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समीर इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती ओवर में ही एक विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे प्रवीण गेल ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए मात्र कुछ गेंदों में 48 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में छह गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। प्रवीण की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर समीर इलेवन ने लक्ष्य हासिल करते हुए छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर ली।

## खेत बचाओ अभियान के तहत हुआ कृषक जागरूकता कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**



कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकास खंड पसगवां के ग्राम पनई में बुधवार को कृषक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. जिया लाल गुप्ता ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने, हरी खाद, जैव उर्वरकों तथा फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

उन्होंने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने एवं आय बढ़ाने के उपाय बताए। साथ ही उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी भी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान में लगी आग, एक लाख रुपए नकद सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव में बुधवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में खपरैल के मकान में आग लग गई। संयोग था कि घर के भीतर दो बच्चों के साथ सो रही गृहस्वामी की पत्नी की अचानक नींद खुल गई नही तो बच्चों सहित आग की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता था। लहुरियादह गांव निवासी पन्नालाल धइकार के खपरैल के मकान में देर रात एक बजे के करीब अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय पन्ना लाल की पत्नी सोनू देवी अपने दो बच्चों के साथ घर के भीतर सो रही थी। घर में आग की लपटे उठने पर अचानक नींद खुली तो देखा कि घर धू धू कर जल रहा है।आनन फानन में दोनों बच्चों को जगाकर घर से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।आग बुझाने के लिए शोरगुल मचाने लगी। महिला की पुकार सुनकर डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मी सोहनलालएवेद प्रकाशए राजेश कुमारए सुभाष कुमार ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर के भीतर रखा एक लाख रुपए नकद सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने घटना की जांच की। गृहस्वामी की पत्नी सोनू देवी ने बताया कि पति रोजगार के लिए बाहर गए हुए हैं।पति ने घर की छत बनवाने के लिए एक लाख रुपए दिया था जिसे अटैची में रखा था।

## सपा विधायक पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हाल वायरल घटना के बाबत साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर महिला सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में रानीगंज विधानसभा के सपा विधायक डॉ राकेश कुमार वर्मा के खिलाफ प्रतापगढ़ साइबर थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने तहरीर देकर शिकायत की है।उन्होंने आरोप लगाया है कि विधायक डॉ राकेश कुमार वर्मा ने 17 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांसद एवं महिला जनप्रतिनिधि कंगना रनौत के संबंध में अमर्यादित,अशोभनीय और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक पोस्ट की जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही थी,जिससे महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंची।

# 21 जून को जैव विविधता पार्क चिलबिला में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का होगा आयोजन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने 20 जून को जिला, ब्लाक, अमृत सरोवर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के लिए प्रचार प्रसार एवं स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि सभी निजी औद्योगिक संस्थानों मे सामान्य योग प्रोटोकाल अभ्यास कराया जाये और इन सभी आयोजनो में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न किया जाय।



बैठक में जिलाधिकारी ने 21 जून को पुलिस लाइन में होने वाले 12वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का स्थान परिवर्तित कर स्वामी करपात्री जी महाराज जैव विविधता पार्क चिलबिला में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सुमन कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग स्वस्थ्य सुखी और निरोग जीवन का सबसे सशक्त आधारः योगी राम ध्यान आर्य

**समृद्धि न्यूज़, चुनार।**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व चुनार नगर में योग के प्रति जन.जागरण का उत्साह निरंतर बढ़ता जा रहा है। पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आरटीसी किला ग्राउंड चुनार में आयोजित छह दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को दर्जनों लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। शिविर में नगर के गणमान्य नागरिकोंए सामाजिक कार्यकर्ताओं युवाओं एवं योग साधकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। शिविर को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी योगी राम ध्यान आर्य ने कहा कि योग प्रकृति का अनुपम उपहार है जो मनुष्य को शारीरिकए मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग ही वह माध्यम हैए जो व्यक्ति को तनावमुक्तए निरोग बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहींए बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण का एक व्यापक जनआंदोलन है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक प्रकार की बीमारियों, मानसिक तनाव और जीवनशैली जनित विकारों से बचा जा सकता है। योगी जी ने उपस्थित प्रतिभागियों को योग जॉगिंग सूर्य नमस्कार ताड़ासन वृक्षासन अर्धचंद्रासन एवं विभिन्न सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों की विधियों का प्रशिक्षण देते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने योगाभ्यास के दौरान आवश्यक सावधानियों तथा संतुलित एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहींए बल्कि आत्मबलए सकारात्मक सोचए अनुशासन एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योग करने वाला व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक आत्मविश्वास और संतुलन के साथ कर सकता है। शिविर में उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया तथा आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक लोगों को जोड़ने और योग को जन.जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कमलाकर गुप्ता ने किया।

## 12 वर्ष पुराने मुकदमे का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेंदा पुलिस ने 12 वर्ष पुराने मुकदमे में वांछित एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन, में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी फरेंदा श्रीमती दीपशिखा वर्मा के पर्यवेक्षण में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान। इसी क्रम में आज वृहस्पतिवार को थाना प्रभारी फरेंदा राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त दूधनाथ पुत्र जग्गू निवासी फरेंदा बुजुर्ग को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। मुकामी पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना



फरेंदा में वर्ष 2012 में दर्ज मुकदमा संख्या 29/2012, धारा 323, 504, 506 एवं 308 भादवि से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वारंटी अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कलीमुल्ला खां एवं मुख्य आरक्षी जितेन्द्र यादव की टीम ने गुरुवार को फरेंदा बुजुर्ग गांव में दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# 31 लाख रुपये के 105 खोए मोबाइल बरामद, स्वामियों को किए सुपुर्द

**जनपद पुलिस की बड़ी सफलता**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट पुलिसिंग, तकनीकी दक्षता और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल ने सीईआईआर पोर्टल और आधुनिक तकनीकी संसाधनों की सहायता से 105 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार विभिन्न थानों एवं सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर सर्विलांस सेल द्वारा गुम मोबाइल फोनों की खोज शुरू की गई। टीम ने मोबाइल फोनों के आईएमईआई नंबरों के आधार पर तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग करते हुए विभिन्न कंपनियों के कीमती स्मार्टफोन बरामद किए। लगातार प्रयासों और आधुनिक सर्विलांस तकनीकों के प्रभावी उपयोग से यह सफलता प्राप्त हुई। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी मोबाइल स्वामियों को बुलाकर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई तथा उनके मोबाइल फोन वापस सौंपे गए। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। मोबाइल धारकों ने महराजगंज पुलिस, सर्विलांस सेल और पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन महीनों में महराजगंज पुलिस द्वारा कुल 307 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 90 लाख रुपये है। यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी क्षमता, सक्रियता और जनहित के प्रति समर्पण को दर्शाती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने सर्विलांस सेल की टीम को बधाई देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित पुलिसिंग वर्तमान समय की आवश्यकता है और सीईआईआर पोर्टल जैसे प्लेटफॉर्म नागरिकों की संपत्ति को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## हृदयगति रुक जाने से पत्रकार के भाई का निधन, शोक

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के फारेस्ट रोड निवासी एवं सहारा प्रेस के कर्मचारी रहे राधेश्याम सिंह के भाई गिरीश सिंह का बीती रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है। वह लगभग 65 वर्ष के रहे। उनका अंतिम संस्कार करमैनी घाट पर कर्मकांड विधि से सम्पन्न हुआ है। उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार ,इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव, अधिवक्ता व राजनीतिज्ञ उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। इसी क्रम में केपी सिंह के माता जी के निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## शांति और सौहार्द से मनाएं त्योहार, नियम तोड़ने वालों पर प्रशासन सख्त

**पीस कमेटी की बैठक में डीएम व एसपी ने दिए निर्देश, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** मुहर्रम समेत आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग और तय समय के अनुसार ही निकाले जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूसों में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए। झंडे लगाने के लिए धातु या विद्युत चालक सामग्री का उपयोग न किया जाए तथा ताजियों की ऊंचाई भी निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। डीएम ने कहा कि किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए हुए है और अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुहर्रम के जुलूसों में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी।